CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 10 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –102 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु







आजादी में भाजपा ने क्या बलिदान दिया : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ बिल्किस बानो से राखी बंधवा लें मोदीजी
■ मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के ... — पृष्ठ 4

■ इमरान पांच साल नहीं लड़ सकेंगे चुनाव
■ जापान में तूफान खानून के कारण 350 उड़ानें रद्द — पृष्ठ 9

वनडे में मेरे आंकड़े खराब, इसे मानने में कोई शर्म नहीं : सूर्यकुमार — पृष्ठ 10


### अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में बोले राहुल गांधी

# मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई



■ कांग्रेस नेता ने अपने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों का भी किया जिक्र

■ कांग्रेस नेता ने मोदी को बताया अहंकारी

■ मोदी सिर्फ शाह व अडानी की सुनते हैं

**नई दिल्ली**, 9 अगस्त (देशबन्धु) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देशद्रोही करार दिया और कहा कि इस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर को विभाजित किया और वहां भारत मां की हत्या की है। श्री गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन पहले

> भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है। आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की हैः **राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता

वक्ता के रूप में अपने तीखे भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा की कहानी और अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा, भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है। आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की, इस तरह आपने वहां भारत माता की हत्या की है। उन्होंने सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों और सदस्यों की टोकाटोकी के बीच कहा, आप देशप्रेमी नहीं हो, आप देशद्रोही हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं हैं, भारत माता के हत्यारे हैं। मेरी एक मां यहां बैठी है, मेरी एक मां भारत माता है। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गांधी को मर्यादाओं का ध्यान दिलाते हुए कहा, आप वरिष्ठ सदस्य हैं ,आप सदन में उचित भाषा का उपयोग करें।

**मोदी अडानी के चित्र भी दिखाए**– श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा, 'रावण केवल दो लोगों मेघनाद और कुम्भकर्ण की सुनता था और श्री मोदी भी केवल दो व्यक्तियों अमित शाह और अडानी की सुनते हैं।' इस दौरान उन्होंने श्री मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अडानी के चित्र भी दिखाए। श्री गांधी ने कहा, लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, रावण के अहंकार ने जलाया। राम ने रावण ने नहीं मारा, रावण को उसके अहंकार ने मारा। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर से इशारा करते हुए कहा, आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### स्मृति ईरानी बोली, आप इंडिया नहीं हैं

राहुल के भाषण के जवाब में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बोलीं कि राहुल भारत माता की हत्या की बात करते हैं। कांग्रेस ताली बजाती है। ये इस बात का संकेत है कि मन में गद्दारी किसके है। स्मृति ईरानी ने कहा कि आप इंडिया नहीं हैं। पहली बार राष्ट्र के इतिहास में भारत मां की हत्या की बात की। मैं आज हिंदुस्तानी होने के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सबसे ज्यादा दंगे कांग्रेस के कार्यकाल में हुए : अमित शाह

अविश्वास प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में सबसे ज्यादा धार्मिक और नस्लीय दंगे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में हुए। उन्होंने राहुल गांधी पर मणिपुर में जाकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। अमित शाह ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### विश्व आदिवासी दिवस

# मुख्यमंत्री ने बस्तर और सरगुजा में आदिवासियों के उत्थान के लिए की कई अहम घोषणाएं



■ बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों में खोले जाएंगे बीएड और डीएड कॉलेज

■ जगदलपुर में 100 करोड़ की लागत से बनेगा इंडोर स्टेडियम

■ बस्तर के बादल की तर्ज पर सरगुजा में भी बनेगा जनजातीय सांस्कृतिक केन्द्र

**जगदलपुर/सरगुजा**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जगदलपुर और सरगुजा जिले के सीतापुर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा वासियों को 2848 कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन कर 1000 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर आदिवासियों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा के तहत बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों में बीएड और डीएड कॉलेज खोले जाएंगे। इसी तरह शासकीय महाविद्यालय तोकापाल एवं लोहंडीगुड़ा में 50-50 सीटर बालक-बालिका छात्रावास का निर्माण, उद्यमी विकास संस्थान गीदम रोड एवं जगदलपुर में आदिवासियों के संस्कृति के प्रतीक बुढ़ादेव गुडी निर्माण एवं मूर्ति स्थापना, भीमराव अम्बेडकर पूर्व माध्यमिक शाला बलिराम कश्यप वार्ड जगदलपुर का हाई स्कूल में उन्नयन, ग्राम बोदली से कहचेनार तक 10 कि.मी. नवीन डामर सड़क निर्माण, मुण्डागढ़ से लूलेर दलदली मलकानगिरी (ओडिसा) मार्ग लम्बाई 11 कि.मी मार्ग निर्माण, जगदलपुर में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य की घोषणा की गई।

इसके अलावा धरमपुरा, जगदलपुर में पुलिस थाना भवन निर्माण की स्वीकृति, आदिवासी समाज के रोजगार संवर्धन हेतु शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल में स्थित 07 दुकानों को आदिवासी समाजों को आबंटित किया जाएगा। मडरीमहु- उरुकपाल-कुमाकोलेंग लम्बाई 14.50 कि.मी. मार्ग निर्माण, मडरीमहु से उसकपाल तक लम्बाई 5 कि.मी. सड़क निर्माण, अलेवाही से ककनार तक पक्की सड़क निर्माण लम्बाई 30 कि.मी. सड़क निर्माण, बालक आश्रम बुरगुम वि.ख. बास्तानार हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति, बालक आश्रम बोदली वि.ख. लोहण्डीगुडा हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की गई। इसी तरह जिला न्यायालय जगदलपुर चौक जगदलपुर का नामकरण ''भूमकाल चौक'' के नाम पर किया जाना, जिला-बस्तर के धरमपुरा में ''धरमु माहरा'' के नाम से प्रवेश द्वार निर्माण की स्वीकृति, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### बुद्धदेव भट्टाचार्य को अस्पताल से मिली छुट्टी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बुद्धदेव को 29 जुलाई को श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पत्नी के साथ अस्पताल से दक्षिण कोलकाता स्थित अपने घर गए। श्री भट्टाचार्य को 11 दिनों के इलाज के बाद छुट्टी मिली। वह 29 जुलाई से सांस लेने में दिक्कत के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। डॉक्टरों की एक टीम घर पर उनकी देखरेख करेगी।

### विश्वकप में भारत-पाक मुकाबले की तारीख बदली

**दुबई।** आईसीसी ने वनडे विश्व कप 2023 का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। 27 जून को आईसीसी ने शेड्यूल जारी किया था। जिसमें अब कुछ सुधार किया गया है। यह टूर्नामेंट पांच अक्तूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जाएगा, लेकिन कुछ मैचों की तारीख बदल गई हैं। भारत का पहला मैच आठ अक्तूबर को चेन्नई के मैदान में ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला अब 15 अक्तूबर को नहीं बल्कि 14 अक्तूबर को खेला जाएगा।

### गोपाल कांडा के आवास पर ईडी ने मारा छापा

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीमों ने हरियाणा के सिरसा से विधायक गोपाल कांडा के यहां सिविल लाईंस स्थित आवास पर आज सुबह छापा मारा। ईडी की टीमें सुबह छह बजे कांडा के सिविल लाइंस स्थित आवास पर पहुंच गई थी। श्री कांडा, पूर्ववर्ती इंडियन नेशनल लोकदल सरकार में गृहमंत्री थे और वह एक छोटा सा व्यवसाय अपने गांव के पास करते थे, लेकिन देखते ही देखते वह एक बड़े व्यापारी तथा होटल और एमडीएलआर एयरलाईंस के मालिक बन गए।

### कैग ने किया खुलासा | एक ही मोबाइल से लाखों लोगों का किया पंजीकरण

# आयुष्मान भारत योजना में हुआ बड़ा गड़बड़झाला

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत में बड़ा घपला-घोटाला सामने आया है। इसका खुलासा कैग (कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल) की रिपोर्ट में हुआ है। पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली इस योजना के तहत न केवल एक ही मोबाइल से लाखों लोगों का पंजीकरण किया गया है, बल्कि तमाम मृतक लोगों का भी इलाज कर राशि उठा ली गई है। कैग ने लोकसभा में अपनी रिपोर्ट में चौकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पैसा गमन करने के लिए मर चुके लोगों का इलाज भी रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यही नहीं तकरीबन साढ़े सात लाख लाभार्थियों का पंजीकरण एक ही मोबाइल नम्बर(9999999999) से किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिस मोबाइल नम्बर से साढ़े सात लोगों का ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**मर चुके लोगों का इलाज दिखाया**

**पांच राज्यों में सर्वाधिक गड़बड़ी**

रिपोर्ट में बताया गया है कि सर्वाधिक गड़बड़ियों वाले राज्यों में छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश पांच प्रमुख राज्य शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री और अमित शाह जितना भी दौरा कर लें, कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा : सैलजा



■ हमें अपने काम और नेतृत्व पर है विश्वास

**रायपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जितना भी दौरा करें, उससे कांग्रेस को कोई असर नहीं पड़ेगा। पिछले 5 साल में हमारी सरकार ने पूरे छत्तीसगढ़ का विकास किया है, हर समुदाय का विकास किया है। हमें अपने काम पर विश्वास है, हमें अपने नेतृत्व पर विश्वास है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा बुधवार सुबह रायपुर पहुंची। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री को हर राज्य को अपना राज्य समझना चाहिए, चाहे वहां किसी भी पार्टी की सरकार हो। प्रधानमंत्री कॉपरेटिव फेडरेलिज्म की बात करते थे, उसे कहीं पीछे ढकेल दिया गया है। चुनाव आ रहा है, तो बार-बार ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**नई दिल्ली**, 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारत का चंद्रयान-3 मिशन बुधवार को चांद के और करीब पहुंच गया। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 स्पेसक्राफ्ट ने चांद की कक्षा बदलने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया।

अब चंद्रयान-3 चांद के और करीबी कक्षा में पहुंच गया है। 14 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा छोड़ 5 अगस्त को सफलतापूर्वक चांद की कक्षा में पहुंच गया था। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान-3 अब चांद की सतह के और करीब है। चंद्रयान-3 के ऑर्बिट कम करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसकी दूरी 174 किमी 1437 किमी रह गई है। इसरो ने कहा कि अब यान का चांद की कक्षा बदलने से जुड़ा ऑपरेशन 14 अगस्त को दिन में 11.30 से 12.30 के बीच होगा। जैसे-जैसे मिशन आगे बढ़ रहा है चंद्रयान-3 को चांद की कक्षा में और नीचे उतारने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि इसे चांद के ध्रुव पर पहुंचाया जा सके।

**कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी**

## कई राज्यों में भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। देश के राज्य उत्तराखंड, बिहार, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान छिटपुट से भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम रिपोर्ट के अनुसार अगले एक सप्ताह के दौरान देश के बाकी हिस्सों में भी बारिश होने का अनुमान है। उत्तर-पूर्वी बिहार और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में चक्रवात की स्थिति बानी हुई है।

## जम्मू-कश्मीर में 5 साल में हुए 761 आतंकी हमले

**नई दिल्ली**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ। इसलिए, आतंकी हमलों में हताहतों का सवाल ही नहीं उठता। 2018 और 2022 के बीच पिछले पांच वर्षों में पूर्ववर्ती राज्य में 761 आतंकी हमलों में जम्मू-कश्मीर में कुल 174 नागरिक मारे गए। साथ ही इस दौरान 626 मुठभेड़ों में केंद्र शासित प्रदेश में 35 नागरिक मारे गए। इसी अवधि के दौरान मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या 308 रही और सुरक्षा बलों ने 1002 आतंकवादियों को मार गिराया।

## विस चुनाव : बसपा ने जारी की प्रत्याशियों की लिस्ट

**रायपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में होने विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 9 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। राज्य में सबसे पहले अपने प्रत्याशियों का ऐलान करने वाली बसपा की पहली लिस्ट है। 9 विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया है। दो सीटों पर बसपा ने पिछली बार जीत दर्ज की थी। दोनों विधायकों जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा और पामगढ़ विधायक इंदु बंजारे को फिर से टिकट दिया गया है। पहले चरण की सूची में बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पोयाम ने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसमें बिलासपुर, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बलरामपुर जिले के 9 प्रत्याशियों के नाम है। मस्तूरी विधानसभा स्ट सीट के लिए दाऊराम रत्नाकर को प्रत्याशी बनाया गया है। नवागढ़ एससी सीट पर ओमप्रकाश वाजपेई, जांजगीर चांपा जनरल सीट पर राधेश्याम सूर्यवंशी, जैजेपुर जनरल सीट पर केशव प्रसाद चंद्रा, पामगढ़ एससी सीट पर इंदु बंजारे, अकलतरा जनरल सीट पर डॉ। विनोद ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



केशव चंद्रा और इंदु बंजारे को फिर से टिकट



# नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराया जाए

## विडियो कार्न्फ्रेसिंग बैठक में सालसा के कार्यपालक अध्यक्ष ने जिला न्यायाधीशों को दिये निर्देश




**बिलासपुर**,9 अगस्त (देशबन्धु)। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, सालसा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के दिशा-निर्देश अनुसार दिनांक 09 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित कर उनका निराकरण सुनिश्चित करने, विशेष रूप से पुराने एवं लम्बे समय से लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को विशेष प्रयास कर निराकृत करने तथा पिछली लोक अदालत में निराकृत हुए प्रकरणों की तुलना में आगामी लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जावे, उक्त निर्देश छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, सचिव, फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश, सीजेएम, लेबर कोर्ट जज, स्थायी लोक अदालत के न्यायाधीश को उच्च न्यायालय से विडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये आयोजित बैठक में दिये।

सालसा के माननीय कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित उक्त विडियो कान्फ्रेंसिग बैठक में समस्त जिलों के उपरोक्त न्यायिक अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्हें आगामी नेशनल लोक अदालत का मुनादी कराने, पैरालीगल वॉलिंटियर्स की सेवाएं लिये जाने, मोबाईल वैन, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी इत्यादि के माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बैंक, बीमा एवं अन्य वित्तीय संस्थानों की बैठक लिये जाने तथा भूमि-अधिग्रहण एवं राजस्व से संबंधित मामलों का भी ज्यादा से ज्यादा निराकरण किये जाने के निर्देश के साथ ही स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन को अपने न्यायालय में लंबित जनोपयोगी मामलों एवं मोहल्ला लोक अदालत के माध्यम से स्थल पर ही मामलों का त्वरित निराकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, इसी प्रकार फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीशों को भी अधिक से अधिक वैवाहिक मामलों को चिन्हांकित कर लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2023 हेतु निर्धारित कैलेण्डर एवं दिये गये दिशा-निर्देश अनुसार सभी स्तरों के न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन के राजीनामा योग्य मामलों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जाने हेतु निर्देशित किये गये हैं, जिसमें वर्ष 2023 में प्रथम नेशनल लोक अदालत दिनांक 11-2-2023 को आयोजित की गई थी, जिसमें 39,062 लंबित मामलों तथा 2,72,545 प्री-लिटिगेशन के मामले तथा दिनांक 13-5-2023 को आयोजित द्वितीय नेशनल लोक अदालत में 39,123 लंबित एवं 3,55,450 प्री-लिटिगेशन के मामले निराकृत किये गये थे।

कार्यपालक अध्यक्ष महोदय द्वारा पिछली लोक अदालत की भांति अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नालसा के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन कोर्ट की परिभाषा में आने वाले सभी न्यायालयों यथा उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, फैमिली कोर्ट, फोरम, ट्रिब्यूनल के साथ साथ राजस्व न्यायालयों में भी आयोजित किये जाते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर दिव्यांग मितानों के मानदेय में वृद्धि की हो सकती है घोषणा

## दिव्यांग मितानों को मुख्यमंत्री से उम्मीद

**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। मानदेय वृद्धि के इंतजार में बैठे दिव्यांग मितानों की उम्मीद अभी बाकी है। दिव्यांग मितानो को उम्मीद है कि स्वतंत्रता दिवस के दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिव्यांग मितानों के मानदेय वृद्धि की घोषणा कर सकते हैं।

दरअसल समाज एवं कल्याण विभाग मैं बरसों से काम कर रहे छत्तीसगढ़ के दिव्यांग मितानों का नियुक्ति के बाद एक बार भी मानदेय नहीं बढ़ा है जबकि अन्य सभी मानदेय पाने वाले कर्मचारियों को मानदेय में लगातार वृद्धि हुई है ऐसे में स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़ के दिव्यांग मितानों मैं निराशा का वातावरण है।बहुउद्देशीय पुनर्वास कार्यकर्ताएवं दिव्यांग मितान संघ मैं रायपुर जा कर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत एवं अनिला भेड़िया समाज कल्याण मंत्री को वेतन वृद्धि के संबंध में ध्यान आकर्षित कराया एवं ज्ञापन सौंपा गया महंत जी ने मुख्यमंत्री को अपनी अनुशंसा लिखकर वेतन वृद्धि हेतु आग्रह किया गया है विभागीय मंत्री ने बताया कि मानदेय वृद्धि के संबंध में वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है जिस पर मुख्यमंत्री जी निर्णय लेंगे यह कहकर मंत्री जी ने संघ को आश्वस्त किया है संघ के पदाधिकारी ने राज्य के मुख्य सचिव एवं वित्त सचिव को भी मानदेय वृद्धि हेतु ज्ञापन सौंपा गया वर्तमान सरकार ने सभी का वेतनमान एवं मानदेय में वृद्धि किया है लेकिन समाज कल्याण में कार्यरत बहुत देसी पुनर्वास सहायक एवं दिव्यांग मित्रानो 20 वर्षों से काम कर रहे हैं उनका मजदूरी दर से भी कम मानदेय दिया जा रहा है जिस पर नाराज संघ ने अपनी मांगों के संबंध में रायपुर जाकर पुन: संपर्क किया गया एवं विगत दिनों विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री जी से भी निवेदन किया गया है कि 15 अगस्त को हमारा भी मानदेय वृद्धि की घोषणा की जाए। विभिन्न छत्तीसगढ़ राज्य के पदाधिकारी शामिल हुए खिलावन भट्ट मुंगेली कोमल सोनी गौरेला पेंड्रा मरवाही विष्णु गुप्ता बिलासपुर पार्वती जयसवाल मनगढ़ उदय चंद यादव कोरिया संगीता राजपूत राजनांदगांव दिव्यांग मितान इरावन दास बाला दास खेमचंद हेमलाल भट्ट आदि उपस्थित रहे।




# जीपीएम में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**गोरेला पेंड्रा मरवाही** 9 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस पर सर्व आदिवासी समाज ने 20 किलोमीटर लंबी रैली निकालकर आदिवासी एकता का परिचय दिया साथ ही विश्व आदिवासी दिवस पर छुट्टी घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

विश्व आदिवासी दिवस पर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में सर्व आदिवासी समाज ने विशाल रैली का आयोजन किया जिसमें सभी आदिवासी वर्ग के अलग-अलग समाज के लोगों ने भाग लिया ,पेंड्रा के इंदिरा उद्यान से रैली का रूप लेकर आदिवासी समाज रानी दुर्गावती चौक पहुंचे, जहां रानी दुर्गावती की भव्य प्रतिमा का माल्यार्पण कर आदिवासी समाज ने नारेबाजी की इसके बाद पेंड्रा रोड होते हुए रैली ग्राम मेढुका पहुंची जहां विशाल आमसभा के रूप में परिवर्तित हो गई सर्व आदिवासी समाज में गोंड़, भैना, कंवर, बैगा, भारिया जैसे समस्त आदिवासी समाज ने शिरकत की , आम सभा को मरवाही विधायक के के ध्रुव सहित सर्व आदिवासी समाज एवं पूर्व विधायक पहलवान सिंह मरावी सहित कई अन्य सामाजिक प्रतिंधियो ने संबोधित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मणिपुर में भारत माता की...

आप पूरे देश में आग लगाना चाहते हो।' मंगलवार को शुरू हुई चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर को दो भागों में विभाजित कर दिया गया है। वहां बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसा की भीवत्स घटनायें हुई हैं। वहां एक दिन में शांति लायी जा सकती है, सेना को तैनात कर दिया जाए तो स्थिति सामान्य करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, लेकिन आप सेना को तैनात नहीं करते। श्री गांधी मणिपुर के अपने दौरे के अनुभव सुनाते हुए प्रधानमंत्री की आलोचना की कि वह वहां एक बार भी नहीं गए।

### भाजपा के साथी डरें नहीं, अडानी पर नहीं बोलूंगा

राहुल ने कहा कि आज जो मेरे भाजपा के मित्र हैं। आज आपको डरने की जरूरत नहीं है। अडानी जी पर नहीं बोलने जा रहा हूं। आप शांत रह सकते हैं। मेरा भाषण आज दूसरी डायरेक्शन में जा रहा है। रूमी ने कहा था कि जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं। आज मैं दिमाग से नहीं बोलना चाहता, आज मैं दिल से बोलूंगा। मैं आज आप लोगों पर इतना आक्रमण नहीं करूंगा। एक-दो गोले जरूर मारूंगा। आप रिलैक्स कर सकते हैं।

### स्मृति ईरानी बोली...

नाते कहती हूं, मणिपुर खंडित-विभाजित नहीं है, मेरे देश का अंग है। राहुल गांधी को लेकर एक नया विवाद भी हो गया। स्मृति ने राहुल गांधी पर महिला सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। भाजपा ने इसकी शिकायत स्पीकर से की है।

### सबसे ज्यादा दंगे कांग्रेस के ...

ने मणिपुर में नस्लीय हिंसा के इतिहास का जिक्र करते हुए यह आरोप लगाया कि 1993 और 1997 में मणिपुर में इससे भी भयानक हिंसा हुई थी। लेकिन, उस समय एक बार सदन में इस पर चर्चा भी नहीं हुई और एक बार चर्चा हुई तो जवाब गृह राज्य मंत्री की तरफ से दिया गया। लेकिन, आज विपक्ष प्रधानमंत्री के जवाब की मांग कर सदन को कई दिनों से चलने नहीं दे रहा है। अमित शाह ने मणिपुर के वीडियो को समाज के नाम पर एक धब्बा बताते हुए कहा कि कोई भी इसका समर्थन नहीं कर सकता, वह खुद भी इससे दुखी हैं, लेकिन यह सवाल जरूर उठता है कि 4 मई की घटना का वीडियो अगर पहले से किसी के पास था तो उसने राज्य के डीजीपी को क्यों नहीं दिया।

### मुख्यमंत्री ने बस्तर और सरगुजा में...

अवरतीह नदी में उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण, हाई स्कूल नेतानार का हायर सेकण्डरी स्कूल में उन्नयन, शासकीय कन्या हाई स्कूल बड़े किलेपाल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन, मक्का प्रोसेसिंग इकाई कोकोड़ी जिला कोंडागांव का नामकरण ''माँ दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग ईकाई कोकोड़ी जिला-कोंडागांव'' किया जाना, शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय कोंडागांव का नामकरण ''प्रमिला देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय कोंडागांव'' किया जाना, शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर का नामकरण घरमन देव कंडरा शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर किया जाना शामिल हैं।

### सरगुजा में भी मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणाएं -

मुख्यमंत्री बघेल ने सरगुजा जिले के सीतापुर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप बस्तर जिले के आसना स्थित बादल संस्थान की तर्ज पर सरगुजा में भी जनजातीय सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसी तरह अम्बिकापुर में शासकीय बीएड कॉलेज की स्थापना, सरगुजा जिले में सभी 20 सीटर प्रीमैट्रिक आदिवासी छात्रावासों को 50 सीटर करने, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सीतापुर का नाम शहीद कृष्णनाथ किंडो के नाम पर रखने, सीतापुर में आदिवासी पोस्ट मैट्रिक 200 सीटर छात्रावास, खेल और कोचिंग स्पोर्ट्स एकेडमी स्थापित करने की घोषणा की।इसके साथ ही सर्व आदिवासी भवन हेतु 25 लाख रूपए दिए जाने, ढेलसरा से धरमपुर मार्ग में मांड नदी पर 4.75 करोड़ की लागत से 125 मीटर पुलिया निर्माण, सर्व आदिवासी समाज एवं अन्य समाजों के लिए भूमि आबंटन, ढोढागांव-शिवनाथपुर मार्ग में मैनी नदी पर 10 करोड़ रूपए की लागत से 250 मीटर पुल निर्माण की घोषणा की।

### आयुष्मान भारत योजना में ...

पंजीकरण किया गया है,उस नम्बर का कोई सिम कार्ड ही नहीं है। इसके अलावा एक लाख उनतालीस हजार तीन सौ लोगों का पंजीकरण एक दूसरे नम्बर(8888888888) से किया गया है, जबकि छानबे हजार छियालीस लोगों का पंजीकरण मोबाइल नम्बर(9000000000) से किया गया है। इसके अलावा ऐसे ही करीब बीस नम्बर और भी सामने आए हैं,जिनसे दस हजार से लेकर पचास हजार लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस योजना के तहत इलाज करा रहे कई रोगियों को पहले मरा हुआ दिखाया गया था। इसमें 3446 मरीजों को 6.97 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

### प्रधानमंत्री और अमित शाह...

प्रधानमंत्री यहां आ रहे हैं। केंद्र सरकार से जो भेदभाव होता रहा है, यहां की जनता समझ गई है। विश्व आदिवासी दिवस की उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा जनसंख्या आदिवासियों की है। वहीं इस अवसर पर होने वाले आयोजन की आलोचन पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की आदत है। जो भी अच्छा कार्य होता है, उसे हमेशा नीचे दिखाने का काम करते हैं। हमारे आदिवासियों की संस्कृति को नीचा दिखाने का प्रयास बीजेपी ना करें तो अच्छा होगा। भाजपा अपने आप को मानसिक रूप से इसमें शामिल करें।

वहीं सर्व आदिवासी समाज के आज होने वाले प्रदर्शन पर प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासियों को सम्मान दिया है। हर एक जाति को, समुदाय को मान-सम्मान दिया है। आजादी से पहले और बाद में कांग्रेस पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमारे आजादी की लड़ाई में भी हिस्सा लिया। मान-सम्मान बढ़ता रहे हम यही चाहेंगे।

### विस चुनाव : बसपा ने जारी की...

शर्मा, बिलाईगढ़ एससी सीट पर श्याम टंडन, बेलतरा जनरल सीट पर रामकुमार सूर्यवंशी और सामरी एसटी सीट पर आनंद तिग्गा का नाम है।

# सभी वर्गों के हितों पर आधारित होगा भाजपा का घोषणा पत्र-अमर

**बिलासपुर**,9 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत घोषणा पत्र का मसौदा तैयार करने के लिए भा ज पा प्रादेशिक घोषणा पत्र समिति द्वारा प्रदेश के विभिन्न इलाकों में जन समूहों और विभिन्न समुदाय के लोगों से संपर्क सुझाव अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में महासमुंद जिले में सरायपाली बसना पहुंचे भाजपा घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा लोक हितों की संरक्षा, सभी वर्गों का समावेशी विकास और समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए समुदाय की सहभागिता पर आधारित घोषणा पत्र तैयार करने की कवायद की जा रही है। सरायपाली में इलाके के कार्यकर्ताओं से बैठक दौरान पूर्वमंत्री अमर अग्रवाल ने बताया कि आम जनता के हितों से कांग्रेस को कोई सरोकार नहीं है,पांच वर्षों में जनता को कांग्रेस की सरकार ने त्रस्त कर दिया है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री की ढाई घर की चाल में पूरे प्रदेश में विकासात्मक गतिविधिया पिछले पांच वर्षों में ठप्प पड़ी रही। 2018 में जनघोषणा पत्र में कांग्रेस के लोग हवाई किले बांधकर जनता का भरोसा खो दिया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को बदलने की बयार चल रही है। भाजपा की पूरी टीम जनता के हितों के अनुकूल विषयो सुझाव एवं चर्चा के लिए जनमानस के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंच रही है। अमर अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख बढ़ी है, वन नेशन वन राशन कार्ड से दुनिया की दूसरी बड़ी आबादी वाले देश खाद्य सुरक्षा,अमृत मिशन, स्वच्छता की संस्कृति, गरीबों के लिए आवास, स्वास्थ्य एवं अवसरचंना विकास आदि सैकड़ो कार्य मिशन मोड में आरंभ कराए फलत युद्ध महामारी,वैश्विक महंगाई के बावजूद हमारा देश दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सका। उन्होंने कहा कि पी एम मोदी ने भाजपा को आम भारतीय का प्रतिनिधित्व करने वाला राजनीतिक संगठन का स्वरूप दिया है। हम सभी का दायित्व है कि सबका साथ सबका विकास सबका विकास के मूल मंत्र को हम अंतिम व्यक्ति तक ले कर जाए। उन्होंने बताया भाजपा का घोषणा पत्र हर वर्ग के उत्थान के विषय को ध्यान में रखकर समुदाय के विभिन्न वर्गों की भागीदारी से तैयार किया जा रहा है। आज महासमुंद भाजपा संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ सरायपाली - बसना क्षेत्र में जनमानस के विभिन्न वर्गों से घोषणा पत्र को सुझाव अभियान में प्रमुख सामाजिक संगठन, वकील, डॉक्टर, शिक्षक, प्रोफेसर, पटवारी,लोक कलाकार, व्यवसायी, फुटकर व्यवसायी,खेल संघ व समस्त खिलाडियों से, एनजीओ रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, कोटवार, पेंशनर संघ, विद्यार्थी संघ, निराश्रित पेंशनर संघ, रामायण भजन मंडली के प्रमुखों से, आंगनबाड़ी, मितानिन रसोइया महिला स्व सहायता समूह, ऑटो रिक्शा चालक, हमाली मजदूर सहित आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए कल्याणकारी प्रशासन के लिए सुझावों को जाना।



NECC

| 10.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.20 | 55 | 150 |
| चिल्हर | 5.00 | 70 | 175 |

डिलीवरी 4.35 सैकड़ा
दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER RESOURCES DIVISTION No. 1
AMBIKAPUR, DISTT.SURGUJA
e-Procurement Tender Notice
eprocurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
Corrigendum No.2
Following Amendment is made in
(1) System tender No. 140245 NIT No. 04/SAC/ 2023-24, Ambikapur, Dtd 04.07.2023 Gr. No.1,
(2) System tender No. 140247 NIT No. 04/SAC/ 2023-24, Ambikapur, Dtd 04.07.2023 Gr. No.2,
(3) System tender No. 140249 NIT No. 04/SAC/ 2023-24, Ambikapur, Dtd 04.07.2023 Gr. No.3,
(4) System tender No. 140251 NIT No. 04/SAC/ 2023-24, Ambikapur, Dtd 04.07.2023 Gr. No.4,
Amendments
Bid Due date & Time : 16.08.2023, 17:30 Hours
Bid Open Start Date & Time : 17.08.2023, 11:30 Hours
Note :- All other terms and conditions will remain be unchanged.
G.No. 03074 dt. 06.07.2023
Executive Engineer
Water Resources Divistion No.1
Ambikapur
For - Chief Engineer
Hasdeo Ganga Basin, W.R.Deptt.
Ambikapur (C.G.)
G - 04109/3

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)
ईश्तहार
विवाह प्रकरण क्रमांक 129/
दिनांक 10.07.2023
ग्राम - केरीबंधा, तहसील-सक्ती
आवेदक विजय कुमार यादव, पिता श्री टेकराम यादव, उम्र 22 वर्ष जाति यादव, निवासी ग्राम नवापारा थाना व तहसील खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) एवं आवेदिका देव बाई, पिता श्री गजराज, उम्र 24 वर्ष जाति गोड़, निवासी ग्राम केरीबंधा, थाना व तहसील सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन
आम जनता ग्राम केरीबंधा थाना व तहसील सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार यादव, पिता श्री टेकराम यादव, उम्र 22 वर्ष जाति यादव, निवासी ग्राम नवापारा थाना व तहसील खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) एवं आवेदिका देव बाई, पिता श्री गजराज, उम्र 24 वर्ष जाति गोड़, निवासी ग्राम केरीबंधा, थाना व तहसील सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 11.08.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12.07.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सील
विवाह अधिकारी
जिला-सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली, (छ.ग.) 495334
Email-dhmungeli@gmail.com
क्र./ अस्प.प्रशा./ सिविल सर्जन / 2023 / 2342 मुंगेली, दिनांक 04/8/2023
// प्रथम निविदा विज्ञापन प्रकाशनार्थ //
100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल मुंगेली छ.ग. के साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित किये जाने हेतु 01 वर्षीय अनुबंध के आधार पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं, नियम एवं शर्तें प्राप्त करने के लिए कार्यालय-सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग. में कार्यालयीन समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5.00 बजे पर देखे जा सकते हैं, निविदा शुल्क रूपये 1500/- जमा कर निविदा आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.09.2023 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.09.2023 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
आवेदन खोलने की तिथि - 20.09.2023 समय अपरान्ह 4.00 बजे।
जी- 04104/1
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला-चिकित्सालय मुंगेली (छ.ग.)

# जनसंपर्क में आम आदमी पार्टी की डॉ उज्वला ने झोकी ताकत



**बिलासपुर**,9 अगस्त ( देशबन्धु) । विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही जहां बीजेपी कांग्रेस में जनसंपर्क आधार शुरू हो गया है वही प्रदेश में तीसरी पार्टी के रूप में उभरने वाली आम आदमी पार्टी भी ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।आम आदमी पार्टी विगत एक माह से डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसमें पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ उज्वला कराडे ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है डॉ उज्वला महीने भर में शहर के अधिकाश वार्डों में जनसंपर्क कर चुकी हैं दावा है कि पार्टी बिलासपुर के 95 प्रतिशत इलाके में अपना जनसमपर्क आभियान पूरा कर चुकी है इसके बाद दूसरे चरण की भी तैयारी पार्टी करेगी इधर बाकी बचे वार्डों में भी डॉ.उज्जवला जनसंपर्क कर रहीं है। इसी तारतम्य में बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. उज्वला के नेतृत्व में शहर के वार्ड क्रमांक वार्ड 25 क्रांति कुमार भारती नगर वार्ड में जनसंपर्क किया इस दौरान डॉक्टर उज्वला कराडे सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने वार्ड वासियों को दिल्ली की केजरीवाल सरकार की उपलब्धियां गिनाई और पंजाब सरकार की तरह अच्छी सरकार चलाने एक मौका आम आदमी पार्टी को देने की अपील की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
शिफ्टिंग कार्य हेतु
निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्याः टीआरडी-आर-2023-E11, दिनांक: 07.08.2023.
कार्य का नाम: "रायपुर मंडल पर मेन लाइन में बिलासपुर - दूर्ग सेक्शन के मध्य स्टॉप (Stop) सिगनल से इंसुलेटड ओवरलैप को शिफ्ट (Shifting) करना"। निविदा मूल्य: ₹ 1,20,89,818.12. बयाना राशि: ₹ 2,10, 500/-.
निविदा जमा करने की तिथि: 05.09.2023 को 12.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि: 05.09.2023 को 12:30 बजे।
निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।
वरि.मंडल विद्युत अभियंता(टीआरडी)/
पीआर/आर/टीआरडी/आईपी/104 रायपुर
South East Central Railway @secrail

MUNICIPAL COUNCIL, SARANGARH
E-Procurement Tender Notice (1st Call)
SYSTEM TENDER NO. 1881 NIT NO. SARANGARH, Dated 07.08.2023
Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 28.08.2023 at 17.30 Hours.
WORK DETAILS

| System Tender No. | Description of works | Probable Amount of Contract (in Lakhs) | EMD Cost of Tender Form / TDR / FDR |
|---|---|---|---|
| 143923 | Construction of Mahatma Gandhi Urban Industrial Park (UIPA) at Nagar Palika Parishad Sarangarh | 126.45 | 100000.00 |
| 143924 | Pole Extension at Garh Chowk to Junadih In Ward No. 10 at Nagarpalika Prishad Sarangarh | 36.24 | 36000.00 |
| 143925 | Pole Extension and LED Light Installation Work Ward No.02 Khelbhatha Nearby & Ward No. 12 Subhash Chowk, Nehru Chowk & Indira Chowk. | 39.00 | 30000.00 |
| 143927 | Construction of Community Hall in Ranisagar Ward No. 01 Nagar Palika Parishad Sarangrah | 25.00 | 20000.00 |
| 143930 | Construction of Community Hall in (Ranisagar Khairaha) Ward No. 10 Nagar Palika Parishad Sarangrah | 24.05 | 20000.00 |

More details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 07.08.2023 at 17.30 Hours (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.
CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SARANGARH
Sarangarh Date 07.08.2023

ZUARI FARMHUB LTD.
Regd. Office: Jai Kisaan Bhawan, Zuarinagar, Goa - 403726, INDIA
उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और बिक्री के लिए सूचना
FarmHUB
हमें आप सभी को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर 2015 को जारी किए गए आदेश संख्या 2900 (ई) के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए एवं उसमें हुए संशोधन के पश्चात, जुआरी फार्महब लिमिटेड (जेडएफएल) छत्तीसगढ़ में नीचे दिए गए उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और उसकी बिक्री प्रारंभ करेगा।

| | Grades | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Specification / Composition | NPKS with Micronutrients 15:10:15:05 | NPKS with Micronutrients 12:08:24:03 | NPKS with Micronutrients 05:05:44:7.0 | NPKS with Micronutrients 00:20:40:8.0 | NPK with Micronutrients 05:25:35 | NPK 15:10:15 | NPK 12:08:24 | NPK 05:05:44 | NPK 00:20:40 | NPK 05:25:35 | NPK 15:15:15 | NPK 05:25:15 | NPK 06:12:36 | NPK 28:28:0 | NPK 14:14:14 |
| 1 | Moisture per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen per cent by weight, minimum | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 5.0 | 6.0 | 28.0 | 14.0 |
| 3 | Water soluble Phosphorous(as P2O5) per cent by weight, minimum | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 15.0 | 25.0 | 12.0 | 28.0 | 14.0 |
| 4 | Water soluble Potassium(as K2O) per cent by weight, minimum | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 15.0 | 36.0 | - | 14.0 |
| 5 | Sodium(as Nacl) per cent by weight on dry basis, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 6 | Matter insoluble in water per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 7 | Sulphur (as S) per cent by weight, minimum | 5.0 | 3.0 | 7.0 | 8.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Magnesium(as MgO) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | Zinc (as Zn) per cent by weight, minimum | 1.0 | 1.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | Iron (as Fe) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | Boron(as B) per cent by weight, minimum | 0.5 | 0.5 | 0.1 | 0.1 | 0.1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | Molybdenum (as Mo) per cent by weight, minimum | - | 0.001 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 13 | Total chloride(as Cl) per cent by weight on dry basis, max | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 14 | Lead(as Pb) per cent by weight, maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 15 | Cadmium(as Cd) per cent by weight, maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 16 | Arsenic(as As) per cent by weight, maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

# देश

उवाच

बिहार के नीतीश कुमार ने शराबबंदी के नाम पर राज्य में शराब की दुकानें तो बंद कर दी, लेकिन शराब कि होम डिलेवरी जारी है। हर साल बिहार को शराबबंदी के कारण प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।

–प्रशांत किशोर,जन सुराज के संस्थापक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 28.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 28.0 |

# आजादी में भाजपा ने क्या बलिदान दिया : कांग्रेस

## मोदी के भारत छोड़ो नारे पर विपक्ष ने भाजपा व आरएसएस पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत छोड़ो' नारे को लेकर बुधवार को भाजपा नेताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन की बरसी पर संसद परिसर में गांधी जी प्रतिमा के सामने भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टीकरण भारत छोड़ो' का नारा दिया। जिसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा और आरएसएस पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भाजपा ने क्या बलिदान दिया है। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस महासचिव के.सी.वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा और भारत छोड़ो के बीच क्या संबंध है? भाजपा ने आजादी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भागीदारी नहीं दी। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए राज्यसभा सांसद वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा पूरी तरह से स्वतंत्रता आंदोलन के खिलाफ है। इस बात का क्या मतलब है कि वे भारत छोड़ो दिवस पर कुछ कह रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है, हम प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में संसद में बहस की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री संसद में भी नहीं आ रहे हैं। वह मणिपुर के बारे में भी कोई बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत छोड़ो आंदोलन अब हमें इसी सरकार की याद दिलाता है। इस बीच, कांग्रेस के लोकसभा सांसद शशि थरूर ने भी ट्विटर पर कहा, संसद में गांधीजी की प्रतिमा के पास भाजपा सदस्यों को भारत छोड़ो थीम के साथ नारे लगाते देखना विडंबनापूर्ण है। 81 साल पहले उनके पूर्वज कहां थे।

**मणिपुर के बारे में कोई बात नहीं कर रहे हैं मोदी**



भाजपा पूरी तरह से स्वतंत्रता आंदोलन के खिलाफ है इस बात का क्या मतलब है कि वे भारत छोड़ो दिवस पर कुछ कह रहे हैं : के.सी.वेणुगोपाल

### आरएसएस ने कभी भी भारत छोड़ो आंदोलन में भाग नहीं लिया

कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनिकम टैगोर ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि आरएसएस ने कभी भी भारत छोड़ो आंदोलन में भाग नहीं लिया। पूर्व आरएसएस के लोगों को अपने कृत्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। पूर्व प्रचारक के रूप में नरेंद्र मोदीजी को भारत छोड़ो पर ज्ञान देने से पहले माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं की यह टिप्पणी तब आई है जब भाजपा ने बुधवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर ताजा हमला किया और इसे अहंकारी कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए लिखा, भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले महान लोगों को श्रद्धांजलि। गांधी जी के नेतृत्व में, इस आंदोलन ने भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाई। आज, भारत एक स्वर में कह रहा है, भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो और तुष्टीकरण भारत छोड़ो। लोकसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमें इस राष्ट्र का हिस्सा होने पर गर्व है। इस राष्ट्र की जिम्मेदारी न केवल हिंदुओं के प्रति है, बल्कि भारत में रहने वाले हर व्यक्ति के प्रति है। प्रधानमंत्री केवल एक रंग का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, वह भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। कितने कश्मीरी पंडित हैं आप इन पिछले 10 वर्षों में वापस लाए? यह मत कहो कि हम भारत का हिस्सा नहीं हैं, हम पाकिस्तानी हैं, गद्दार हैं। हम इस राष्ट्र का हिस्सा हैं। इस पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब दिया कि यह कहना कि इस सरकार ने कश्मीरी पंडित हिंदुओं के लिए कुछ नहीं किया, गलत है और सदन को गुमराह किया जा रहा है।

### राहुल के सवालों का जवाब नहीं दे रही सरकार : कार्ति चिदंबरम

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि राहुल गांधी ने मणिपुर की पूर्ण निष्क्रियता और कुप्रबंधन के बारे में सरकार से कुछ बहुत तीखे सवाल पूछे। सरकार उन सवालों का जवाब नहीं दे रही है। यह भाजपा की पुरानी रणनीति है। हर बार हम तीखे सवाल उठाते हैं। वे हमेशा इतिहास में घटित घटनाओं, मुद्दों पर बात कर इसे भटकाने की कोशिश करते हैं जिनका कोई संबंध नहीं है।

### राहुल कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं कर सकते : कांग्रेस

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर जारी चर्चा के बीच आज राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। राहुल अपना संबोधन पूरा करने के बाद सदन से रवाना भी हो गए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने वक्तव्य में राहुल पर जवाबी हमला बोला और आरोप लगाया कि उन्होंने अभद्र इशारा किया। हालांकि, कांग्रेस सांसद गीता कौड़ा ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए दावा किया कि वह कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मुद्दों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की भाजपा की आदत है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं दर्शक दीर्घा में थी और उन्होंने (राहुल गांधी) स्नेह के भाव से ऐसा किया। वे (भाजपा) प्यार को स्वीकार नहीं कर सकते। कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों से इनकार किया और कहा कि जब राहुल ने इशारा किया तो उनके सामने पुरुष सांसद बैठे थे। कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा ने उसी वीडियो को साझा करते हुए यह बताने की कोशिश की कि कांग्रेस नेता स्मृति ईरानी की तरफ देख भी नहीं रहे थे। डिसूजा ने कहा कि दिन रात मुद्दों और तथ्यों से देश का ध्यान भटकाने वाली बिगेस्ट झूठ प्रोपेगंडा पार्टी एकबार फिर अपने काम में लग गई है, लेकिन देश खुद यह वीडियो देखेगा और फैसला करेगा। वीडियो से साफ है कि राहुल जी के सामने पुरुष सांसद हैं। स्मृति ईरानी तो सामने हैं भी नहीं, लेकिन राहुल-फोबिया ऐसा है कि हर जगह राहुल जी ही दिखाई देते हैं। बता दें कि बुधवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर जारी चर्चा के दौरान स्मृति ने कहा कि राहुल ने सदन में अभद्रता का परिचय दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता पर महिलाओं के अपमान का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने आज मुझसे पहले वक्तव्य दिया, वह फ्लाइंग किस देकर गए। इस तरह का महिलाओं के प्रति द्वेषपूर्ण आचरण देश के सदन में कभी नहीं देखा गया। ये किस खानदान के लक्षण हैं, यह देश देख रहा है। भाजपा इस मामले में हमलावर है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद शोभा करंदलाजे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष शिकायत भी की है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब हमने सदन में किसी सांसद का ऐसा व्यवहार देखा है।

## मणिपुर की बयानबाजी से भाजपा सरकारों के बीच आपस में बढ़ता अविश्वास साफ है : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को असम राइफल्स के खिलाफ मणिपुर पुलिस द्वारा दायर एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह की तीखी बयानबाजी से यह स्पष्ट होता है कि राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारों के बीच अविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस के संचार प्रभारी रमेश ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर प्राथमिकी की प्रति साझा करते हुए कहा कि यह असम राइफल्स के खिलाफ मणिपुर पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी है। साथ में मणिपुर के मुख्यमंत्री और उनके करीबी लोगों की तीखी बयानबाजी से यह स्पष्ट हो जाता है कि राज्य की भाजपा सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार के बीच अविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या यह संवैधानिक मशीनरी का टूटना नहीं है? क्या यही वह डबल इंजन शासन है जिसके लिए मणिपुर ने मतदान किया था। प्रधानमंत्री कब कार्रवाई करेंगे। उनकी टिप्पणी मणिपुर पुलिस द्वारा असम राइफल्स की नौवीं बटालियन के कर्मियों पर बिष्णुपुर जिले में उनके आंदोलन को अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद आई है।

## राहुल के आक्रामक भाषण पर स्मृति ईरानी ने किया सेल्फ गोल : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में पार्टी नेता राहुल गांधी के आक्रामक भाषण पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सेल्फ गोल कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी का भाषण पूरी तरह से इस बात पर केंद्रित था कि तुम्हारें यहां तो ये हुआ है, वो हुआ है। यह परोक्ष रूप से केंद्र सरकार की विफलताओं के विपक्ष के दावों का समर्थन करता था। पार्टी नेता राहुल गांधी के भाषण की सराहना करते हुए थरूर ने एक ट्वीट में कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में राहुल गांधी का जोरदार भाषण और उसके बाद लोकसभा में जीवंत दृश्य। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि स्मृति ईरानी की प्रतिक्रिया पूरी तरह से हवा हवाई थी, उन्होंने कांग्रेस शासन के तहत कई दशकों से चली आ रही घटनाओं और अत्याचारों की एक श्रृंखला का जिक्र किया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह साबित हो गया है कि चीजें पहले भी उतनी ही खराब थीं। उन्होंने कहा कि उनका तर्क परोक्ष रूप से भारत सरकार की विफलताओं के विपक्ष के दावों का समर्थन करती है। वह जो कुछ भी कह रही थी उसका मतलब यह है कि तो क्या हुआ तुम भी बुरे थे। इन सब बातों का सहारा लेना एक ऐसी स्वीकृति है कि आपके पास कोई ठोस जवाब नहीं है। ये एक सेल्फ गोल है, स्मृति जी। थरूर की टिप्पणी तब आई जब राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने 37 मिनट के भाषण के दौरान मणिपुर हिंसा को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा की राजनीति ने मणिपुर में हिन्दुस्तान का कत्ल कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का अहंकार पूरे देश को जला रहा है। राहुल गांधी के भाषण के बाद ईरानी ने पिछले कांग्रेस शासनों की विफलताओं को उजागर करते हुए अतीत में हुई हिंसा की कई घटनाओं का जिक्र किया। राहुल गांधी के भाषण के बाद अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बोलते हुए ईरानी ने कहा कि सभी समस्याओं की जड़ वंशवाद की राजनीति है। उन्होंने 1990 के दशक के कश्मीर विद्रोह के दौरान कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हिंसा, सिख दंगा के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं की एक श्रृंखला को सूचीबद्ध किया। साथ ही असम में हिंसा और यहां तक कि विपक्ष शासित राज्य राजस्थान और पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की हालिया घटनाएं बताई। उन्होंने कहा कि भारत की आवाज की बात करने वालों ने कभी कश्मीरी पंडितों और सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों की आवाज नहीं सुनी।

## संसद से

### सदस्यों को जनता के प्रति जिम्मेदार बनकर काम करना चाहिए : ओम बिरला

लोकसभा में विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बुधवार को भी प्रश्नकाल नहीं चल पाया। लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने सुबह 11 बजे प्रश्नकल शुरू किया तो विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करते हुए आसन के सामने आ गए और नारेबाजी करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाया और कई मंत्रियों ने सदस्यों के कई सवालों के जवाब दिए। हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत करने का प्रयास करते हुए बिरला ने कहा कि सदस्यों को जनता के प्रति जिम्मेदार बनकर काम करना चाहिए।

### शोध को प्रोत्साहन देने वाले विधेयक पर मुहर

देश में शोध को गति देने और संबंधित संस्थानों को निगमित करने वाले 'अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान विधेयक 2023' को बुधवार को राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही इसे संसद से स्वीकृति मिल गयी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। यह विधेयक शोध और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अधिनियम, 2008 को निरस्त करता है और इसके तहत स्थापित विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड को भंग करता है। विधेयक में अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान (एनआरएफ) की स्थापना का प्रावधान है। सदन में संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि देश के विकास को गति देने के लिए सरकार नवाचार एवं शोध पर जोर दे रही है।

### छत्तीसगढ़ में मेहरा व माहरा अनुसूचित जनजाति में शामिल

छत्तीसगढ़ के मेहरा और माहरा समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने से संबंधित संविधान अनुसूचित जातिंया आदेश (संशोधन ) विधेयक 2023 को आज राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसको पहले ही पारित कर चुकी है। इस तरह आज इस पर संसद की मुहर लग गई। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने इस विधेयक को सदन में पेश किया। इसके बाद सदन ने विपक्ष की अनुपस्थिति में इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस सूची में शामिल होने से इन दोनों जातियों को शिक्षा के साथ ही नौकरी में भी आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

### डाक विभाग में जीडीएस कमी नहीं होने देगी सरकार : चौहान

सरकार ने लोकसभा में बुधवार को कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) की भर्ती लगातार हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग से सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि डाक विभाग में 38000 से ज्यादा जीडीएस की भर्ती की गई है। प्रधानमंत्री देश के विभिन्न हिस्सों में रोजगार मेलों का आयोजन करके इस तरह के पदों पर लगातार भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में डाक विभाग आज भी सबसे ज्यादा कर्मचारियों के साथ ग्रामीण तथा अन्य क्षेत्रों में सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। डाक विभाग अपने कर्मचारियों के माध्यम से सेवाएं जनता को दे रहा है।

### राज्यसभा में नारी शक्ति का बना इतिहास

राज्यसभा में मंगलवार को पहली ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला जब सदन में चर्चा के दौरान कुछ देर के लिए सभापति, वक्ता और टेबल स्टाफ सभी महिलाएं थीं। राष्ट्रीय परिचर्या एवं प्रसूति विद्या आयोग विधेयक 2023 और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023 पर चर्चा के दौरान सभापति के आसन पर भाजपा की एस.फांगनोन कोन्याक पीठासीन थी। बीजू जनता दल की ममता मोहंता विधेयक पर अपने विचार रख रही थी। इसी समय सदन की कार्यालय टेबल पर अधिकारी बैठे थे, जिनमें सभी महिलाएं थीं। उसी समय मछली पालन, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग मंत्री परसोत्तम रुपाला ने इस ऐतिहासिक क्षण का उल्लेख किया। श्रीमती कोन्याक ने मुस्कुराते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कोन्याक नागालैंड की पहली महिला हैं जो राज्यसभा में उप सभापति पैनल में शामिल की गई हैं।

### राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग को मंजूरी

राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग, दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद और दंत चिकित्सा शिक्षा को निगमित करने वाला राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023 मंगलवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। यह विधेयक दंत चिकित्सा अधिनियम 1948 का स्थान लेगा और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग कथा राष्ट्रीय दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद का गठन करेगा। केंद्र सरकार 33 सदस्यों वाले एक राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग का गठन करेगी। इसकी अध्यक्षता एक प्रतिष्ठित और अनुभवी दंत चिकित्सक करेगा। अध्यक्ष की नियुक्ति खोज और चयन समिति की सिफारिशों के अनुरूप की जाएगी इस समिति की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करेंगे। मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार समग्रता में विश्वास रखती है और उसी दिशा में आगे बढ़ रही है।

## सार संक्षेप

### उत्तराखंड के राज्यपाल ने की धनखड़ से भेंट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट में बताया कि धनखड़ व राज्यपाल की यह भेंट उपराष्ट्रपति निवास पर हुई। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

### सीमा पार से आने वाली चुनौतियों को करें विफल

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बुधवार को सैनिकों से सीमा पार से आने वाली सभी चुनौतियों को विफल करने के लिए कहा। अग्रवाल जम्मू फ्रंटियर के तीन दिवसीय दौरे पर थे और अपनी यात्रा के अंतिम चरण में उन्होंने एसडीजी (पश्चिमी कमान) पी वी रामा शास्त्री, जम्मू फ्रंटियर के आईजी डी के बूरा और अन्य अधिकारियों के साथ अखनूर के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया।

### कॉलेज छात्र ने इमारत से छलांग लगाकर दे दी जान

**मुंबई।** एक चौंकाने वाली घटना में 16 वर्षीय एक लड़के ने मुंबई में एक इमारत से छलांग लगा दी और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, लड़के ने प्रतीक्षा नगर बिल्डिंग नंबर 18 में 5वीं मंजिल के अपने फ्लैट से छलांग लगा दी, जबकि उसके स्तब्ध पिता, मां और बहनें उसे रोकने के लिए चिल्ला रहे थे। सायन में गुरु नानक कॉलेज के एक छात्र, सिद्धांत को बुरी तरह से घायल हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तुरंत बाद उसने दम तोड़ दिया।

## भाजपा को देश से खदेड़ेंगे : ममता

**झाड़ग्राम,**9 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को मणिपुर हिंसा को लेते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य के हालातों को सुधारने में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार विफल रही। भगवा पार्टी को देश छोड़ देना चाहिए।



- मणिपुर हिंसा को लेकर भाजपा पर साधा निशाना
- भगवा पार्टी को छोड़ देना चाहिए देश : बनर्जी

### भगवा पार्टी को छोड़ देना चाहिए देश

सीएम ने दुनियाभर के लोगों से हिंसाग्रस्त राज्य के पीड़ितों के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया। वहीं, भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए बनर्जी ने कहा कि भगवा पार्टी को देश छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो दिवस पर हम प्रतिज्ञा करते हैं कि हम भाजपा को भारत छोड़ने पर मजबूर कर देंगे।

### राज्य के लिए धन जारी नहीं किया

इसके अलावा, बंगाल के राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस ने एक गैर-शैक्षणिक को राज्य के एक विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त करने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद संवैधानिक है और इसकी संवैधानिक सीमाएं हैं। उन्होंने केंद्र पर राज्य के लिए धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल की उपेक्षा के खिलाफ लड़ेंगे।

### तीन दिवसीय दौरे पर हैं ममता

बता दें, ममता बनर्जी झाड़ग्राम के तीन दिवसीय प्रशासनिक दौरे पर आई हुई हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में आदिवासी संकट का सामना कर रहे हैं और उनकी दुर्दशा सुनने वाला कोई नहीं है भारत में दलितों पर अत्याचार हो रहा है और केंद्र उदासीन है।

## केरल का नाम 'केरलम' करने को लेकर केरल विधानसभा में प्रस्ताव पारित



**तिरुवनंतपुरम,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। केरल का नाम केरलम करने को लेकर विधानसभा में बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्र से राज्य का नाम बदलने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में केरलम है। एक नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया था। केरल दिवस भी एक नवंबर को है। उन्होंने कहा कि मलयालम भाषी समुदायों के लिए केरल को एकजुट करने की आवश्यकता राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही स्पष्ट रही है। हालांकि, हमारे राज्य का नाम संविधान की पहली अनुसूची में केरल के रूप में सूचीबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधानसभा सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत इसे केरलम में संशोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध करती है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि यह सदन अनुरोध करता है कि हमारे राज्य का नाम संविधान की आठवीं अनुसूची में भी केरलम रखा जाए। इस प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी यूडीएफ ने किसी संशोधन या बदलाव का सुझाव दिए बगैर स्वीकार कर लिया।

**आदेश** *जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर शिक्षा विभाग का बड़ा कदम*

# आजादी के दिन सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कीं रद्द

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 9 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी वाले दिन अर्थात 15 अगस्त को शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोहों में हाजिर होने के साथ ही अपने अपने कार्यालयों में होने वाले समारोहों में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। अर्थात आजादी के दिन उनकी छुट्टी कैंसिल कर दी गई है।**

यही नहीं शिक्षा विभाग ने अध्यापकों, प्रोफेसरों, लेक्चरारों आदि को पूरे प्रदेश में अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर फोटो सबमिट करने को भी कहा है।

यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर भी तिरंगे के साथ डीपी लगाने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। इस बार के आजादी के पर्व को मेरी माटी, मेरा देश के तहत मनाने की मुहिम के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों आदि को, सरकारी व प्राईवेट सभी को, सजाने के लिए कहा गया है। दूर दराज के कई स्कूलों में अन्य कार्यक्रमों के साथ ही प्रभात फेरियों का प्रोग्राम भी शुरू कर दिया गया है। सरकारी आदेशों की खास बात यह है कि स्कूलों में उस दिन करवाए जाने वाले समारोहों में निबंध प्रतियोगिताओं के लिए जो थीम तय की गई है उसमें सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को शामिल किया जाना अनिवार्य बनाया गया है। याद रहे इससे पहले सामान्य प्रशासनिक विभाग ने 15 अगस्त के दिन पूरे प्रदेश में होने वाले सभी सरकारी समारोहों में सभी सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति अनिवार्य बनाने का आदेश जारी करते हुएकहा था कि उस दिन छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को गैर हाजिर मानने के साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ नियमों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके कर्मचारी, जम्मू-कश्मीर में मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह श्रीनगर के सोनावर में शेरी कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



- शिक्षक समुदाय को घरों पर तिरंगा फहरा फोटो भेजने के आदेश
- सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति की गई है अनिवार्य

वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है। कश्मीर में आतंकवाद की शुरूआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 10 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# संसद में भारत माता की तलाश

यह वाकई दुखद है कि आजादी के बहुप्रचारित अमृत काल को पार करने के बाद भी देश और नागरिकों की सर्वोच्च प्रतिनिधि कही जाने वाली संसद असली 'भारत माता' को नहीं जानती। उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में हुई बहस से तो ऐसा ही महसूस होता है कि अब भी हमारे अधिकतर जन प्रतिनिधि इस बात से पूर्णत: अनभिज्ञ हैं कि आखिर भारत माता कौन है। यह सवाल तब उठा जिस समय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में 'भारत माता की हत्या हुई है।'

मोदी और उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के रिश्तों को लेकर बेबाकी से प्रश्न उठाने वाले राहुल मोदी सरकार और पूरी भारतीय जनता पार्टी की स्वाभाविकत: आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। मोदी सरनेम पर कर्नाटक की एक चुनावी टिप्पणी को लेकर उन पर दर्ज मुकदमे पर सुनाई सजा के कारण मार्च में उनकी सांसदी निलम्बित हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगा देने के बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी गयी थी। फलत: वे सोमवार से फिर लोकसभा में अपनी सीट पर नज़र आये। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्षी गठबन्धन इंडिया ने मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिस पर तीन दिवसीय बहस जारी है। अनुमानों के विपरीत राहुल ने प्रस्ताव पर पहले दिन यानी मंगलवार को न बोलकर अपना वक्तव्य बुधवार को दिया। अपेक्षा के मुताबिक उन्होंने वहीं से अपने भाषण की शुरुआत की जहां उन्होंने पिछली बार छोड़ा था; यानी गौतम अदानी को लेकर। उन्होंने उसमें मणिपुर को भी जोड़ा जो चर्चा का केन्द्रीय विषय है। साथ ही हरियाणा की हिंसा की बात भी छेड़ते हुए आरोप लगाया कि 'आप पूरे देश को जलाने में लगे हो।'

शीर्ष अदालत में जीत दर्ज कराने और खोया शासकीय आवास फिर से पा लेने का विजयी भाव तो उनकी मुद्रा और व्यवहार में नज़र नहीं आया परन्तु भाजपा की खीझ और अपराध भाव के दर्शन चर्चा के पहले दिन ही होने लग गये थे। बहस को असम के सांसद गौरव गोगोई की ओर से शानदार शुरुआत मिलने से और भी परेशान भाजपा की झुंझलाहट निशिकांत दुबे के बयान में देखने को मिली जब उन्होंने व्यक्तिगत छींटाकशी करते हुए कहा कि 'सोनिया गांधी यहां बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने के लिये बैठी हैं।'

इस घटिया टिप्पणी को शालीनता से दरकिनार करने वाली राहुल की मां का उल्लेख बुधवार को फिर से हुआ जब राहुल ने मणिपुर की भयावह स्थिति का वर्णन करते हुए इस बात का जिक्र किया कि 'मोदी उस हिंसाग्रस्त राज्य में नहीं गये क्योंकि वे मणिपुर को भारत का हिस्सा ही नहीं मानते।' भाजपा सरकार द्वारा वहां अपनाई गयी विभाजनकारी नीति की कड़ी आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि 'एक मेरी मां यहां बैठी हैं और दूसरी मां मणिपुर है जिसकी आप ने हत्या की है।' उन्होंने अपने भाषण में रामायण का संदर्भ देते हुए यह भी जोड़ा कि 'जैसे रावण केवल कुम्भकर्ण और मेघनाद की ही बात मानता था, वैसे ही मोदी केवल अमित शाह (केन्द्रीय गृह मंत्री) और अदानी की बात मानते हैं।' राहुल ने मोदी पर भारत माता की हत्या का आरोप लगाया, जो सांकेतिक अर्थ में था।

अमेठी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उनकी प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ने मौके को लपकते हुए इसे अपने भाषण का मुद्दा बना दिया। उन्होंने कहा कि 'जब राहुल कह रहे थे कि भारत माता की हत्या की जा रही है तो कांग्रेसी तालियां पीट रहे थे।' सवाल यह है कि राहुल गांधी के लिये आखिर भारत माता कौन है और स्मृति ईरानी किसे भारत माता मानती हैं। राहुल के परनाना व देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अहमदनगर जेल में लिखी अपनी प्रसिद्ध किताब 'हिन्दुस्तान की कहानी' में बतलाया है कि 'कभी ऐसा भी होता है कि मैं किसी जलसे में पहुंचता हूं तो मेरा स्वागत 'भारत माता की जय!' के साथ होता है। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता हूं कि इस नारे का मतलब क्या है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं?' आगे नेहरू लिखते हैं कि 'जब उन्हें जवाब नहीं सूझता तो मैं ही उन्हें बताता हूं कि हिन्दुस्तान की नदी, पहाड़, जंगल, खेत जो हमें अन्न देते हैं वे सारे हमें अज़ीज़ हैं लेकिन आखिरकार जिनकी गिनती है, वे हैं हिन्दुस्तान के लोग। उनके और मेरे जैसे लोग जो इस सारे देश में फैले हुए हैं। भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग हैं और 'भारत माता की जय!' से मतलब हुआ इन लोगों की जय। मैं उन लोगों से कहता हूं कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारत माता हो।'

असली मतांतर यही है कि राहुल लोगों में ही भारत माता को देखते हैं जबकि स्मृति ईरानी जिस विचारधारा की नुमाइंदगी करती हैं वह भारत माता को एक दैवीय स्वरूप में परिकल्पित कर जनता के भौतिक दायित्वों से मुक्त हो जाती हैं। जनता जनार्दन में भारत माता को देखने का अर्थ है उसकी ज़रूरतों को समझते हुए उसकी तरक्की व खुशहाली के प्रति दायित्वबोध और उसके सुख-दुख में शामिल होना। भारत माता को ईश्वरीय रूप देने का उद्देश्य उसके नाम से लोगों का भावनात्मक दोहन कर उसका सियासी लाभ लेना है। भारत में जारी विचारधाराओं के बीच जारी मौजूदा संघर्ष का यह महीन पहलू है जिसे स्मृति ईरानी को नहीं जनता को समझना होगा।

# बिल्किस बानो से राखी बंधवा लें मोदीजी

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

रक्षाबंधन में अभी काफी दिन हैं, अगर प्रधानमंत्री जी का कोई कार्यक्रम अब तक सुनिश्चित न हुआ हो कि वे इस बार देश के किस कोने में पहुंचकर, किस तबके की महिलाओं से राखी बंधवाने वाले हैं, तो उन्हें सलाह है कि इस बार वे अपने गृहराज्य चले जाएं। वहां बिल्किस बानो रहती हैं। श्री मोदी इस बार बिल्किस बानो से रक्षासूत्र बंधवा लें तो अमृतकाल का यह अमृत क्षण बन कर देश के इतिहास में सदा के लिए अमृत स्मृति बन जाएगा। बिल्किस बानो मुस्लिम महिला हैं, तो उनसे राखी बंधवाकर श्री मोदी अपने ही वचनों को सार्थक करेंगे। इस तरह मोदीजी, पर उपदेश कुशल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे की मिसाल भी अपने सांसदों के सामने पेश कर सकते हैं। हाल ही में दो बैठकों में उन्होंने भाजपा और एनडीए के नेताओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने को कहा है, ताकि वे सुरक्षित महसूस कर सकें। तो इसकी शुरुआत उन्हें ही करना चाहिए। वैसे सवाल किया जा सकता है कि आखिर 9 सालों में मोदी सरकार ऐसा माहौल क्यों नहीं बना पाई कि मुस्लिम या किसी भी तबके की महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें। सवाल ये भी है कि महिलाओं को सुरक्षित महसूस करवाने के लिए उनसे राखी बंधवाने की क्या जरूरत। क्या मोदीजी भी राखी के त्योहार को केवल इसी नजरिए से देखते हैं कि भाई की कलाई पर रक्षासूत्र इसलिए बांधा जाता है ताकि वो बहन की हिफाजत कर सके। क्या महिलाएं अपनी हिफाजत खुद करने के काबिल नहीं हैं। अगर नहीं हैं, तो क्या उन्हें इस काबिल नहीं बनाया जाना चाहिए। मोदी सरकार जिस महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति की बात करती रही है, क्या वो केवल जुबानी और कागजी थीं, उनका हकीकत से कोई वास्ता नहीं था।

खैर महिलाओं की रक्षा हो न हो, महिलाएं रोज प्रताड़ना का शिकार होती रहीं, फिर भी रक्षाबंधन का त्योहार तो जैसे सदियों से मनता आया है वैसे ही आगे भी चलता रहेगा। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और फिर अगले साल आम चुनाव हैं, जिसमें इस बार भाजपा को इंडिया से मुकाबला करना है, तो अब भाजपा इसके लिए नयी-नयी तिकड़में भिड़ाने में लगी है। इंडिया यानी 26 दलों के गठबंधन में एकता बनी रही और आगे कुछ और दल इसमें शामिल हो गए, तो फिर भाजपा का लोकसभा में 3 सौ पार का सपना धरा का धरा रह जाएगा। अब तो राहुल गांधी मानहानि की सजा से मुक्त हो चुके हैं, और संसद भी फिर से आ गए हैं। इससे मोदी सरकार की मुश्किलें और बढ़ेंगी, ये तय है। राजनैतिक मुश्किलों का समाधान राजनैतिक तरीकों से ही निकालने की कोशिश करनी चाहिए। मगर मोदीजी इसमें घालमेल करने में लगे हैं। राम मंदिर बनना शुरु हो चुका है, जिसका उद्घाटन अगले साल की पहली तारीख को शायद हो जाए। काशी में ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई सर्वे करने में लगी है। मथुरा की शाही ईदगाह भी कतार में है। तो अयोध्या, मथुरा, काशी के बाद हिंदुत्व को और कैसे भुनाया जाए, इसकी तलाश भाजपा कर रही होगी। हिंदुओं के साथ-साथ आदिवासियों के लिए भाजपा जाल बिछा ही चुकी है। इधर पसमांदा मुस्लिमों को अपने पाले में करने की कोशिश भाजपा कर रही है। इसके साथ ही मुस्लिम महिलाओं की याद भी श्री मोदी को आ गई। इस याद का सीधा संबंध चुनावों से है, इंडिया के गठन से है।

जब मुस्लिम महिलाओं से ही राखी बंधवानी है, तो मोदीजी को बिल्किस बानो से राखी बंधवा कर इसकी शुरुआत करना चाहिए। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही गुजरात दंगों में बिल्किस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उनके परिवार के लोगों को उनकी आंखों के सामने मारा गया था। बलात्कारी और हत्यारे बिल्किस के गांव के ही थे और वो उनसे हाथ जोड़ कर रहम की अपील करती रहीं कि वो उनकी बहन के समान हैं। लेकिन अपराधियों ने बिल्किस को एक मुस्लिम और एक महिला की तरह ही देखा, जिस पर वो बल प्रयोग कर सकते थे। अपने अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचवाने में बिल्किस को दो दशकों का लंबा वक्त लग गया। इस दौरान उनका आत्मसम्मान चकनाचूर किया गया, उनके मामूली सपनों तक को रौंद दिया गया। इतना काफी नहीं था तो अच्छे आचरण का हवाला देते हुए बिल्किस के बलात्कारियों को पिछले साल जेल से छोड़ भी दिया गया और बाकायदा उनका फूल माला के साथ स्वागत किया गया। भाजपा के नेता ने इन लोगों को संस्कारी ब्राह्मण तक कहा था। बिल्किस बानो के गुनहगारों को दोषी ठहराने और सजा देने वाले निचली अदालत के जज यूडी साल्वी, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने गुनहगारों के जेल से बाहर निकलने और इस पर मिठाई बांटे जाने, माला पहनाकर स्वागत किए जाने को लेकर कहा था कि ये सही नहीं है। लेकिन मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने पूछा, जेल से बाहर आने वाले परिवार के सदस्य को माला पहनाने में क्या गलत है?

> हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है। देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे।

इस एक सवाल से मोदी सरकार की महिला सुरक्षा और नारी सम्मान के दावों की हकीकत सामने आ जाती है। उसूलों और हक की बात करने के लिए जेल जाना और रिहाई पर फूलों से स्वागत अलग बात है। लेकिन अगर कोई चोरी, हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के लिए जेल जाए क्या तब भी वो स्वागत के काबिल माना जाएगा। अपराधियों को इज्जत बख्शने का ये कौन सा नया चलन देश में चलाया जा रहा है। एस वी राजू जिन लोगों को माला पहनाने को सही ठहरा रहे हैं, उन पर एक महिला से सामूहिक बलात्कार और 14 लोगों की हत्या का दोष है। अगर ऐसे लोगों को माला पहनाना सही है, तो फिर इस बात पर भी आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले चुनावों में इन लोगों को टिकट मिल जाए, हत्या और बलात्कार को इनकी योग्यता बताया जाए। एक ओर बलात्कारियों के स्वागत का माहौल बनाया जा रहा है, दूसरी ओर मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवाने की रणनीति बन रही है। राजनीति की ऐसी तिकड़में न्यू इंडिया को और कैसा इंडिया बनाएंगी, ये सोच कर ही डर लगता है। वैसी इसकी मिसाल मणिपुर मामले में मिल ही चुकी है।

इस मामले को लेकर अब इंडिया के अविश्वास प्रस्ताव का सामना मोदी सरकार कर रही है। बुधवार को राहुल गांधी ने अपने संक्षिप्त लेकिन तीखे भाषण में मोदी सरकार पर गंभीर इल्जाम लगाया है कि आप भारत माता की हत्या कर रहे हैं। भाजपा उनके शब्दों को पकड़कर उन्हें घेरने की कोशिश कर रही है। और उस भावना से लोगों का ध्यान भटका रही है, जो राहुल गांधी ने इस इल्जाम के जरिए प्रकट की। श्री गांधी मणिपुर के लोगों, वहां की महिलाओं के दर्द पर मोदी सरकार से जवाब मांग रहे थे और वो उस वक्त शोर-शराबा करती हुई राजस्थान और प.बंगाल का नाम ले रही थी। इसी से समझ आता है कि मणिपुर के समाधान में मोदी सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी केवल चुनाव जीतने में है। और इसी वजह से ध्रुवीकरण का खेल शुरु हो चुका है। मणिपुर में दो समुदाय आपस में तीन महीनों से हिंसक तरीके से टकरा रहे हैं। हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है।

देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे। इस की जगह वे संविधान की भावना के मुताबिक देश को चलाने की कोशिश करेंगे, सबकी सुरक्षा का सूत्र वहीं मिलेगा।

# मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के हलफनामे पर उठा सवाल

■ अरुण श्रीवास्तव

अपने विरोधियों और राजनीतिक शत्रुओं के खिलाफ अनैतिक और निराधार टिप्पणियां करना और हमेशा धरातल की सच्चाइयों से इनकार की मुद्रा में रहना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख विशेषता रही है। जाहिर है, मणिपुर में लावारिस शवों के निस्तारण के मामले में मोदी सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता की दलीलें इसी विशेषता को दर्शाती हैं।

मुर्दाघरों में लावारिस पड़ी लाशों के प्रति भी पूरी तरह से असंवेदनशीलता और चिंता की कमी का प्रदर्शन करते हुए, मेहता ने यह स्वीकार करने के बजाय कि शव भारतीयों के थे, अदालत को बताया कि जातीय हिंसा के अधिकांश लावारिस शव तथाकथित विदेशी 'घुसपैठियों' के हैं। एसजी मेहता की इस एकल-पंक्ति प्रस्तुति ने मणिपुर के लोगों, विशेषकर कुकी महिलाओं को तबाह कर दिया है।

केंद्र और मणिपुर दोनों सरकारों की ओर से पेश हुए मेहता ने 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'अधिकांश लावारिस शव घुसपैठियों के हैं'। यह अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके पास क्या बुनियादी जानकारी या सबूत थे? यह अभी तक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। सरकार के सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होने के नाते, उन्हें अपनी टिप्पणियों में कुछ हद तक संयम रखना चाहिए था।

उनकी टिप्पणी से मणिपुर की महिलाएं इस हद तक आहत हुई हैं कि शायद न्यायिक इतिहास में पहली बार मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की महिला संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में मेहता द्वारा की गयी इस टिप्पणी को वापस लेने की मांग की है।

एक अन्य बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं, जो समूह का प्रतिनिधित्व करती हैं, सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं। 'देश के सॉलिसिटर जनरल की ऐसी ढीली और निराधार टिप्पणी अशोभनीय, अस्वीकार्य और घृणित है।' समूह ने अपने बयान में कहा, 'यह मृतकों के परिवारों के लिए बेहद दुखद है, जो आज तक अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने में असमर्थ हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी और उनके सहयोगियों के मन में ईसाई कुकियों के प्रति तीव्र घृणा की भावना राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंपने की अनिच्छा में भी प्रकट होती है, जो शवों को अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जहां एक ओर शव इंफाल के मुर्दाघरों में पड़े हुए हैं, वहीं शोक संतप्त परिवार मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण शवों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिसमें अगर वे शवों को निकालने की कोशिश करेंगे तो 'उन्हें निश्चित मौत का सामना करना पड़ेगा'।

महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है, और यह देश के दूसरे सर्वोच्च कानूनी कार्यालय का पद संभालने वाले किसी व्यक्ति को शोभा नहीं देता है'।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की : 'लेकिन अंतत:, जिनके साथ बलात्कार किया गया और जिनकी हत्या की गयी, वे हमारे लोग थे, है ना? इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि न्याय हो, बस इतना ही।'

दंगा पीड़ितों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की पूर्ण उदासीनता, राज्य का दौरा करने से इनकार करना और यहां तक कि पीड़ितों को सांत्वना देने से इनकार करना, राज्य के आदिवासियों और कुकियों को हैरान और अलग-थलग कर दिया है। एसजी मेहता की अप्रिय टिप्पणी ने उनके घावों पर नमक छिड़क दिया है, और इसलिए उन्होंने इस भयानक टिप्पणी को रद्द करने की मांग की है। जिस बात ने उन्हें सबसे अधिक आहत किया है वह यह है कि जहां प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी गरिमा और शील की रक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किया है, वहीं उनकी सरकार ने मृत आत्माओं को न्यूनतम मानवीय अधिकार देने की इच्छा भी व्यक्त नहीं की है। एक बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि समूह द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं।

इसके अलावा, एसजी तुषार मेहता के निराधार दावे ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी मुश्किल में डाल दिया है। भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी है। इतनी बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठियों का प्रवेश बीएसएफ की प्रभावकारिता और क्षमता पर सवालिया निशान लगाता है। फिर यदि वास्तव में ऐसा मामला है, तो केंद्रीय गृह मंत्रालय, जो कि बीएसएफ का बॉस है, को विस्तृत स्पष्टीकरण देना चाहिए कि इतनी बड़ी संख्या में घुसपैठिये पुलिस की मजबूत उपस्थिति के बावजूद भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने में कैसे कामयाब रहे?

वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेज ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि इंफाल के एक मुर्दाघर में महीनों से 118 शव अज्ञात पड़े थे। 'वे सड़ रहे हैं। हम वहां जाकर उनकी पहचान नहीं कर सकते। हमें पहचानने में मदद करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है', गोंसाल्वेज ने कहा। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा: 'आप 118 शवों को मुर्दाघर में अनिश्चित काल तक नहीं रख सकते।' अदालत ने एसजी मेहता से यह बताने के लिए कहा कि कितने शवों की पहचान की गयी है और कितने का पता लगाया जाना बाकी है।

> महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है।

कुछ स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि अधिकांश मृतक हिरासत में मौत के शिकार थे। ऐसे ही एक मामले में, 25 मई को एक एफआईआर दर्ज की गयी थी, लेकिन पीड़ित की मौत की जांच के लिए आज तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गयी है, जो गिरफ्तारी के दिन से इंफाल में मणिपुर पुलिस की हिरासत में था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का यह हश्र हुआ।

यह गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की खराब कार्यप्रणाली को दर्शाता है कि मणिपुर में जातीय हिंसा के तीन महीने बाद भी कम से कम 53 शव- जिनमें से ज्यादातर कुकी समुदाय के हैं- अभी भी इम्फाल पूर्व और पश्चिम के दो जिला अस्पतालों में लावारिस पड़े हुए हैं। इसके अलावा, मैतेई समुदाय के व्यक्तियों के तीन या चार शव चूड़ाचांदपुर के अस्पताल में लावारिस पड़े हुए हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मोदी सरकार ने मणिपुर के मृतकों और जीवितों दोनों को छोड़ दिया है। यह देखना बाकी है कि सर्वोच्च न्यायालय मृत आत्माओं के प्रति घोर अनादर दिखाने के लिए जिम्मेदार राजनेताओं, शासकों, अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई शुरू करता है।

मणिपुर पुलिस द्वारा प्रदर्शित नृशंस रवैया, गिरफ्तार किये गये लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा करने में उनकी घोर विफलता और जिनके खिलाफ अभी तक आरोप पत्र दायर नहीं किया गया है, यह दर्शाता है कि कैसे उन्हें हिंदुत्व कट्टरता के पैदल सैनिकों में बदल दिया गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह द्वारा 'नार्को-आतंकवादियों' और 'अवैध आप्रवासियों' पर युद्ध की आड़ में भयानक हिंसा को उचित ठहराना पुलिस की मिलीभगत और कुकियों के प्रति उनके पक्षपातपूर्ण रवैये को रेखांकित करता है।

मणिपुर में न तो मुख्यमंत्री और न ही पुलिस ने संविधान के प्रावधानों का पालन किया। ऐसी दो भयावह घटनाएं डल्लमथांग सुन्ताक और लालरेमरूट पुलमटे की मृत्यु से संबंधित हैं। उन्होंने 3 मई की देर शाम इंफाल से चूड़चांदपुर जाते समय मोइरांग पुलिस स्टेशन में सुरक्षा मांगी थी। दुर्भाग्य से,पुलिस के कार्रवाई करने से पहले ही भीड़ ने उन्हें पीट-पीटकर मार डाला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पुलिस ने उन्हें भीड़ को सौंप दिया था (जैसा कि उन्होंने वायरल वीडियो की पीड़ित महिलाओं के साथ किया था, जिसने लैंगिक हिंसा की भयावहता को सामने ला दिया था), पर सच्चाई जानना कठिन है। वास्तव में चौंकाने वाली बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की गहरी चुप्पी है, जो अन्यथा विपक्ष के नेतृत्व वाली सरकारों की खिंचाई करने में काफी सक्रिय रहा है, लेकिन इन घृणित घटनाओं पर अपनी आवाज नहीं उठायी या स्वत: संज्ञान जांच शुरू नहीं की।

## पावन प्रसंग

# भारतीय दर्शन की विश्वव्यापी प्रभाव

भारतीय संस्कृति की ज्ञान-विज्ञान की धारा पूरे विश्व में अपना प्रभाव डालती रही है। अरब और यूनान के प्राचीन चिंतन में भारतीय दर्शन की स्पष्ट छाप मिलती है। यूनानी ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में भारत में यात्रा के दौरान उन्होंने देश के अध्यात्म का बड़े विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने भारतवर्ष के उन आध्यात्मिक मनुष्यों का भी वर्णन किया है, जो पर्वतों, मैदानों और कुंजों में निवास करते थे। मैक्समूलर लिखते हैं कि यूनानियों को जितना अधिक भारत की दार्शनिक प्रवृत्ति ने प्रभावित किया, उतना किसी अन्य ने नहीं। यह प्रवृत्ति रहस्यमयस देश की व्याप्त किए हुए प्रतीत होती थी। परवर्तीकाल में हम इस प्रभाव को और सघन एवं व्यापक रूप में देखते हैं। भारतीय विचारों पर सबसे पहले शोध करने वाले यूरोपी विद्वान अलेक्जेंडर थे, जिन्होंने सन् 1768 में अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ इंडिया में इस विषय पर विशद प्रकाश डाला। वारेन हेस्टिंग्स की प्रेरणा से भारतीय साहित्य का ज्ञान अर्जित करने वाले पहले अंग्रेज चार्ल्स विल्किन्स थे, जिन्होंने बंगाल में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। सर विलियम जोन्स भारतीय विचारों के अध्ययन में अग्रणी थे, जो सन् 1783 में कलकत्ता (कोलकाता( उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनकर भारत आए थे।-

यहां की विचारधारा से प्रभावित बोकर उन्होंने कहा-यह मानवीय प्रतिभा का उर्वर उत्पत्तिस्थल है सन् 1784 में स्थापित एशियाटिक सोसायटी के वे आजीवन अध्यक्ष रहे। उन्होंने पहली बार घोषणा की कि संस्कृत-ग्रीक और लैटिन की अपेक्षा अधिक परिष्कृत भाषा है व इन दोनों जन्मदात्री भी है।

जोन्स के कार्य का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय विचाराधाराओं के अध्ययन पर पड़ा। जीटी गैरेट के शब्दों में, उन्होंने इन विचारों पर जो रुचि जाग्रत की, उससे प्रेरित होकर विद्वान यहां के विचारों की खोज में ऐसे उत्साह के साथ प्रवृत्त हुए जैसे ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णक्षेत्रों के प्रति अन्वेषक निकल पड़े हों। ऐसे विद्वानों में हेनरी टामस कोलब्रुक विशिष्ट थे। दर्शन के साथ कोलब्रुक ने भारत के वैज्ञानिक साहित्य पर भी अध्ययन किया, जिससे यूरोपियन विज्ञान व गणितशास्त्र में भारतीय उपलब्धियों का पहली बार प्रकाश पड़ा।

अठारहीं शताब्दी के प्रारंभ में फ्रांस भी भारतीय विचार प्रणाली में रूचि लेने लगा था। फ्रांस को भारतीय विचारधारा और इतिहास की जानकारी अरबी, फारसी, चीनी, ग्रीक और लेटिन पुस्तकों से होती रहती थी। इस संदर्भ में फ्रांस के बादशाह के पुस्तकालयाध्यक्ष बिगनन, अन्य विद्वान कालमेत, एनक्वेतिद्यु पेरों आदि का विशेष योगदान रहा। एनक्वेतिद्यु पेरो ने मुगल शहजादे दाराशिकोह के फारसी में अनूदित उपनिषदों का अनुवाद लेटिन भाषा में किया।

इसी क्रम में श्रीमदभागदगीता और उपनिषद के अनुवाद के साथ भारतीय दर्शन के मूल ग्रंथों के पाठ उपलब्ध हो गए। लियोनार्ड दि शेजी व उनके शिष्यों ने भी भारतीय विचारों के अध्ययन व प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूजीन बरनाफ व मैक्समूलर ने इस श्रृंखला में कार्य को और गति दी। इसी बीच सन 1822 में सोशियट एशिएटिक संस्था की स्थापना पेरिस में हुई, जिसके कारण बहुत से विद्वान भारतीय दर्शन में रूचि लेने लगे। जिसमें बरनाफ के सहकर्मी बार्थेलेमि दि संत हेलारी भी थे, जिन्होंने भारतीय दर्शन की न्याय व सांख्य शाखाओं में महत्वपूर्ण अध्ययन प्रकाशित किए।

सन 1868 में इकोल दे हांत एत्यूदे नाम से एक नया अध्ययन केन्द्र खुल गया, जिसमें आगस्त बार्थ और एवेल बरगाईन और एमिली सेनार्त ने ऋग्वेद पर विशद अध्ययन किया, जिसमें बरगाईन की प्रसिद्ध पुस्तक दि वैदिन रिलीजन एकॉर्डिंग टू दि हिम्स ऑफ ऋग्वेद उल्लेखनीय है। इसके बाद जर्मनों ने संयुकत और भारतीय दर्शन को अपनाया। जबकि उनके ब्रिटेन और फ्रांस की तरह भारत से कोई राजनीतिक संबंध नहीं थे।

-अखण्ड ज्योति

## आपके पत्र

# पर्यावरण के प्रति जागरुक होने की आवश्यकता

पिछले महीने जुलाई को धरती का अब तक का सबसे गर्म महीने के रूप में रिकॉर्ड किया गया है। एक तरफ जहां भारत और चीन सहित दुनिया के कई देश भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हैं, वहीं यूरोप के अधिकांश देश जंगलों में लगी भीषण आग से झुलस रहे हैं। दरअसल प्रकृति के इस रौद्र रूप के ज़िम्मेदार हम खुद इंसान हैं। विकास के नाम पर जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने धरती को खोखला कर दिया है. हालांकि एक तरफ जहां विकास के नाम विनाश जारी है तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण की रक्षा और इसके संरक्षण के लिए भी युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सतत विकास के तहत प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर ज़ोर दिया जा रहा है।

वास्तव में, इंसान और पर्यावरण के बीच हमेशा से एक गहरा संबंध रहा है। प्रकृति के बिना कोई भी जीवन संभव ही नहीं है। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रहा है, साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन गया है। जबकि सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी है लेकिन यह तभी संभव है जब सभी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता होगी। दुनिया भर समेत भारत में भी पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसे संविधान के मौलिक कर्तव्य (भाग1 वीए अनुच्छेद 51) में भी दर्ज किया गया है, जिसके तहत वनों, झीलों और नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के लिए दया करना शामिल है। इसके अतिरिक्त और भी कई अधिनियम भारत सरकार ने बना रखे हैं जिसके तहत पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जैसे वन्यजीव अधिनियम 1972, जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 आदि।

लेकिन ज़मीनी सतह पर देखें तो ऐसा लगता है कि इस नियमों का कोई महत्व नहीं है। देश के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां नदी और तालाबों को गंदा कर दिया गया है। ऐसे ही कई तालाब, पोखर और नदियां हैं जो प्रदूषण से पूरी तरह ग्रसित हैं। आखिर इनकी साफ सफाई की जिम्मेदारी किसकी है? साल में केवल एक दिन पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम करने से नहीं बल्कि प्रतिदिन इसके लिए जागरूकता चलाने की ज़रूरत है क्योंकि पर्यावरण से ही प्राणियों के जीवन का आधार जुड़ा हुआ है।

**भारती देवी, पुंछ-जम्मू**

# देशबन्धु संस्कारधानी

**बिलासपुर**




गुरुवार 10 अगस्त 2023

**उल्टा पुल्टा**

अगर कोई सबह-सुबह उठने में नखरें दिखाए, तो बस एक तरीका आजमाना है, वह अपने आप उठ जाएगा, उसके कान में जाकर धीरे से कह दो- तेरे पापा तेरा मोबाइल चेक कर रहे हैं।

# आदिवासी संस्कृति और परंपरा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान- साहू

## विश्व आदिवासी दिवस सम्मेलन में हुए शामिल

**बिलासपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। लोक निर्माण, गृह, पर्यटन, कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज शासकीय पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास जरहाभाठा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, नगर निगम महापौर रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, बिलासपुर मंडी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति हैं। उनके रीति-रिवाज, तीज त्यौहार उनकी संस्कृति एवं परंपरा बहुत ही सुंदर एवं अद्वितीय है। उनके लोक नृत्यों एवं लोक गीतों से आनंद की अनुभूति मिलती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के आदिवासी संस्कृति और परंपरा को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया है। प्रदेश में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के साथ कई देशों के लोक कलाकार शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास में समाज के सभी वर्गों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए राज्य शासन द्वारा आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं उनके कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा इसके लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन वापसी, जेल में बंद आदिवासियों की रिहाई जैसे निर्णय शामिल है। प्रदेश में नक्सल गतिविधियों में कमी आई है, आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन का अधिकार दिलाने के लिए पेसा कानून लागू किया जा रहा है। प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए हाट बाजारों में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन सहित मलेरिया उन्मूलन जैसे अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के हर वर्ग के लोगों तक निचले स्तर पर शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।




संसदीय सचिव एवं विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्य शासन द्वारा आदिवासियों के कल्याण एवं उनके संस्कृति एवं रीति रिवाज को सहेजने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं। आदिवासियों के देवगुड़ी को संवारने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति बहुत ही सुंदर है। उनकी परंपराएं और रीति रिवाज हमारी विरासत है। हम सभी को इस धरोहर को सहेजने की जरूरत है। देश की आजादी की लड़ाई में भी आदिवासी नायकों का महत्वपूर्ण योगदान हैं। बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा कि राज्य शासन द्वारा बस्तर में आदिवासियों की जमीन वापसी, बंद स्कूलों को खोलने एवं 67 लघुवनोपजों की खरीदी जैसे कई निर्णय आदिवासियों के हित में लिए हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आदिवासियों के सम्मान और सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठा रही है।

### हितग्राहियों को बांटे सामग्री, अनुदान एवं नियुक्ति पत्र

गृह, पीडब्ल्यूडी एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर प्रतीक स्वरूप 47 हितग्राहियों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री, अनुदान एवं नियुक्ति पत्र तथा कार्यादेश वितरित किए। उन्होंने कोटा राजस्व अनुविभाग के अंतर्गत 1 हितग्राही को नियुक्ति पत्र एवं 5 को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए। अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक किसान को साढ़े 10 लाख रूपये की ट्रेक्टर ट्राली एवं दो हितग्राहियों को 8 लाख रूपए किफायती दर पर लोन के चेक दिए गए। मछलीपालन विभाग की तरफ से 8 मछुआरों को ऑईस बॉक्स एवं जाल बांटा गया। महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 4 लाख रूपये बीमा राशि के चेक दिए गए। समारोह में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2021 एवं 2022 के लिए बोनस वितरण की भी शुरूआत की गई। प्रभारी मंत्री श्री साहू ने प्रतीक के तौर पर 13 हितग्राहियों को 3 लाख 52 हजार रूपये की राशि के चेक वितरित कर शुभकामनाएं दी। महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत ग्राम धनरास एवं करका के 10 हितग्राहियों को 7.27 लाख रूपये के कार्यादेश भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को डॉ. चन्द्रशेखर उइके एवं श्री सुभाष परते ने भी संबोधित किया। इस दौरान कलेक्टर संजीव कुमार झा, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## जनता की सहूलियत देना हमारी प्राथमिकता

### प्रभारी मंत्री ने क्षेत्रवासियों को दी तिफरा मण्डी में सड़क निर्माण कार्य की सौगात

लोक निर्माण, गृह, पर्यटन, कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू जिले का प्रभार दूसरी बार मिलने के बाद आज एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। उन्होंने झूलेलाल मंगलम भवन में थोक फल सब्जी उपमंडी तिफरा पहुंच मार्ग का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। मंडी बोर्ड निधि से 4 करोड़ 14 लाख की लागत से सड़क नवीनीकरण कार्य, नाली निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य किया जाएगा। इस सड़क निर्माण कार्य की लंबे समय से मांग की जा रही थी। सड़क के बन जाने से किसानों, फल विक्रेताओं सहित आम लोगों को बारहमासी पहुंच मार्ग की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने की। प्रभारी मंत्री श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि बिलासपुर के लोगों को सुविधा देने का हर संभव प्रयास हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। जनता की सहूलियत हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



मुख्य अतिथि के आसंदी से प्रभारी मंत्री श्री साहू ने कहा कि इस सड़क निर्माण कार्य से किसानों, फल और सब्जी विक्रेताओं के अलावा अन्य लोगों को भी लाभ मिलेगा। आमजन की आधारभूत सुविधाओं का ख्याल रखना जरूरी है। आधारभूत सुविधाओं में सड़क भी शामिल है। लोगों को गुणवत्तापूर्ण सड़क की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभारी मंत्री को फल एवं सब्जियों से तौलकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने कहा कि सड़क बन जाने से मंडी तक आवागमन में लोगों को सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों, ग्रामीणों सहित हर वर्ग एवं गांवों का तेजी से विकास हो रहा है। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभयनारायण राय, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, नगर निगम सभापति शेख नजीरूद्दीन, मंडी बोर्ड अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, कृषि उपज मंडी के उपाध्यक्ष राजकुमार कश्यप, कृषि उपज मंडी के सदस्यगण, विजय केशरवानी, विजय पाण्डेय, कलेक्टर संजीव कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

## संपादकीय

### सायबर अपराधियों पर नकेल

*सायबर अपराधों से कोई भी क्षेत्र सुरक्षित नहीं है। इसने पुलिस के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है। संचार क्रांति ने जीवन को आसान बनाया है तो कुछ मुश्किलें भी खड़ी की हैं। इन मुश्किलों से निजात पाने का एक ही तरीका है कि नई तकनीक का सुरक्षित इस्तेमाल करना लोगों को सिखाया जाए और इसका आपराधिक इस्तेमाल करने वालों को कड़ी सजा दी जाए। वैसे तो नई तकनीकों को सुरक्षित बनाने के लगातार प्रयास हो रहे हैं, फिर भी इस सुरक्षा में सेंध लगाने वाले अपनी करतूत से नहीं चूक रहे हैं। ऐसे सायबर अपराधियों तक पहुंचने के तरीकों पर पुलिस भी लगातार काम कर रही है और कई ऐसे अपराधी पकड़े भी जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस ने ऐसे ही अपराधियों के लिए अब हर रेंज में एक-एक सायबर थाना खोलने का निर्णय लिया है। बिलासपुर में खुलने वाले इसे पहले सायबर थाने का 10 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस थाने में सायबर अपराध से जुड़े मामलों के अनुसंधान के लिए पुलिस की प्रशिक्षित टीम काम करेगी। यहां ऐसे अपराध की किसी भी आशंका की सूचना सायबर थाने में दी जा सकेगी। पुलिस सायबर अपराधों के मामलों में कार्रवाई करेगी। सायबर अपराधी लोगों को ब्लैकमेल करने से लेकर डिजिटल लेनेदन की तकनीक में सेंध लगाकर लोगों की मेहनत की कमाई साफ कर देते हैं। कुछ लोगों को मानसिक प्रताड़ना देने की भी कोशिश की जाती है। धीरे-धीरे सायबर अपराध का क्षेत्र बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में जरूरी भी है कि सायबर अपराधियों पर नकेल कसने की कोशिश हो। अलग से सायबर थानों की स्थापना से इसमें मदद मिलेगी। इस समय पुलिस की स्थानीय टीम ही सायबर अपराधों को भी देखा करती थी। अब इसके लिए अलग और प्रशिक्षित पुलिस वालों की टीम होगी। इन थानों को खोलने का जो लक्ष्य पुलिस ने तय किया है, उसे पूरा करने के लिए यहां की पुलिस टीम को समय-समय पर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी होनी चाहिए। पुलिस को ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने का काम भी करना होगा। आज गांव-गांव में लोगों के हाथों में स्मार्टफोन है, जिसके जरिए वे दुनिया से जुड़े रहते हैं। इनमें बहुतेरे वे लोग भी हैं, जो सायबर अपराधों के बारे में नहीं जानते। ऐसे लोगों को सावधान करने के लिए खतरे की जानकारी देना आवश्यक है। इससे भी सायबर अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। पुलिस को यह देखना होगा कि सायबर अपराधों के मामले में कार्रवाई ही उसका एकमात्र उद्देश्य नहीं हे बल्कि ऐसे अपराधों को होने से पहले उस पर नियंत्रण का प्रयास भी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ पुलिस ने सायबर अपराधों के कई बड़े मामलों को भी सुलझाने में भी सफलता हासिल की। आनलाइन सट्टा के कई बड़े मामले पकड़े गए हैं और बड़ी रकम भी बरामद की गई है। देखा जाता है कि कई छोटे मामलों में पुलिस रूचि नहीं दिखाती। अनुसंधान में आने वाले खर्च को ध्यान में रखकर भी ऐसा किया जाता है। पुलिस को हर छोटे-बड़े मामलों में अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश करना चाहिए तभी सायबर अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।*

## मतदाता जागरूकता अभियान मतदाताओं का किया गया सम्मान

**बिलासपुर**, 9 अगस्त 2023/मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम विजयपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में वृद्ध, नवविवाहिता एवं दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया गया। आगामी निर्वाचन में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी हेतु उपस्थित नागरिकों को प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक, स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं सहित स्व सहायता समूह की दीदियां शामिल हो रही है। इसके साथ ही विभिन्न विकासखण्ड के स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# राशन दुकानों में लोगों को बेच रहे हल्दी, मिर्ची व धनिया पाउडर

## मसाला लो तभी मिलेगा राशन

**बिलासपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के राशन दुकानों में अब उपभोक्ताओं को किफायती दर पर अनाज के साथ जेब से रकम खर्च कर राशन दुकानों से धनिया, हल्दी, मिर्च का पैकेट भी लेना पड़ रहा है। विभाग के अनुसार उपभोक्ताओं को मसाला लेने से बाध्य नहीं किये जाने की बात कही जा रही है पर दुकानदार उपभोक्ताओं को मसाला पैकेट नही लेने पर चावल शक्कर नही देने की बात कर रहे है।

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा जारी किये गये आदेश के अनुसार नान पीडीएस योजना के तहत राशन दुकानों के माध्यम से मसाला बेचने के लिए शासन से मिले अनुमति के बाद योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया गया है। जिसमें एक कंपनी से एमओयू कर कंपनी को मसाला हल्दी, मिर्च एवं धनिया पाउडर को पीडीएस राशन दुकानों में सप्लाई के लिए अनुमति दिया गया है। अनुमति मिलने के बाद दुकानदारों को मसाला सप्लायर का नंबर उपलब्ध कराया गया जिनके द्वारा सीधे राशन दुकान में मांग पर मसाला दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को मसाला देने के लिए बाकायदा दर का निर्धारण किया गया है, जिसमें 50 ग्राम मसाला 10 रूपये और 100 ग्राम मसाला 20 रूपये का दर निर्धारण किया गया है। मसाला बेचने पर दुकान संचालक को कमीशन मिलेगा जो उसके लिए अतिरिक्त लाभ होगा। लेकिन इसका दुरुपयोग इन दिनों राशन दुकानों में किया जा रहा है। दुकान संचलाक पैसे कमाने की लालच में जबरन हितग्राहियों को मसाला के पैकेट थमा रहे है। यदि उपभोक्ता मसाला




लेने से इंकार कर रहा है तो दुकानदार उन्हें धमकी देते हुए चावल शक्कर नही देने की बात कह रहे है। ऐसा ही मामला तिफरा के तीन दुकानों में सामने आया है। राशन दुकानों में ग्राहकों के इच्छा होने पर खरीदने के आदेश के बाद भी राशन दुकानो में मसाला अनिवार्य बताकर थमाया जा रहा है। पूछे जाने पर दुकान संचालक चुप्पी साध लेते हैं। लेकिन शहर में इस योजना का दुरुपयोग राशन दुकान संचालक कर रहे हैं हितग्राहियों को डरा धमका कर वे मसाला उन्हें थमा रहे हैं। वहीं मजबूरन हितग्राहियों को दुकान से मसाला लेना पड़ रहा है। अब देखना होगा कि हितग्राहियों की शिकायत के बाद खाद्य विभाग के अधिकारी इन दुकान संचालकों पर क्या कार्यवाही करते हैं। जब इस सम्बंध में जिले के सहायक खादय अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नान द्वारा एक कंपनी से अनुबंध किया गया जिनके द्वारा सप्लाई किया जा रहा है। मसाला लेना उपभोक्ताओं की इच्छा पर है। यदि नहीं लेना चाहते है तो न ले।

## आज सक्ती स्टेशन में ठहराव वाली ट्रेनें जेठा पैसेंजर हाल्ट में रुकेगी

**बिलासपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में सक्ती स्टेशन में यार्ड रिमोडलिंग एवं सक्ती स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 10 अगस्त से 22 अगस्त तक किया जायेगा। इस दौरान 10 अगस्त से 22 अगस्त तक सक्ती स्टेशन में ठहरने वाली सभी गाडियों का ठहराव सक्ती स्टेशन के बदले जेठा पैसेंजर हाल्ट में दिया गया है। यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा सक्ती स्टेशन और जेठा पैसेंजर हाल्ट के मध्य नि:शुल्क बस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सक्ती स्टेशन से/तक यात्रा करने वाले यात्रियों से आग्रह है कि इस नि:शुल्क बस सुविधा का लाभ उठावें।

# दपूमरे की 14 ट्रेनें हुई रद्द

**बिलासपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार एवं ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यह यह कार्य विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाडियां

10 से 15 अगस्त तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 16 अगस्त तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 15 अगस्त तक बिलासपुर एवं शहडोल चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर -शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 15 अगस्त, तक रायपुर चलने वाली 08729 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 16 अगस्त तक डोगरगढ़ चलने वाली 08730 डोगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 15 अगस्त तक रायपुर एवं दुर्ग चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 15 अगस्त तक गोंदिया एवं कटंगी चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 15 अगस्त तक गोंदिया चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 16 अगस्त तक कटंगी चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 से 22 अगस्त तक इतवारी एवं बालाघाट चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल गोंदिया एवं बालाघाट के बीच रद्द रहेगी। 9 से 22 अगस्त तक गोंदिया चलने वाली 08806 गोंदिया-वड़सा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 23 अगस्त तक वड़सा चलने वाली 08808 वड़सा-चान्दा फोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 23 अगस्त, तक चान्दा फोर्ट चलने वाली 08805 चान्दा फोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 9 से 22 अगस्त तक डोगरगढ़ चलने वाली 08723 डोगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।




# सावन की बारिश से खूंटाघाट बांध लबालब



**बिलासपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। सावन की बारिश में जिले का सबसे बड़ा बांध संजय गांधी जलाशय खूंटाघाट बांध लबालब हो ही गया। बांध के भरने की खुशी सवा दो सौ गांवो के सैकड़ों किसानों के चेहरों पर साफ महसूस की जा सकती है। खरीफ की चिंता तो खत्म हुई आगे भी बारिश होती रही तो किसानों को रबी की फसलों के लिए भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

खूंटाघाट बांध से बिलासपुर जिले की सीपत मस्तूरी विधानसभा क्षेत्रों की सवा दो सौ से अधिक गांवों के सैकड़ों किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। खूंटाघाट बांध में जमा जल से ही इस क्षेत्र के किसानों की जीवन की दशा और दिशा तय होती है। इस साल सावन माह में ही बांध में पानी का भराव हो चुका था। सावन में बीते सप्ताह हुई अच्छी बारिश से बांध के जल स्तर में खासी बढ़ोतरी हुई। ताजा आंकड़ों के मुताबिक बांध में कुल क्षमता के 100 फीसदी पानी का भराव हो चुका है। केचमेंट एरिया के नदी नालों से बांध में अभी पानी आ ही रहा है। बांध में पानी का भराव पूर्ण हो जाने से वेस्टवियर रपटा में पानी छलकना शुरू हो गया है। हालात ऐसे ही रहे तो इस बार किसानों को रबी की फसलों के लिए भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

# शहीद चंद्रशेखर वार्ड में सड़क, बिजली व पानी की समस्या

**बिलासपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर नगर पालिका निगम वार्ड नं 42 शहीद चंद्रशेखर आज़ाद नगर देवरीखुर्द में आज़ाद युवा संगठन की बैठक रखी गई। बैठक में वार्ड की मूलभूत सुविधाएं सड़क, नाली, बिजली, बिजली पोल, पानी जैसी सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के विषय पर चर्चा करते हुए बिलासपुर निगम प्रशासन से मांग एवं निराकरण करने की बात कही गई। संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी ने कहा कि आज़ाद युवा संगठन की मांग पर निगम प्रशासन द्वारा वार्ड नं 42-43 में नए बिजली पोल लगाए जाने पर मुहर लगाकर बिजली विभाग तोरवा को अनुशंसा कर दी गई हैं। जल्द ही बिजली विभाग तोरवा से भेंट कर खैरमाता महोल्ला में 15 पोल, बरखदान प्रथमिक शाला के पीछे 8 बिजली पोल, पंच नेताम गली में 7 बिजली पोल, वायरलेस लाईन नहर किनारे 15 बिजली पोल, अहिरवार महोल्ला 2 पोल, एवं वायरलेस लाईन सरवन यादव गली में 2 पोल इस प्रकार 49 नए बिजली लगाने का जल्द से जल्द सर्वे कर बिजली पोल लगाने का निवेदन किया जाएगा।



बैठक में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा बालमुकुंद पडवाड, राधेलाल यादव, नारायण देवांगन, परस राम, दौलत राम राजपूत, रामप्रसाद साहू, प्रकाश, शिवपाल, कामदेव, विजय यादव, जेठिया बाई यादव, सरिता बाई, सतवती बाई, राधिका बाई, रमा राजपूत, बिना मराठी, सुकृता निषाद, बृंदा मराठी, पुष्पा विश्वकर्मा, मनटोरा बाई, रविराज पटेल, छेदी भैया, पिन्टू भाई, सरिता बाई, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### एकजुटता दिवस पर जुटेंगे हजारों भू-विस्थापित, लगेगा शिविर



कोरबा, 09 अगस्त (देशबन्धु)। 11 अगस्त 1997 को जिले के नरईबोध गांव में भू-विस्थापितों की जायज मांगों लेकर संघर्ष करते हुए पुलिस की गोलीबारी से गोपाल फिरतु दास शहीद हो गए थे और दर्जनों ग्रामीण घायल हुए थे। तब से लेकर अब तक इस दिन को भू-विस्थापित ग्रामीण किसान लोग शहीदी दिवस के रूप में पालन करते आ रहे है। इस वर्ष शहादत के 26वीं बरसी पर भू-विस्थापित किसानों ने पूरे प्रदेश में भू-विस्थापित एकजुटता दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है।

ऊर्जाधानी भू-विस्थापित संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि इस अवसर पर नरईबोध में श्रद्धांजलि सभा और गोष्ठी के साथ क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण, औषधि वितरण, आयुष्मान कार्ड तथा मजदूर कार्ड की पंजीयन कराने के लिए कैम्प लगाई जाएगी। इसमें नेत्र विशेषज्ञ, जनरल फिजशियन, स्वास्थ व श्रम विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में श्रीमती सीमा पात्रे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस स्व. प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। मानव श्रृंखला का यह अनोखा दृश्य भैंसमा में पहली बार बनाया गया। श्रृंखला के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न आकृतियों का निर्माण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। जिसमें मतदान जागरूकता संबंधी संदेश लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी, छोड़ कर अपने सारे काम, पहले करेंगे हम मतदान जैसे नारे लगाए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. चौहान, छात्र छात्राएं, सहित अन्य सहायक प्राध्यापक एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

### सुखरंजन नंदी माकपा से निष्कासित



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छत्तीसगढ़ राज्य समिति ने पार्टी के पूर्व राज्य समिति सदस्य सुखरंजन नंदी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी राज्य समिति के इस फैसले का अनुमोदन पार्टी की केंद्रीय समिति ने भी कर दिया है।

माकपा राज्य सचिव एमके नंदी ने मीडिया को दी जानकारी में बताया है कि सुखरंजन नंदी पर पार्टी के अंदर गुटबाजी करने, जन संगठनों के समानांतर गतिविधियां आयोजित करने, सोशल मीडिया में पार्टी व नेतृत्व के खिलाफ दुष्प्रचार करने और संगठन का अनुशासन भंग करने का आरोप था। इन आरोपों को राज्य समिति ने सही पाया। माकपा से निष्कासन के पश्चात भी सुखरंजन नंदी पार्टी नेता के रूप में बयान दे रहे हैं, जिसके लिए अब वे अधिकृत नहीं है। पार्टी ने इसकी आलोचना करते हुए मीडिया को स्पष्ट किया है कि अब सुखरंजन नंदी का माकपा से कोई संबंध नहीं है।

### दीपाली बनी सावन क्वीन



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद मार्ग डीडीएम रोड की महिलाओं के द्वारा सावन उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न मनोरंजक खेल का आयोजन गीत संगीत के साथ किया गया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में दीप्ति शर्मा, सपना अग्रवाल और दीपाली शर्मा टॉप थ्री में थे जिसमें दीपाली शर्मा को सावन क्वीन का ताज मिला। ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल व वंदना शाह अन्य रोचक प्रतियोगिता की विजेता रही।


### गुजराती महिला मंडल ने किया विशेष मंडल पूजन



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। गुजराती समाज महिला मंडल की सदस्यों ने गत दिवस अधिक मास के पावन अवसर पर विशेष मंडल पूजन श्री जलाराम मंदिर में किया। इस मौके पर विशेष प्रसाद अर्पण किया भजन, आरती उपरांत सभी ने प्रसाद लिया।

# पहाड़ी कोरवा युवती की 3 जन्मतिथि, सही तारीख पर असमंजस

## पहले स्कूल फिर आधार कार्ड बनाने वाले ने की त्रुटि




**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। दस्तावेज में सही एंट्री करने में लापरवाही का खामियाजा भविष्य में भुगतना ही पड़ता है। दस्तावेजों में अलग-अलग एंट्री होने की वजह से इसके सुधार में व्यापक माथापच्ची और भागदौड़ करने की मजबूरी बन जाती है। त्रुटि करने वालों को इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन जिसके रिकार्ड गलत हो जाते हैं, उसे भारी परेशानी उठानी पड़ जाती है, वह भी तब जब उसे सरकारी नौकरी करनी हो।

यह मामला जिले के कोरबा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदीमौहा, गढ़उपरोड़ा का है। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर बसे इस गांव में रहने वाली कुमारी आरती पिता धीर सिंह पहाड़ी कोरवा है। उसके पांचवीं, आठवीं की अंकसूची, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में जन्मतिथि अलग-अलग दर्ज की गई है। इसे लेकर काफी भ्रम की स्थिति निर्मित हुई है लेकिन उसका प्रथम बार दर्ज जन्मतिथि ही सही माना जाना चाहिए। इसके सुधार के लिए वह चक्कर काट रही है। दरअसल पहाड़ी कोरवा आरती ने कक्षा 5वीं तक की पढ़ाई प्राथमिक शाला हरदीमहुआ से पूरी की जिसकी अंकसूची में जन्मतिथि 07.01.1999 दर्ज है। पूर्व माध्यमिक शाला गढ़-उपरोड़ा में आगे की पढ़ाई की जहां आठवीं की अंकसूची में जन्मतिथि 10.01.1999 दर्ज कर दिया गया। बाद में उसने आधार कार्ड बनवाया जिसमें जन्मतिथि 12.12.2001 दर्ज कर दिया गया और आधार कार्ड के आधार पर बने पैन कार्ड में भी यहीं जन्मतिथि अंकित है। इस तरह एक युवती 3 अलग-अलग तिथियों में जन्म ली है जो कि न सिर्फ आश्चर्यजनक है बल्कि बड़ी त्रुटि भी है जिसे नजर अंदाज करने वाले अधिकारी जिम्मेदार है।

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है नियुक्त:** पहाड़ी कोरवा आरती को तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं मौजूदा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत कसेर के द्वारा जन्मतिथि से संबंधित त्रुटियों को नजर अंदाज कर आरती को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चतुर्थ श्रेणी नियमित शासकीय कर्मचारी के तौर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गढ़-उपरोड़ा में भृत्य की नियुक्ति कराया गया। आरती यहां नौकरीरत है। इसके साथ ही वह अपने त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों में सुधार करवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रही है ताकि उसके सर्विस रिकार्ड में भविष्य के लिए कोई बाधा उत्पन्न न हो।

### कड़ी कार्यवाही के हकदार हैं लापरवाह लोग : जांगड़े-

इस मामले में समाजसेवी मनीराम जांगड़े ने अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री मोहन मरकाम सहित कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर मांग किया है कि पहाड़ी कोरवा आरती के शासकीय दस्तावेजों में प्रधान पाठकों के द्वारा की गई लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इसके अलावा और भी जिन लोगों ने इस तरह की त्रुटियां की है वे भी कार्यवाही के हकदार हैं। उनकी अंकसूची सहित सभी दस्तावेजों में सही जन्मतिथि व अन्य सभी जानकारियां सही की जाए ताकि भविष्य में कोई परेशानी न उठानी पड़े।

## हाईस्कूल का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन लेकिन भवन के अभाव में शिक्षा प्रभावित

### 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों के लिए लैब, बैठक व अन्य सुविधाओं का अभाव




**कोरबा-करतला**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। शासन के द्वारा हाईस्कूल को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन तो कर दिया गया लेकिन व्यवस्थाओं सहित भवनों में वृद्धि नहीं करने के कारण शिक्षा में कई तरह के व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं। हायर सेकेण्डरी स्कूल के संचालन हेतु पृथक से सर्वसुविधायुक्त भवन की दरकार बनी हुई है।

विकासखंड करतला के ग्राम सुखरीकला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। यह उक्त विद्यालय भवन में पूर्व में हाईस्कूल की कक्षा 9वीं एवं 10वीं की कक्षाएं संचालित हो रही थी। वर्ष 2018 में इसका उन्नयन कर हायर सेकेण्डरी स्कूल किया गया। इसके साथ ही यहां 11वीं एवं 12वीं के गणित, बायोलॉजी, आर्ट्स एवं कॉमर्स विषय की कक्षाएं भी संचालित होने लगी। विद्यालय में 9वीं से 12वीं के कुल 365 विद्यार्थी दर्ज है। कक्षा 11वीं एवं 12वीं में ही लगभग 150 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। एक ही भवन में सभी कक्षाएं संचालित होने से बैठक व्यवस्था गड़बड़ है साथ ही 11वीं एवं 12वीं के गणित व बायोलॉजी संकाय के विद्यार्थियों हेतु प्रयोगशाला नहीं है। लाइब्रेरी, एनएसएस गतिविधियों के लिए भी भवन और स्थल का अभाव है।

### 1997 में 2 कमरे का स्कूल, फिर बने 3 और कमरे

उक्त विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 1997 में हुआ और 9वीं, 10वीं की कक्षाएं 2 कमरे के स्कूल में संचालित होने लगी। वर्ष 2013 में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा 3 और अतिरिक्त कमरे निर्मित कराए गए। इसके बाद 2018 में विद्यालय का उन्नयन हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि सभी कमरे काफी जर्जर हालत में है जिनकी छतों का प्लास्टर आए दिन गिरता रहता है। कन्हार मिट्टी वाली जमीन होने के कारण दिक्कत और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि 11वीं और 12वीं की कक्षाओं के लिए पृथक से भवन, लैब, लाइब्रेरी व अन्य गतिविधियों के लिए व्यवस्थाओं का होना जरुरी है ताकि विद्यार्थियों को अच्छे और उचित माहौल में शिक्षा दी जा सकें।

### सांसद से की गई है मांग, एक साल पहले दिए निर्देश

विद्यालय के प्राचार्य सहित सुखरीकला पंचायत के सरपंच, उप सरपंच, एसएमडीसी अध्यक्ष ने कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत को आवेदन लिख कर नवीन उन्नयित विद्यालय में नवीन भवन की मांग की है। सांसद ने इस संबंध में जून 2022 को कलेक्टर को पत्र अग्रेषित कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला में नवीन हायर सेकेण्डरी भवन, माडर्न प्रयोगशाला भवन एवं अहाता निर्माण के साथ-साथ मेन गली तिरथ गुरुजी के ठेला से लेकर घासीराम तक 500 मीटर सीसी रोड निर्माण की नियमानुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया है। हालांकि पत्र के 1 साल बाद भी विद्यालय संबंधी मांग पूरी नहीं हो पाई है।

## मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर होगी कार्यवाही

### एक दर्जन से अधिक मवेशियों को पहुंचाया गया गोठान

**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें। स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचें, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जान-माल का नुकसान होने व मवेशियों के भी घायल होने की आशंका बनी रहती है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि निगम द्वारा सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से हटाने व काऊकेचर के माध्यम से उन्हें गए गोठान पहुंचाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में एक दर्जन से अधिक मवेशी सड़कों से उठाकर गोठान पहुंचाए गए।

### पशुपालकों का हो रहा चिन्हाकंन

आयुक्त के निर्देश पर निगम का अमला निगम क्षेत्र के पशुपालकों, डेयरी संचालकों का नये सिरे से चिन्हाकंन कर रहा है निगम क्षेत्र के सभी 8 जोन में पशुपालकों का चिन्हाकंन किया जा रहा है तथा जिन पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर निगम अब दण्डात्मक कार्यवाही भी करेगा। निगम के गोकुलनगर स्थित गोठान का आयुक्त ने निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने गोठान में चारे-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, मवेशियों को गोठान में सुरक्षित रूप से रखने व उनकी उचित देखभाल किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

## आम रास्ते पर घुसाया हाईवा, धंसी सड़क



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। सीएसईबी कर्मियों सहित आम लोगों को लंबे और घुमावदार रास्ते तथा दूरी से बचाते हुए प्लांट और मुख्य मार्ग तक पहुंचाने के लिए बनाई गई छोटी सड़क पर राखड़ परिवहन में लगी हाइवा फंस गई। महज दोपहिया व छोटे चार पहिया वाहन के आने-जाने के लिए बनाए गए इस वैकल्पिक मार्ग पर आज दोपहर राखड़ परिवहन में लगा हाइवा क्रमांक सीजी-12बीडी-5533 का चालक वाहन लेकर प्रवेश कर गया। संकरी और जर्जर सड़क का किनारा वाहन के दबाव से धंस गया और हाइवा फंस गई जिसके कारण दोनों ओर से आवागमन बाधित रहा तथा इस रास्ते का उपयोग करने वाले लोग घंटों तक परेशान हुए। गौरतलब है कि राखड़ परिवहन और अन्य प्लांट संबंधित भारी वाहनों के लिए पृथक मार्ग बनाया गया है जो संयंत्र परिसर के गेट से होकर आना-जाना करते हैं लेकिन हाइवा चालक की लापरवाही भारी पड़ी।

## अखबार वितरक संघ ने मिला प्रभारी से



कोरबा, 09 अगस्त (देशबन्धु)। पत्रकार व छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, जिला अध्यक्ष वीपेंद्र कुमार साहू तथा जिला सचिव जय सिंह नेताम, अनिल गिरी ने नव पदस्थ सीएसईबी चौकी प्रभारी नवीन पटेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली गई विधिक जागरूकता रैली




**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं डीएल कटकवार अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन एंव निर्देशन में विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों के कल्याण से संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुश्री संघपुष्पा भतपहरी, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर छात्र-छात्राओं को रवाना किया गया।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल, अपर सत्र न्यायाधीश, विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, मंजीत जांगडे एवं श्रीमती शीतल निकुंज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, शासकीय हायर सेकेण्ड्री विद्यालय पीडब्ल्यूडी के प्रभारी प्राचार्य एनके राजवाड़े, श्रीमती गणेशी सोनकर, आरके गबेल, एनके कश्यप, केसी कुर्रे, बीके पाण्डेय, श्रीमती विभा शुक्ला, संस्कार भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक डिंगापुर के शिक्षकगण, दिनेश टेंगनवार, अध्यक्ष, कर्मचारी संघ कोरबा एवं समस्त कर्मचारीगण जिला न्यायालय कोरबा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, पैरालीगल वॉलीण्टियर्स सतीश यादव, अहमद खान एवं आरएन दुबे उपस्थित थे। उक्त रैली में लगभग 450 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रैली के पश्चात् समस्त छात्र-छात्राओं को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीडन रोकने संबंधी कानून से संबंधित पाम्पलेट का वितरण कर विधिक जानकारी प्रदान की गई।

## उर्वरक एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता में मिलावट बर्दाश्त नहीं : उपसंचालक



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। खरीफ सीजन में जैसे-जैसे खेती पूरा जोर पकड़ रही है वैसे ही कृषि विभाग का निरीक्षण अमला कीटनाशक दुकानों में लगातार निरीक्षण कर रहा है। जिले में उर्वरक एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की मिलावट या कमी नहीं हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा पूरी तरह से प्रयास किया जा रहा है।

विभाग द्वारा किसानों के हित में सही कीमत व उच्च गुणवत्तायुक्त खाद उपलब्ध हो सके इसके लिए निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण दल के द्वारा न केवल निजी विक्रेताओं बल्कि जिले के सभी सहकारी समितियों में खाद-बीज की गुणवत्ता एवं रख-रखाव की जांच की जा रही है। निरीक्षण की इस कार्यवाही में अब तक जिले के कुल 79 बीज एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों में निरीक्षण करते हुए 9 विक्रय केन्द्रों में अनियमितता पाए जाने पर स्पष्टीकरण 06 नोटिस एवं 06 विक्रय केन्द्रों में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए कीटनाशकों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण किये जाने पर उर्वरक विक्रय केन्द्रों में अब नियमों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक, बीज, विक्रय किये जा रहे हैं। जिले में अब तक अमानक या उच्च दर पर खाद, बीज बेचने की शिकायत सामने नहीं आई है।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अनंत**- जिला कृषि विभाग के उप संचालक श्री अनंत से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि कृषि कार्य से संबंधित खरीफ सीजन के फसलों की शिकायत आने पर विभाग द्वारा पूरी कार्यवाही की जाएगी। किसानों को उच्च गुणवत्ता के खाद, उर्वरक और कीटनाशक दवाई का वितरण किया जाना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आदिवासियों का हो रहा उत्थान

### विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम



**कोरबा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में आदिवासी समाज ही नहीं सभी समाज के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उनका उत्थान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों के कर्जमाफी के साथ ही धान के समर्थन मूल्य की राशि, पेसा कानून, आदिवासियों के जमीन की वापसी, देवगुड़ी स्थापना के साथ ही आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में योजनाएं बनाई और उन्हें क्रियान्वित कराकर सबको लाभान्वित भी किया।

प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि छत्तीसगढ़ व कोरबा जिला के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से ही जिले में बड़े-बड़े प्लांट, खदान स्थापित हो पाए हैं, इसलिए हमारी भी प्राथमिकता होगी कि हम इस समाज के विकास में सहयोग करें। विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कँवर ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन हमें अपने अस्तित्व का बोध कराती है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा आदिवासी वर्ग के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। वन अधिकार पत्र वितरण, सामुदायिक वन अधिकार पत्र सहित जमीन वापसी, पेसा कानून आदि में शासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने कहा कि आदिवासियों की अपनी विशिष्ट संस्कृति और परम्परा है, इसलिए विश्व में उनकी एक अलग पहचान है। कोरबा जिले में लगभग 40 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज की है। शासन द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन आदिवासी समाज के लोगों के लिए किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत कसेर ने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संचालित योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए तेन्दूपत्ता बोनस, महिला स्व सहायता समूहों को कोदो खरीदी पर कमीशन, किसानों को सिंचाई पंप, पॉवर स्प्रेयर पम्प, मछली जाल व ऑइस बाक्स, सोलर पम्प, ट्रैक्टर प्रदान किए गए। मेधावी विद्याथ्रियों को सम्मानित किया गया। 987 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 6 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, ग्राम लेमरू के प्रेम सिंह, अरसेना निवासी रोमन के लिए ऋण पुस्तिका वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष हरेश कँवर, सभापति श्याम सुंदर सोनी, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, संतोष राठौर, समाज के पदाधिकारी युगल किशोर, राम प्रकाश, सुभाष भगत, भुनेश्वर राज, डीएफओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस की गूंज इब से इंद्रावती तक

# आदिवासियों की हक और न्याय के लिए छत्तीसगढ़ सरकार सदैव तत्पर-बघेल

## हज़ारों की संख्या में लोग हुए शामिल, मुख्यमंत्री ने दी कई बड़ी सौगातें



**अम्बिकापुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सरगुजा जिले के सीतापुर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस की गूंज ईब से इंद्रावती तक सुनाई दे रही है। हमने विश्व आदिवासी दिवस के दिन छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की, उसके बाद से आदिवासी समाज के लोग बढ़-चढ़कर विश्व आदिवासी दिवस मनाते हैं।

श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार विगत पौने चार सालों से आदिवासी समुदाय के साथ-साथ सभी वर्गों के हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। किसी ने भी नहीं सोचा था कि गोबर की भी खरीदी होगी, लेकिन हमने यह कर दिखाया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। आदिवासियों के आर्थिक-सामाजिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए हमने तेंदूपत्ता संग्रहण की दर को 2500 से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया है, वनोपजों की खरीदी की संख्या 7 से बढ़ाकर 65 की है। इसी प्रकार से वन प्रबंधन समिति को 44 करोड़ रुपए लाभांश राशि का अंतरण भी आज उनके खातों में किया गया। कोदो-कुटकी, रागी जैसे लघुधान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स मिशन का गठन किया और इस तरह अब बड़े शहरों के बड़े-बड़े होटलों में भी मिलेट्स के व्यंजन और भोजन मिलने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि आदिवासियों के हित और न्याय के लिए हमारी सरकार सदैव तैयार है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल हो चाहे बेरोजगारी भत्ता, राजीव युवा मितान क्लब हो या सुपोषण अभियान हमने हर दिशा में दशा सुधारने की पहल की है और उसी का परिणाम रहा है कि आज छत्तीसगढ़ मॉडल को देश में सराहा जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ सरकार ने त्यौहार मनाने के लिए ग्राम पंचायतों जिसकी दूसरी किश्त आज जारी हुई है। इससे सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होगा। पंचायत के द्वारा पर्वों उत्सवों में इस पैसे को खर्च किया जाएगा। हमारी सरकार बनते ही जो सबसे पहला काम किसानों की ऋण माफी का कार्य किया। छत्तीसगढ़ की सरकार पहली सरकार है जिसने भूमि अधिग्रहण बिल पारित होने के बाद सबसे पहले आदिवासियों की जमीन लौटाई है। सरगुजा में बहुत सारी जनजातियां रहती हैं। सरगुजा में आदिवासियों की संस्कृति को सहजने के लिए एक संस्था का निर्माण की बात उन्होंने कही।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी आदिकाल से विश्व में, देश में और प्रदेश में बसे हुए हैं। पिछले पांच साल में आदिवासी जनता का जितना सम्मान हुआ, उतना पहले नहीं हुआ। दूर दराज के इलाके में जहां जहां वनीय क्षेत्र है, उत्तर-दक्षिण सभी जगह हमारे आदिवासी जन हैं। पूरा सरगुजा आदिवासी बहुल है। ये छत्तीसगढ़ सरकार हमेशा उनके हित में काम करती रहेगी और उनकी इच्छाओं और जरूरतों को पूरा करती रहेगी।

खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आदिवासियों का दिल जीता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल की संवेदनशीलता के कारण ही युवाओं को नौकरी देने का प्रयास किया जा रहा है।



## 700 वनाधिकार पत्र वितरण सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 41 हज़ार आदिवासी परिवारों को लाभान्वित

आज विश्व आदिवासी दिवस 2023 के अवसर पर जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 41330 आदिवासी परिवारों को लाभान्वित किया गया है, जिसमें आदिवासी विकास विभाग से 700 वन अधिकार पत्र, जिले के कौशल विकास विभाग से बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र, कृषि विभाग से 2100 परिवार को बीज, के.सी.सी., नलकूप पंजीयन, सोलर पंप, केडिट कार्ड, पशुधन विकास से 1000 परिवार को चूजा वितरण, श्रम विभाग से प्रसूति सहायता योजना के तहत 300 एवं श्रम पंजीयन के तहत 2000 लोगों को राशि का चेक, उद्यानिकी विभाग की ओर से 16200 परिवार को कृषि यंत्र, सब्जी किट, पौधा एवं केसीसी कार्ड, शिक्षा विभाग से 1000 साईकल, राजस्व विभाग से 13000 परिवार को जाति, निवास, आय, ऋण पुस्तिका एवं बी-1 प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग से 2100 परिवार को आभाकार्ड, आयुष्मान कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग से 1000 परिवार को पोषण आहार किट, खाद्य विभाग से 1000 परिवार को राशन कार्ड एवं बी.पी.एल. कार्ड, मतस्य विभाग से 430 परिवार को जाल एवं आईस बाक्स, क्रेडा विभाग से 500 परिवार को सोलर पंप, समाज कल्याण विभाग से 400 परिवार को छड़ी का वितरण किया गया है।

## मुख्यमंत्री की घोषणाएं

- अम्बिकापुर में शासकीय बीएड कॉलेज की स्थापना की घोषणा।
- सरगुजा जिले में सभी 20 सीटर प्रीमैट्रिक आदिवासी छात्रावासों को 50 सीटर किये जाने की स्वीकृति / घोषणा।
- शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सीतापुर का नाम शहीद कृष्णनाथ किंडो के नाम पर रखे जाने की घोषणा।
- सीतापुर में आदिवासी पोस्ट मैट्रिक 200 सीटर छात्रावास, खेल और कोचिंग स्पोर्ट्स एकेडमी की घोषणा।
- सर्व आदिवासी भवन हेतु 25 लाख की घोषणा ।
- ढेलसरा से धरमपुर मार्ग में मांड नदी पर पुलिया निर्माण अनुमानित 125 मीटर लागत 4.75 करोड़ की घोषणा
- सर्व आदिवासी समाज एवं अन्य समाजो हेतु भूमि आबंटन की घोषणा।
- ढोढागांव - शिवनाथपुर मार्ग में मैनी नदी पर पुल निर्माण अनुमानित 250 मीटर लागत 10.00 करोड़ की घोषणा।
- उरांव समाज के लिए सामुदायिक भवन हेतु रूपये 20 लाख की घोषणा।
- मैनपाट में चैनपुर - खडगांव मार्ग 3.5 कि.मी. सडक का पक्कीकरण कार्य लागत 5 करोड़ 62 लाख के की घोषणा
- मैनपाट को टूरिज्म हब बनाने के लिए जिले के आदिवासी वर्ग शिक्षित बेरोजगार (युवा एवं युवतियों) को टूरिस्ट गाईड, होटल मैनेजमेंट, फोटोग्राफी कार्य, रिसेप्शनिष्ट कार्य, एडवेंचर स्पोट्स के हेतु प्रशिक्षण दिलाये जाने की व्यवस्था किए जाने की घोषणा ।
- जिले के आदिवासी वर्ग के युवा एवं युवतियों को राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेने के लिए आदिवासी विकास विभाग की ओर से आवश्यक आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी की घोषणा।
- अधिवक्ता संघ सीतापुर के मांग पर तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं के लिए शेड एवं शौचालय निर्माण हेतु 15.00 लाख की घोषणा ।
- मैनपाट विकासखण्ड में पैगा से नानदमाली तक सडक निर्माण अनुमानित 5 किलोमीटर लागत 7 करोड 50 लाख की घोषणा ।

## सार-संक्षेप

### सीएसपी पैंकरा व डीएसपी महालक्ष्मी ने पदभार संभाला



**सूरजपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के समक्ष नगर पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र साय पैंकरा ने सीएसपी सूरजपुर के पद पर तथा डीएसपी महालक्ष्मी कुलदीप ने डीएसपी मुख्यालय के पद पर पदभार ग्रहण किया है। विदित हो कि सीएसपी सुरेन्द्र साय पैंकरा 2013 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है, इसके पूर्व वे एसडीओपी सरईपाली, सीएसपी कोरबा, बिलासपुर, अम्बिकापुर व डीएसपी अजाक के पद पर तथा डीएसपी महालक्ष्मी कुलदीप 2022 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है और इसके पहले सरगुजा में डीएसपी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट में अपनी सेवाएं दे चुकी है।

### विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में आदिवासी दिवस मनाया गया



**मनेन्द्रगढ़**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध, चित्रकला, नृत्य और फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में हिस्सा लेकर आदिवासियों की मनमोहक वेशभूषा धारण कर सभी लोगों का दिल जीत लिया। वहीं कक्षा छठवीं से 12वीं तक के बच्चों ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी चित्रकला व निबंध के माध्यम से आदिवासियों के जीवन पद्धति, रीति रिवाज व उनके जीवन दर्शन को दर्शाया। बच्चों ने लोकगीतों पर आदिवासी नृत्य का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव संजय सेंगर ने विद्यालय प्रबंधन व विद्यालय परिवार की ओर से सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी।

### शासकीय भूमि पर अवैध प्लांटिंग

**रायगढ़** 09 अगस्त (देशबन्धु)। घरघोड़ा में इन दिनों कानून कायदों को ताक में रखकर एक बिल्डर्स शासकीय भूमि पर अवैध प्लांटिंग कर रहा है, बिल्डर नीतीश कुमार पिता नरेश अग्रवाल निवासी रायगढ़ द्वारा घरघोड़ा में अवैध प्लॉटिंग का खेल बेखौफ होकर धड़ल्ले से जारी हैं। रायगढ़ के बिल्डर ने कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनी बनाने के लिये अपनी निजी भूमि स्वामी हक के कुल भूमि में से 15: भूमि ईडब्ल्यूएस के लिए शासन को देने का प्रावधान है इनके द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए दिए जाने वाले 15: भूमि पर पहुँचने के लिए निजी भूमि पर सड़क नही दी गई है 15: जमीन तक पहुँच के लिए कसैया स्थित सेवा भूमि 79, 80 ध् 1 की जमीन पर गलत तरीके से कब्जा कर सड़क बनाया गया है। वही इनके द्वारा आवासीय परिसर बनाने के संबंध में दी जानकारी पूर्णता गलत है इनके जमीन से लग के रेल्वे लाइन बिछाई गई है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंकाओं से इंकार नही किया जा सकता है। रेलवे लाइन से लग कर आवासीय कालोनी के लिये लगाए गए आवेदन को निरस्त किया जाना चाहिए । जबकि बिल्डर ने मुख्य सड़क से स्वयं के निजी हक की भूमि तक पहुँचने के लिए लाखों रूपये की शासकीय भूमि पर जबरदस्ती सड़क बना कर अवैध कब्जा कर लिया है । बिल्डर ने आवासीय कॉलोनी के लिए घरघोड़ा नगर पंचायत से लिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा बिना मौका जाँच किये अवैधानिक तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है नगर पंचायत अधिकारी ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसकी जाँच कर दोषी अधिकारी पर कार्यवाही करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करने के साथ रायगढ़ के बिल्डर नीतीश अग्रवाल द्वारा कसैय्या में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है ।

बिल्डर नीतीश कुमार अग्रवाल ने रेरा (छ.ग.) से अनुमति लिए बिना कृषि भूमि को अवैध रूप से प्लॉट काटकर बेचकर शासन के लाखों रूपये के राजस्व की चोरी कर शासन को बड़ी आर्थिक छति पहुँचाया जा रहा है।

## आत्मसम्मान का बोध कराती है आदिवासी संस्कृति-डॉ. प्रेमसाय

**सूरजपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। मंगल भवन में राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने विश्व आदिवासी दिवस पर उपस्थित जनों को आदिवासी संस्कृति और उनके इतिहास से परिचित कराया। उन्होंने कहा हमारी संस्कृति, परंपरा और भाषा हमारी पहचान है। इसे हमें संरक्षित रखना है और विश्व पटल में इसे स्थान दिलाना है। आत्मसम्मान का गौरव बोध करती है, आदिवासी संस्कृति, और आगे भी आदिवासी संस्कृति फलती फूलती रहे इसी आशा के साथ उन्होंने उपस्थित जनों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का भी उल्लेख किया जो की आदिवासी वर्ग के लिए संजीवनी बूटी साबित हो रही है।



मंगल भवन हॉल में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें आदिवासी समाज के सदस्यों के साथ, जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति गीत ''आदिवासी जंगल रखवाला रे'' से हुई। इसके पश्चात सुआ नृत्य के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति को प्रस्तुत करने वाले कई भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान, वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं वन संसाधन अधिकार पत्र तथा व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारियों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि एवं बागवानी विभाग द्वारा स्वीकृत कृषि आदान, बीज, उपकरण का वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपध्यक्ष नरेश राजवाड़े, जिला सदस्य सुश्री शशि सिंह, जनपद अध्यक्ष जगलाल सिंह, श्रीमती शोभा राजवाड़े, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसिला,अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जिला सीईओ सुश्री लीना कोसम, एसडीएम रवि सिंह, सहायक आयुक्त के. विश्वनाथ रेड्डी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक जन उपस्थित थे।

## रीपा में निर्मित राखियों से सजेंगी भाइयों की कलाइयाँ

**सूरजपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन, भाई-बहन के प्यार का प्रतीक माना जाता है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व, जो पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। जहां एक ओर इस त्योहार में चाइना से बनी राखियों से बाजार भर जाता है, और देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा दूसरे देश में चले जाता है। वही इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांछी योजना महात्मा गांधी रुरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) अंतर्गत स्थानीय स्तर पर ही राखियों का निर्माण कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिले के कृष्णपुर ग्राम पंचायत में स्थापित रुरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) में बिहान योजना द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्थानीय स्तर पर ही हस्तनिर्मित राखियों का निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाओं के द्वारा सब्जियों के बीज, धान, बांस, मोतियों और रंग बिरंगे धागों से आकर्षक राखियों का निर्माण किया जा रहा है। ये रखियाँ स्थानीय कला के माध्यम से बनाई गई हैं, और इनमें स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की छवि दिखाई जाती है।विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक माधुरी भंडारी ने बताया की विकासखंड में महिला स्व सहायता समूह में महिलाओं द्वारा पूर्व में भी त्योहारों में रंग बिरंगे दिये, रखियाँ, गुलाल आदि का निर्माण करते आ रही है, किन्तु पहले यह बहुत सीमित मात्रा में ही किया जाता था। विगत वर्षों में उत्पादों का विक्रय कर महिलाओं में इस कार्य को करने का उत्साह बना हुआ था, किन्तु स्थान एवं पूंजी के अभाव में वे इसे वृहद स्तर पर नहीं कर पाती थी। छत्तीसगढ़ शासन की रीपा योजना से मशीनरी एवं सीड केपिटल मद से 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुआ एवं एक बड़ा शेड का निर्माण किया गया है। उक्त आर्थिक सहायता से महिलाओं द्वारा राखी, दिया, कपूर, मोमबत्ती, गुलाल, और अन्य त्योहार आधारित सामाग्री एवं पूजा सामग्री का निर्माण प्रारम्भ किया गया है।



## पुलिस महानिरीक्षक ने ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़** 09 अगस्त (देशबन्धु)। डॉ0 आनंद छाबड़ा, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर ने कल रेंज अंतर्गत जिला रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ती के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होंने जिलों में की गई लघु अधिनियम व प्रतिबंधक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सख्त कार्यवाही किये जाने सहित लंबित गैर जमानती और स्थायी वारंटों की तामीली अभियान चलाकर किये जाने निर्देशित किया गया। जिलों में समंसध्वारंट की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित कराने, आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखे जाने पेट्रोलिंग व्यवस्था में कसावट लाने तथा प्रशिक्षण एवं ड्रील के माध्यम से पुलिसकर्मियों के मनोबल एवं प्रो-एक्टिवनेस में बढोत्तरी लाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा पुलिस का मानवीय चेहरा आमजनों के मध्य सशक्त करने की दिशा में विजिबल पुलिसिंग के तहत पुलिस की क्षेत्र में प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आम जनजीवन को प्रभावित करने वाले तत्वों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया।

## किरोड़ीमल ट्रस्ट के अध्यक्ष समेत 6 के खिलाफ मामला दर्ज

**ट्रस्ट की संपति के दुरुपयोग का आरोप**

**रायगढ़** 09 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ही नही देश के नामचीन शहरों में स्व. सेठ किरोड़ीमल द्वारा किये गए कार्यो के चलते अलग नाम है और इनकी दानवीरता के किस्से भी सैकड़ो हैं अकेले रायगढ़ जिले की बात करें तो आज जिले में स्व. सेठ किरोड़ीमल द्वारा बनाये गए स्कूल कालेज अस्पताल कालोनी के अलावा धर्मशाला दर्जनों ऐसे कार्य हैं जो आज भी एक उदाहरण है। कहा ये जाता है कि बच्चा अगर जन्म लेता है तो किरोड़ीमल के द्वारा बनवाये गए अस्पताल में और अंतिम सांस के लिये भी दाह संस्कार के लिये दो गज जमीन भी मिलती है तो किरोड़ीमल के द्वारा दान में दी गई मुक्तिधाम की जमीन भी इसका ऐसे काम हैं जो शायद ही कहीं और देखने को मिले, लेकिन उनके जाने के बाद उनके अरबो खरबो की संपत्ति उनके ही कुछ परिवार के लोगों ने ट्रस्ट के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए या तो बेच दी या फिर अपने चहेतों के नाम कर दी। इसी मामले को लेकर अब हरियाणा के एक ट्रस्टी के द्वारा की गई शिकायत के बाद स्व. किरोड़ीमल के पोते सहित उनके पड पोतों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई और जल्द ही इनकी गिरफ्तारी हो सकती है।

इस संबंध में रायगढ़ सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे ने एक चर्चा के दौरान बताया कि सेठ किरोड़ीमल धर्मादा ट्रस्ट रायगढ़ की संपत्तियों के दुरुपयोग के मामले में अध्यक्ष समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ट्रस्ट की संपत्ति के दुरुपयोग की शिकायत 3 अगस्त को की गई थी, जिसमें जांच के बाद अपराध दर्ज किया गया है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि कई सालों से सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट की संपत्तियों को लेकर विवाद चल रहा है। रायगढ़ की अदालत से भी इस मामले में कार्रवाई का आदेश हो चुका है।

स्व. सेठ किरोड़ीमल की अरबो की संपत्ति में अपना हक बनाये रखने के लिये कुछ ट्रस्टियों द्वारा मनमाने ढंग से नये सदस्य की नियुक्ति तथा फर्जी ढंग से पावर ऑफ अटार्नी जारी करना और संपत्ति को हडप कर हिसाब किताब में गड़बड़ी करना सामने आने के बाद हरियाणा से आये एक ट्रस्टि ने इस पर शिकायत दर्ज कराई थी, इसके बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष समेत छह के विरुद्ध कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि ट्रस्ट के ही हरियाणा निवासी पदाधिकारियों ने रायगढ़ आकर अदालत के आदेश को आधार बनाकर पुलिस को आवेदन दिया। सोमवार रात को छह के खिलाफ धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## आदिवासी समाज के मान-सम्मान एवं संस्कृति को सहेजना सरकार का लक्ष्य- राजवाड़े

**बैकुण्ठपुर**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं मुख्य आतिथ्य परसनाथ राजवाड़े ने जिले की जनता को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य आदिवासी समाज को मान-सम्मान देने, आदिवासी संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ उनके लिए न्याय और रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उन्होने हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा तथा अन्य हितग्राहियों मूलक योजना के तहत सामग्री का वितरण किया। मुख्य अतिथि एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने कहा कि राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रयास से विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि हमारे आदिवासी भाई-बहनों का सम्मान किया जा सके तथा दूरस्थ इलाकों में रह रहे लोगों तक भी शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच सके और वो भी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। संसदीय सचिव

पारसनाथ राजवाड़े ने कहा कि आदिवासी हितों के लिए प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़ सरकार ने साढ़े 4 वर्षों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की है। हमारा मुख्य लक्ष्य आदिवासी समाज को मान-सम्मान देने, आदिवासी संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ उनके लिए न्याय और रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने बताया की जिले में विगत वर्ष 2019 से अबतक 4178 व्यक्तिगत, 986 सामुदायिक एवं 184 सामुदायिक वन संसाधन पत्र इस प्रकार कुल 5348 वन अधिकार पत्र का वितरण किया जा चुका है तथा 7681 हितग्राहियों को सिंचाई हेतु सबमर्सिबल सोलर पंप, कृषकों को स्प्रिंकलर, मल्टीपरपज धन, गेहूं एवं मसाला पिसाई हेतु मिनी राइस मिल का वितरण किया जा चुका है। आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर इा कार्यक्रम के 294 हितग्राहियों को वन अधिकार पटटा एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग द्वारा 294 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा, तथा 283 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, कृषि विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को इलेक्ट्रानिक पंप, 5 हितग्राहियों को रागी व 5 हितग्राहियों को कोदो मिनिकिट, मछली पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं जाल, उद्यानिकी विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को सब्जी मिनिकिट वितरण जिला वनोपज सहाकरी यूनियन मर्यादित विभाग द्वारा तेन्दुपत्ता बोनस वितरण, 17 हितग्राहियों को महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना छात्रवृत्ति, 212 हितग्राहियों को ऋण वितरण वन पटटाधारियों को जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित अंम्बिकापुर, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के 32 हितग्राहियों को भूमि समतलीकरण डबरी निर्माण परकोलेशन टेक निर्माण एवं भूमि समतलीकरण मेढ़ बंधान सह भूमि सुधार कार्य डबरी निर्माण मुर्गी शेड निर्माण हेतु कुल 15 लाख 28 हजार राशि की स्वीकृति दी गई तथा 03 दिव्यांगजनों को समाज कलयाण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र दिया गया। कार्यक्रम में रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज, नवीन गर्ल्स कॉलेज, हायर सेकंडरी स्कूल सुंदरपुर, गर्ल्स स्कूल बनखेता चरचा, स्वामी आत्मानंद बैकुंठपुर के बच्चों तथा करमा टीम सोनहत द्वारा मनोहर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा गोंड, उरांव, खैरवार, चेरवा, अगरिया, कोल, कंवर, समाज के समाजप्रमुखों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखों संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, एसडीएम बैकुण्ठपुर श्रीमती अंकिता सोम, गणमान्य नागरिक नजीर अजहर, योगेश शुक्ला, प्रदीप गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी समेत स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### आदिवासी दिवस पर छात्राओं को साइकिलें वितरित



**खरसिया**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। आदिवासी दिवस पर नगरपालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसिया में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, एवं पिछड़ा वर्ग की 96 बालिकाओं को साइकिलें प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने सभी छात्राओं को साइकिलें प्रदान करते हुए उनसे वचन लिया कि इस सत्र में पिछली बार से ज्यादा मेहनत करते हुए अपनी क्लास में सफलता अर्जित करते हुए स्कूल अपने क्षेत्र एवं अपने माता-पिता सहित गुरुजनों का नाम रोशन करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी या दिक्कत और किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो सभी छात्राओं से मेरी अपील है कि वह स्वयं आकर मुझसे मिले उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जावेगा। स्कूल के प्राचार्य श्याम लाल राठिया, शिक्षक कुंज राम राठिया, खरसिया नगर पालिका के एकमात्र आदिवासी पार्षद ज्योति सिदार को आदिवासी दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा एल्डरमैन जमील कुरैशी, पार्षद रेशम गवेल, पार्षद ज्योति सिदार, पार्षद प्रतिनिधि परीक्षित राठौर, सन्यासी मेहर, लाला राठौर, सुनील विश्वकर्मा, प्राचार्य श्याम लाल राठिया, स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ की उपस्थिति रही.

### मितान योजना से मिल रही घर पहुंच सुविधा

सारंगढ़, 9 अगस्त (देशबन्धु)। नगरपालिका सारंगढ में मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र नया व पुराने में संशोधन, आधार पेन कार्ड दुकान स्थापना पंजीकरण राशनकार्ड बनाना नाम जोडना व हटाना इत्यादि सहित अन्य कई सुविधाओं का क्रियान्वयन अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे के मार्गदर्शन व सीएमओ राजीव पाण्डेय के निर्देशन में प्रमाणपत्रों की घर पहुंच सुविधाएं दी जा रहीं हैं।

### भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन के जरिए जनसंपर्क



**सारंगढ़**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ क्षेत्र के हर घर तक पहुंचाने के लिए शहर गांव गांव का भ्रमण कर रही है। इसी तारतम्य में आज शक्ति केंद्र क्रमांक 4 में मण्डल अध्यक्ष मनोज जायसवाल जिला कार्यकारिणी के जीवन रात्रे व पूर्व विधायक केराबाई ने लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया। इसी अभियान के तहत जीवन रात्रे ने क्षेत्र के ग्राम गोडा, दानसरा इत्यादि में सघन जन सम्पर्क किया।

### चंद्रहासिनी मंदिर सार्वजनिक न्यास को बाढ़ आपदा में विशिष्ट सहयोग के लिए नगर पंचायत का धन्यवाद पत्र




**डभरा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं श्री चंद्रहासिनी मंदिर सार्वजनिक न्यास को बाढ़ आपदा मे विशिष्ट सहयोग हेतु नगर पंचायत चंद्रपुर के सीएमओ ने दिया धन्यवाद पत्र दिया। प्रति वर्ष आपदा कार्यों तथा जनहित में सामाजिक सरोकारों के लिए समय समय पर किये गये कामों को मंदिर न्यास द्वारा जनसुविधा, सुरक्षा एवं हित के उद्देश्य से किया जाता है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आनंद राय ने मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय को उक्त आशय का धन्यवाद पत्र देते हुए कहा कि समाज सेवा में प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं श्री चंद्रहासिनी मंदिर सार्वजनिक न्यास को बाढ़ आपदा मे भोजन आदि व्यवस्था मे प्रति वर्ष विशिष्ट सहयोग दिया जाता है. इस हेतु यह धन्यवाद पत्र इस प्रशंसनीय कार्य के लिए हैं । उन्होंने आगे कहा कि नगर क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु शासन प्रशासन, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं एस डी एम सुश्री दिव्या अग्रवाल के निर्देश अनुरूप न्यास ने सामाजिक गतिविधियों मे अपना योगदान देते हुए बाढ़ राहत शिविर में प्रति वर्ष की भांति भोजन व्यवस्था का कुशलता पूर्वक दायित्व निभाया है। आगे भी जन भावना अनुरूप कार्यों की अपेक्षा बनी रहेगी।

### विश्व आदिवासी दिवस पर स्कूल में स्वच्छता अभियान

**डभरा** , 09 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सकराली के प्राचार्य मदनलाल टांडे ने अपने सहयोगियों के साथ स्कूल में स्वच्छता अभियान के तहत मैदान में लगे घास को सफाई किया गया, यहां यह बताना लाजमी होगा कि छुट्टी के दिनों में भी मदनलाल टांडे खुद स्कूल साफ सफाई करने में लगे रहते हैं। नियमित विद्यालय परिसर एवं मैदान की साफ सफाई करते हैं मदनलाल टांडे प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने स्कूली छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। वह भविष्य में स्कूल के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाना चाहते हैं जिससे पढ़ाई के साथ साथ पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों को जागृत कर सकें इस सफाई अभियान में कुणाल टंडन, जागेश्वर खंडे, गेंद राम टंडन, तुलाराम दिव्य सहित अन्य लोगो ने स्वच्छता अभियान में शामिल रहे ।

# विस अध्यक्ष डा. महंत की आतिथ्य में समाज प्रमुखों के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**विश्व आदिवासी दिवस**

### वन अधिकार मान्यता पत्र तथा हितग्राहीमूलक सामग्रियों का किया गया वितरण



**जांजगीर**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन, नगरपालिका परिषद चांपा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम गौसेवा आयोग अध्यक्ष राजेश्री डॉ रामसुंदर दास महंत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी, शहीद वीरनारायण सिंह एवं बिरसा मुंडा के तैल चित्र पर फूल माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि डॉ चरणदास महंत ने अपने उद्बोधन में सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरे विश्व मे विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस को शासकीय अवकाश घोषित किया है। हमारी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। स्वतंत्रता की लड़ाई में आदिवासी महापुरुषों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमें हमारी संस्कृति और परंपरा को कभी नहीं भूलना चाहिए। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ रामसुंदर दास महंत ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही है। राजधानी रायपुर में विश्व स्तरीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के आदिवासी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों के हित में अनेक फैसले लिए गए हैं जिसके कारण आदिवासियों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को उनके अधिकार दिलाने और विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिले में विभिन्न छात्रावास आश्रमों का संचालन किया जा रहा है तथा छात्रावास आश्रमों के मरम्मत एवं निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए दिया गया है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, राघवेंद्र कुमार सिंह, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष बुधराम सिंह सिदार ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पोस्ट मेट्रिक छात्रावास जांजगीर व स्कूली छात्राओं ने आदिवासी संस्कृति पर आधारित नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी एवं कार्यक्रम का संचालन सतीश सिंह ने किया। कार्यक्रम में 10 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा वितरित किया गया। जिला अंत्याव्यवसायी सहकारी समिति द्वारा 8 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधा, सब्जी-बीज एवं वर्मी कंपोस्ट का वितरण किया गया। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित द्वारा तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक बोनस वितरण किया गया और साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले समाज के लोगो को प्रशस्ति पत्र, साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष चांपा जय थवाईत, नगरपालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला भगवानदास गढेवाल, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, खाद्य आयोग के सदस्य ज्योति किशन कश्यप, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य नारायण खंडेलिया, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य राम पप्पू बघेल, रोजगार गारंटी परिषद की सदस्य शेषराज हरबंश, जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष प्रीतिदेवी सिंह, राघवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री मोतीलाल देवांगन, रवि पांडेय, गुलजार सिंह, देवेश सिंह,नगरपालिका चांपा उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, चांपा पार्षद पुसउ राय सिदार, सर्व आदिवासी समाज प्रमुख ,पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ,वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल , अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ ज्योति पटेल, एसडीएम चांपा, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आदिवासीजन उपस्थित थे।

# फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या 29 हजार हुई



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान अब 16 अगस्त तक फसल बीमा करवा सकते हैं। पिछले साल 16 हजार 6 सौ किसानों ने फसल का बीमा कराया था। इस वर्ष अब तक 29 हजार किसानों ने फसल का बीमा कराया है। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। मंगलवार को कलेक्टर बैठक लेंगी और समीक्षा करेंगी। :- **एमडी मानकर, उपसंचालक कृषि**

**जांजगीर**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान अब 16 अगस्त तक फसल का बीमा करवा सकते हैं। पहले इसकी तारीख 31 जुलाई थी जिसे बढ़ा दिया गया है। किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक या व्यावसायिक बैंकों में जाकर अपने फसल का फसल बीमा करवा सकते हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष किसानों ने फसल बीमा में रूचि दिखाई है। पिछले साल 16 हजार 6 सौ किसानों ने फसल का बीमा कराया था। जबकि इस वर्ष अब तक 29 हजार किसानों ने फसल का बीमा कराया है। यह संख्या अभी एक सप्ताह में और बढ़ सकती है।

सरकार ने किसानों को फसल में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों को धान में जलभराव होने, दूसरे खेत के मुकाबले कम उत्पादन होने पर औसत निकाल कर मुआवजा देने का प्रविधान किया है। सरकार शुरू में किसानों के क्रेडिट कार्ड ऋण से प्रीमियम काट कर बीमा करा देती थी। मगर किसानों को फसल नुकसान होने पर मुआवजा भी लंबे समय तक नहीं मिलता था। सभी किसानों को मुआवजा भी नहीं मिलता । इसलिए किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए रूचि नहीं दिखा रहे थे। यही वजह है कि पिछले वर्ष 16 हजार 600 किसानों ने फसल का बीमा कराया था। मगर इस वर्ष किसानों ने रूचि दिखाई है और अब तक 29 हजार किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2023-24, 2024 -25 एवं 2025 -26 के खरीफ और रबी फसल सीजन के लिए फसल बीमा योजना लागू की गई है। जिसके तहत खरीफ सीजन के धान सिंचित, असिंचित , मक्का, कोदो - कुटकी, रागी, अरहर, उड़द एवं मूंग फसल शामिल हैं।

वहीं रबी सीजन के चना, गेहूं सिंचित - असिंचित और राई, सरसों फसल को अधिसूचित किया गया है। खरीफ फसल के लिए बीमा राशि का 2 प्रतिशत और रबी फसल के लिए राशि का डेढ़ प्रतिशत वहन किया जाएगा। धान सिंचित के लिए 58 हजार रुपए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। जिला सहकारी बैंक द्वारा अब तक लगभग 7 हजार ऋणी किसानों का बीमा किया गया है।

### केएसके के राखड़ में फंसी गायों को ग्रामीणों ने निकाला बाहर

**अकलतरा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कल्याणपुर में केएसके महानदी प्लंट द्वारा पाटे गए राखड़ में तीन गाय राखड़ में फंस गए। जिसे ग्रामीणों ने देखा और आपस पास के लोगो की मदद से बड़ी मशक्कत के साथ सुरक्षित निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि आये दिन यहां पर गाय राखड़ में फंस जाते हैं। राखड़ को डंपकर ठेकेदार ने मिटटी मुरुम नहीं डाला है। जिसके चलते गाय फंस रहे है। ठेकेदार की लापरवाही पशुओं के लिए मुशीबत बना हुआ है। पर्यावरण विभाग द्वारा ठेकेदारों को आंख मूंदकर अनुमति दे दिया गया है परंतु निगरानी करना भूल गया है। जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू ने बताया कि राखड़ ठेकेदार की लापरवाही के चलते पशुओं के लिए मुशीबत बन गया है। ग्रामीणों की मदद से तत्काल तीनों गायों को निकाला गया।

ग्रामीण देवेंद्र शर्मा ने बताया कि केएसके महानदी प्लांट द्वारा बिना अनुमति लिए ही गांव के पचपेडिया तालाब को पाट दिया गया है जबकि इस तालाब से लोगो का निस्तारी होता था। सरपंच और सचिव से पूछने पर बताया गया कि राखड़ पाटने की अनुमति कुछ ही क्षेत्रफल में दिया गया था लेकिन ठेकेदार ने अपनी मनमानी करते हुए राखड़ पाट दिया है।

# 13 अगस्त को मल्लिकार्जुन खड़गे आएंगे जांजगीर, तैयारियां जारी



### होगा भरोसे का सम्मेलन,सीएम भूपेश समेत पूरा मंत्रिमंडल होगा शामिल

**जांजगीर**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 13 अगस्त को कांग्रेस भरोसे का सम्मेलन आयोजित करने जा रही है, जिसमें शामिल होने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ आने वाले हैं। इसकी तैयारी पुलिस ग्राउंड जांजगीर में की जा रही है।

13 अगस्त को आयोजित होने वाला भरोसे का सम्मेलन पार्टी के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत समेत छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में जिला प्रशासन जुटा हुआ है। आयोजन स्थल पर डोम बनाने का काम चल रहा है। जिले के स्थानीय कांग्रेस नेता आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भरोसा का सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहली बार जांजगीर दौरे पर आ रहे हैं, ये गौरव की बात है। बता दें कि 2023 में विधानसभा और 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव होने में अब लगभग 3-साढ़े 3 महीने ही रह गए हैं, ऐसे में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का दौरा अहम माना जा रहा है। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में कुल 8 विधानसभा सीट है, जिनमें जांजगीर-चांपा, अकलतरा, पामगढ़, जैजैपुर, सक्ती, चंद्रपुर, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ शामिल हैं।

### सौरभ सिंह ने सांस्कृतिक भवन का किया भूमिपूजन



**अकलतरा**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। अकलतरा विधायक सौरभ सिंह ने ग्राम बगडबरी पटवारी पारा में विधायक निधि से स्वीकृत चार लाख रूपए की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान मोहल्लावासियों की समस्याएँ सुनकर उनका निराकरण किया। ग्रामवासियों ने बताया कि जलजीवन का ठेकेदार मिशन का कार्य अधूरा ही छोड़ कर भाग गया, जिस पर विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों बात कर कार्य को आगे बढ़वाने की बात कही। वहीं ग्रामीणों द्वारा वर्तमान में यहाँ सीसी रोड न होने की शिकायत पर ,उन्होंने भविष्य में सड़क निर्माण करवाने का आश्वासन दिया।

# कठिन परिश्रम करने से मिलती है सफलता- जिपं सीईओ



**जांजगीर**, 09 अगस्त (देशबन्धु)। विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम करने से सफलता जरूर मिलती है और आप जो शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं उसी में अपना भविष्य बनाते हैं तो फिर आपको कोई कामयाबी छूने से नहीं रोक सकता है। यह बात जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा द्वारा आयोजित 9 वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। इसके पूर्व उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने इस दौरान हथकरघा संस्थान द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

जिपं सीईओ ने कहा कि हथकरघा बहुत प्राचीन कला है, जिसे हम सभी को मिलकर आगे बढ़ाना है, इसकी संभावनाओं को देखते हुए ही प्रदेश के एकमात्र हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में तीन वर्षीय डिप्लोमा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अपने पुश्तैनी मूल कार्य में भी आगे बढ़ने एवं कठिन परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस विषय को आप बचपन से अपने घरों में देखते आ रहे हैं उसी को अपना भविष्य बनाया तो फिर आप सफलता को जरूर छुएंगे। इस दौरान उन्होंने संस्थान द्वारा आयोजित वर्कशॉप का अवलोकन भी किया। उन्होंने हैंडलूम एवं टेक्सटाइल तकनीकी त्रिवर्षीय पाठयक्रम के विद्यार्थियों, बुनकरों से चर्चा की। इस मौके पर संस्थान के अधिकारी-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजाति के पौधरोपण करते हुए उनके संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लाइब्रेरियन एवं बीडीओ श्री बी.एल. पटेल, जिला हथकरघा अधिकारी योगेश्वर बंजारे, रेशम विभाग सहायक संचालक एच.एल.साहू सहित संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, स्थानीय बुनकर आदि शामिल रहे।

# मांदर की थाप पर झूमे विधायक और कलेक्टर, वन अधिकार पट्टा व सामग्रियां वितरित



**सारंगढ़**, 9 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज स्थानीय इनडोर स्टेडियम में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में आदिवासी जीवन के महत्व के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र में आदिवासी समाज और संस्कृति की छाप है?। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का बड़ा योगदान रहा है, उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों गूंडाधूर, वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए उनके सामाजिक योगदान के बारे में बताया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों की कर्जमाफी के साथ ही धान के समर्थन मूल्य की राशि, पेसा कानून, आदिवासियों की जमीन वापसी, देवगुड़ी स्थापना के साथ ही आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में योजनाएं बनाई और उन्हें क्रियान्वित कराकर सबको लाभान्वित भी किया।

कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है और आदिवासी समाज के विकास, उनकी परंपराओं और उनके संसाधनों को जीवंत बनाए रखने के लिए हर साल विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जल जंगल जमीन से जुड़े वन निवासियों को वन अधिकार पत्र बांटे जा रहे हैं एवं शासन उनसे फसल की खरीदी भी कर रहा है, जिनसे उन्हें सीधे लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि अंत्यावसायी एवं कृषि विभाग द्वारा लगातार आदिवासियों को लाभान्वित करने की दिशा में शासन प्रयासरत है।

इसके पश्चात विभिन्न पंचायतों के सरपंचों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही कृषि एवं मनरेगा योजना के तहत आदिवासी किसानों को प्रशासकीय स्वीकृति एवं सामग्री भी वितरित की गई। इसके पहले, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जिला स्तरीय आयोज?न भी किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान नर्तकों के द्वारा कर्मा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में विधायक एवं कलेक्टर मृदंग की थाप पर झूमते हुए नृत्य में शामिल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य सर्वश्री पुरुषोत्तम साहू, बरमकेला जनपद अध्यक्ष तारा शर्मा, सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे, सभापति श्री गनपत जांगड़े, अरूण मालाकार, अनिका भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, उपाध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़ रामनाथ सिदार, जिला पंचायत सदस्य बिलास सारथी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## मेक्सिको में 5.8 तीव्रता का आया भूंकप

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के प्रांत चियापास में भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किए गए। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गयी। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बुधवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार, बुधवार को करीब 09:33 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 123.5 कि.मी. गहराई में 16.6 डिग्री उत्तर अंक्षाश और 93.52 डिग्री पश्चिम देशान्तर में था। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# देश विदेश

# इमरान पांच साल नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

### पाकिस्तान चुनाव आयोग का फैसला

**इस्लामाबाद,** 9 अगस्त (आईएएनएस)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने मंगलवार को पीटीआई प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया।

शनिवार को इस्लामाबाद की एक ट्रायल कोर्ट ने तोशखाना उपहारों का विवरण छिपाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ ईसीपी की आपराधिक शिकायत पर सुनवाई करते हुए खान को तीन साल की कैद की सजा सुनाई थी और साथ ही 100,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था।



डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने उन्हें जानबूझकर और जानबूझकर राष्ट्रीय खजाने से अर्जित लाभों को छिपाकर भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया।

अदालत के आदेश में कहा गया है, उन्होंने तोशखाना से प्राप्त उपहारों की जानकारी प्रदान करते समय धोखाधड़ी की। उनकी बात झूठी और गलत साबित हुई। उनकी बेईमानी संदेह से परे है।


बाद में खान को लाहौर में उनके ज़मान पार्क आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। अखबार डॉन के मुताबिक, फैसले ने संकेत दिया कि इमरान तकनीकी रूप से संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के तहत पांच साल के लिए किसी भी सार्वजनिक पद को धारण करने से अयोग्य हैं, जिसमें कहा गया है एक व्यक्ति को निर्वाचित होने या चुने जाने और होने से अयोग्य ठहराया जाएगा। संसद का सदस्य, यदि वह नैतिक अधमता से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो, तो उसे दो साल से कम अवधि के लिए कारावास की सजा सुनाई गई हो, जब तक कि उसकी रिहाई के बाद से पांच साल की अवधि बीत न गई हो।

मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में ईसीपी ने शनिवार के अदालत के आदेश का हवाला दिया और चुनाव अधिनियम, 2017 की धारा 232 के साथ पढ़े गए संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के तहत खान को अयोग्य घोषित कर दिया।

### तोशाखाना गिफ्ट नीलाम होंगे

## नीलामी की रकम से गरीबों की मदद की जाएगी: शाहबाज

पाकिस्तान सरकार तोशाखाना (सरकारी खजाने) में रखे गिफ्ट्स को नीलाम करेगी। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इन गिफ्ट्स की नीलामी से जो पैसे जमा होंगे उनका इस्तेमाल गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जाएगा। तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद ये फैसला लिया गया है। खान ने प्रधानमंत्री रहते हुए अलग-अलग देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था। उन्होंने तोशाखाने से इन सभी गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपए में खरीदा था, बेचने पर उन्हें 5.8 करोड़ रुपए मिले थे। बाद में खुलासा हुआ कि यह रकम 20 करोड़ से ज्यादा थी।



शाहबाज शरीफ ने कहा- हमने तोशाखाना गिफ्ट्स को नीलाम करने का फैसला किया है।

## जापान में तूफान खानून के कारण 350 उड़ानें रद्द



**टोक्यो**, 9 अगस्त (एजेंसियां)। भीषण चक्रवाती तूफान खानुन के कारण जापानी द्वीप क्यूशू और अन्य क्षेत्रों में मियाज़ाकी और कागोशिमा के बीच चलने वाली लगभग 350 हवाई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिलहाल चक्रवात के केंद्र में दबाव 970 हेक्टोपास्कल है और इस दौरान हवा की गति 30 से 40 मीटर (98 फीट) प्रति सेकंड है । चक्रवात क्यूशू के दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि तेज़ हवाओं और बारिश के परिणामस्वरूप कागोशिमा में 15,000 घरों और मियाज़ाकी में लगभग 2,600 घरों की बिजली काट दी गई है। साथ ही बताया गया है कि दो लोग घायल हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 घंटों में क्यूशू द्वीप पर 300 मिलीमीटर तक वर्षा होने के अनुमान हैं। मूसलाधार बारिश शिकोकू द्वीप के साथ-साथ टोकाई और किंकी के क्षेत्रों को भी प्रभावित करेगी। हवा के भी तेज़ होने की आशंका है।

## सुडोकू 6282


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6282



**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

## वर्ग पहेली-6281



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 10 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 8**

### राशिफल

मेष -आज अत्यधिक धन खर्च की संभावना है, इसलिए संभलकर खर्च करने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ आर्थिक व्यवहार करते समय काफी सावधानी बरतें।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक होगा। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखर उठेगी। मन दुविधा से मुक्त होने के कारण आप हिम्मत से काम कर सकेंगे और उत्तरदायित्वों का अच्छी तरह निर्वाह कर सकेंगे।

मिथुन -आज तन-मन की अस्वस्थता और बेचैनी रहेगी, इस कारण आपको वाणी और व्यवहार में खूब सावधानी बरतने की जरुरत है। आंखों में दर्द होने की भी संभावना है।

कर्क -आज आपका मन चिंता के भार से मुक्त होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। स्त्री मित्रों से विशेष लाभ होगा। नियमित आय में वृद्धि होने के साथ अन्य तरीके से आर्थिक लाभ होगा। शादी के इच्छुक व्यक्तियों का लग्न योग आएगा।

सिंह -विलंब से ही सही, लेकिन कामों में सफलता मिलेगी। ऑफिस या घर में उत्तरदायित्व का बोझ बढ़ेगा। जीवन को अधिक गंभीरता से लेंगे। नए संबंध स्थापित करने या काम के संबंध में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कन्या -शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद होगा।

तुला -स्वास्थ्य का ध्यान रखनें। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े- विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। हितशत्रु अधिक प्रवृत्त होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

वृश्चिक -नौकरी- धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि के लिए जा सकते हैं। आप प्रफुल्लित रहेंगे।

धनु -नौकरी करने वालों के लिए लाभ का दिन है। आर्थिक लाभ की संभावना है। घर में आनंद का वातावरण रहेगा। नौकर और सहकर्मी आपके सहायक बनेंगे। काम में सफलता और यश प्राप्ति होगी।

मकर -कला तथा साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्ति आज अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान दे सकेंगे। अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक शक्तियों का परिचय करा सकेंगे। प्रेमी परस्पर घनिष्ठता का अनुभव करेंगे।

कुंभ -स्वभाव में भावुकता अधिक होने से मानसिक बेचैनी रहेगी। आर्थिक विषयों का आयोजन होगा। माता से अधिक प्रेम का अनुभव होगा। महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र या आभूषणों की खरीदी के पीछे खर्च होगा।

मीन -काम में सफलता पाने के लिए और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज उत्तम दिन है। आपके विचारों में आज स्थिरता रहेगी, इससे कोई भी काम अच्छी तरह हल कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## 'इकोवास नाइजर में कार्रवाई नहीं करेगा'

**पेरिस,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस की यूरोस्केप्टिक पॉपुलर रिपब्लिकन यूनियन पार्टी के नेता फ्रेंकोइस एसेलिनेउ ने संदेह जताया कि पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के 15 देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) अपनी धमकी के बावजूद नाइजर में कोई कार्रवाई करने नहीं करेगा, क्योंकि उनके देशों के बीच कोई एकता नहीं है। इससे पहले, फ्रांसीसी रेडियो प्रसारक आरएफआई ने बताया कि नाइजीरिया नाइजर में सैन्य तख्तापलट को कायम रखने के लिए 25 हजार सैनिकों में से आधे से अधिक को तैनाती कर सकती है। इसके अलावा, सेनेगल, बेनिन और कोटे डी आइवर के सशस्त्र बल भी इस अभियान में शामिल हो सकते हैं। वहीं माली और बुर्किना फासो ने कहा कि वे नाइजर में किसी भी सैन्य हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये सभी देश इकोवास के सदस्य हैं। श्री एसेलिनेउ ने कहा, नाइजर में सैन्य रूप से प्रवेश करना गलत होगा। इकोवास अपनी धमकी के बावजूद ऐसा कभी नहीं करेगा क्योंकि उसमें शामिल देशों के समूह में कोई एकमत नहीं है और यह योजना विफलता हो सकती है। अफ्रीकियों के बीच बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए। गौरतलब है कि 26 जुलाई को नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को अपदस्थ करके हिरासत में ले लिया गया था।

# पुतिन के खिलाफ आईसीसी का वारंट 'बेतुका' : सारे



**वाशिंगटन,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के ऊपरी सदन सीनेट के निर्दलीय उम्मीदवार डायने सारे ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की ओर से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ जारी किया गया गिरफ्तारी वारंट पूरी तरह से 'बेतुका' है और इसका उद्देश्य परमाणु महाशक्ति के लिए खतरनाक सुरक्षा स्थिति पैदा करना है। श्री सारे ने स्पूतनिक से बातचीत में कहा, यह स्पष्ट रूप से बेतुका है। यह एक प्रमुख परमाणु महाशक्ति संपन्न देश के प्रमुख के लिए खतरनाक सुरक्षा स्थिति पैदा करने के लिए तैयार किया गया है और यह सिर्फ उसी का संकेत है, जो मैं पहले कह रहा था। सत्य का कोई मानक नहीं है ... अभी न्याय का दोहरा मानक है। जाहिर तौर पर नियम-आधारित आदेश का अर्थ है कि हम नियम बनाते हैं, लेकिन हम न केवल नियम बनाते हैं, बल्कि नियम स्वयं मनमाने होते हैं और बदले जा सकते हैं। आईसीसी ने मार्च में यूक्रेन से रूस में बच्चों के गैरकानूनी स्थानांतरण का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति पुतिन और बच्चों के अधिकारों के लिए आयुक्त मारिया लावोवा-बेलोवा के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## रूस में विस्फोट स्थल खाली करने के आदेश

**मास्को।** रूस की राजधानी मास्को में सर्गेई पोसाद इलाके में ऑप्टिकल-मशीनी संयंत्र में हुए विस्फोट के बाद इलाके को पूरी तरह से खाली कराने को कहा गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले आपातकालीन सेवाओं ने रूसी न्यूज एजेंसी से बुधवार को कहा कि सर्गेई पोसाद स्थित एक ऑप्टिकल मशीनी संयंत्र (चश्मा बनाने वाले संयंत्र) में विस्फोट हुआ है।

# बांग्लादेश में मूसलाधार वर्षा से बाढ़ व भूस्खलन



**बारिश से जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त**

**ढाका,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के चटगांव, कॉक्स बाजार और बंदरबन जिलों में लगातार मूसलाधार वर्षा के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बाढ़ पूर्वानुमान एवं चेतावनी केंद्र के अनुसार इसके बंदरबन जिला बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है, इसके बाद कॉक्स बाजार और चिटगांव जिलों में बाढ़ का भयानक प्रभाव देखने को मिला है। इनके साथ साथ फेनी जिले के कुछ इलाके भी बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए है। चटगांव जिले के करीब 15 उपजिलों में बाढ़ आने से लाखों लोग फंस गए हैं। बंदरबन जिले की अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा ने कहा कि पिछले तीन दिनों में जिले में भारी बारिश के कारण लगभग सौ पहाड़ियाँ ढह गई हैं। भूस्खलन में कई लोग घायल हो गए।

## हॉलिडे होम में आग लगने के बाद 11 लोग लापता

**पेरिस,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस के पूर्वी इलाके में स्थित सीखने की अक्षमता वाले दिव्यांग लोगों के लिए बनाये गये एक हॉलिडे होम में बुधवार को आग लगने के बाद से 11 लोग लापता हैं।

बुधवार को स्थानीय समयानुसार 06:30 बजे आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट किए जाने के बाद लगभग 80 अग्निशामकों को विंटजेनहेम में आग बुझाने के लिए भेजा गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि इसकी शुरुआत विकलांग युवाओं की मदद करने वाली एक चैरिटी द्वारा उपयोग की जाने वाली संपत्ति से हुई है।इस आग से 17 लोगों को सुरक्षित बचाया गया। एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है। बचाव अभियान जारी होने की पुष्टि करते हुए आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि संभावना है कि जर्मन सीमा के करीब शहर में आग से कई लोग हताहत हुए होंगे। एक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय सरकार ने एक बयान में कहा कि आग नियंत्रण में है।

## तूफान खानून: चीन में और अधिक बारिश का अनुमान

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने इस वर्ष का छठवां तूफान 'खानून' के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया है, जिससे देश के उत्तरपूर्वी प्रांतों में बारिश का एक नया दौर की शुरू होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार तूफान के कारण गुरुवार से जिलिन और हेइलोंगजियांग प्रांतों में भारी बारिश होने की आसार हैं, साथ ही कुछ इलाकों और क्षेत्रों के तूफान की चपेट में आने की भी संभावना है।

## सुडोकू 6282 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

## आज का इतिहास

1809 -इक्वाडोर को स्पेन से आजादी मिली।

1822 -सीरिया में विनाशकारी भूकंप से 20 हजार लोगों की मौत.

1831-कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में चक्रवाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत।

1894 -वी वी गिरी का जन्म

1966 -अमेरिका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने पहला अंतरिक्ष यान भेजा।

1962 -आज ही के दिन बच् चों का च हेता स् पाइडरमैन कॉमिक बुक अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया।

1977-ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल बाद उत्तरी आयरलैंड का दौरा किया।

1979 -उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 प्रक्षेपित।

1990-लगभग एक साल तीन महीने बाद अमेरिका का अंतरिक्ष यान मगैलन शुक्र ग्रह पर पहुंचा, लेकिन उतरने के कुछ ही समय बाद कैलिफोर्निया स्थित नासा के संचालन केंद्र से संपर्क टूट गया।

2004 -संयुक्त राष्ट्र और सूडान के बीच दारफुर कार्ययोजना पर हस्ताक्षर।

2006-श्रीलंका में तमिल विद्रोह पर सैन्य कार्रवाई में 50 नागरिक मारे गए।

2008 -चेन्नई के एक लैब में एंटी एड्स वैक्सीन का सफल परीक्षण किया गया।


**पर्यटन** *जर्मन नेशनल टूरिस्ट बोर्ड ने जारी किए आंकड़ें*

# जर्मनी में रात बिताने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या तीन गुना बढ़ी

**नई दिल्ली, 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीयों में बीच जर्मनी के मनोरम पर्यटक स्थलों को देखने की ललक तेजी से बढ़ रही है क्योंकि वर्ष 2022 में जर्मनी में रात गुजारने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या करीब तीन गुना बढ़कर 6,23,363 पर पहुंच गई। जर्मन नेशनल टूरिस्ट बोर्ड के नवीनतम आंकड़ों से यह तस्वीर सामने आई है। जर्मनी नेशनल टूरिस्ट ऑफिस (जीएनटीओ) और भारत में जर्मनी दूतावास द्वारा आज आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह आंकड़े जारी किये गये।**

जर्मनी में 51 यूनेस्को प्रमाणित वैश्विक धरोहर स्थल हैं, साथ ही पर्यावरण के अनुकूल एवं प्राकृतिक स्थल भी हैं। जीएनटीओ का लक्ष्य ऐसे भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करना है, जो प्राकृतिक सौंदर्य और सौंदर्य से पूर्ण गांवों को देखने में रुचि रखते हैं। 2022 में जर्मनी में रात बिताने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 6,23,363 रही जबकि 2021 में यह 2,01,194 रही थी। हालांकि 2019 के रिकॉर्ड 9,61,656 भारतीय पर्यटकों की तुलना में यह संख्या अभी काफी कम है। जीएनटीओ के भारत निदेशक रोमित थियोफिलस ने कहा, हम 2019 के स्तर के 65 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं और

अभी भी विकास की संभावनाएं शेष हैं। भारतीयों में विदेश यात्रा की व्यापक मांग देखने को मिलती है। शानदार ऑफरों के साथ जर्मनी एक आकर्षक गंतव्य है। हमारा लक्ष्य



**जर्मनी में 51 यूनेस्को प्रमाणित वैश्विक धरोहर स्थल**

जर्मनी में रात बिताने वाले पर्यटकों की संख्या को कोविड-19 से पहले के स्तर पर पहुंचाना है। 2021 की तुलना में हमने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो इस बात का प्रमाण है कि हमारे अभियान एवं ऑफर्स आकर्षक हैं और भारतीयों को लुभा रहे हैं। हम जानते हैं कि जर्मनी ऐसे भारतीय पर्यटकों को लुभाता है, जिनकी संस्कृति एवं इतिहास में रुचि है। उन्होंने कहा कि जर्मनी के पर्यटन उद्योग में पर्यावरण के अनुकूल कदमों को अपनाना फोकस में रहा है और उन्हें भरोसा है कि देश की प्राकृतिक सुंदरता, इनोवेटिव इको-टूरिज्म की प्रक्रियाएं और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर भारतीय पर्यटकों को लुभाएंगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन गतिविधियों ने दुनियाभर तेजी पकड़ी है और भारतीयों ने इसे तत्परता से अपनाया है। कोरोना महामारी के बाद से पर्यटकों के व्यवहार में आए बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और अब पर्यटक पर्यावरण के ज्यादा निकट हुए हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए जीएनटीओ 2023 के लिए तीन अलग-अलग अभियान के साथ टूरिज्म पैकेज दे रहा है। 51 यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स ङ्क हिस्टोरिक, मॉडर्न, जर्मनी अभियान का लक्ष्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐतिहासिक वैश्विक धरोहरों एवं विविधताओं को प्रदर्शित करना है।

## दुनिया को जानें

# सोमालिया में हैजा से 30 की मौत डब्ल्यूएचओ ने तेज की गतिविधियां

**मोगादिशू,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमालिया में हैजा के कारण जनवरी से अब तक 30 लोगों की मौत के बाद लोगों की जान बचाने और हैजा फैलने से रोकने के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। डब्ल्यूएचओ ने मंगलवार को कहा कि सोमालिया में 2022 से 28 जिलों में और 2017 के सूखे के बाद से बनादिर क्षेत्र में हैजा का निर्बाध संचरण हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, 2023 के महामारी विज्ञान सप्ताह 1 के बाद से सोमालिया के 28 जिलों में हैजा के कारण 30 लोगों की मौत हुयी है और इसके कुल 11,704 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जुलाई के अंत में सोमालिया 28 जिलों में लगभग 235 नए संदिग्ध मामले सामने आए, लेकिन राहत की बात यह है कि इसके कारण किसी की मौत नहीं हुयी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार उपर्युक्त जिलों से रिपोर्ट की गई कुल मृत्यु दर 0.3 प्रतिशत है, जो एक प्रतिशत से अधिक की आपातकालीन सीमा से नीचे है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, डब्ल्यूएचओ और स्वास्थ्य संस्थाओं ने जुबलैंड राज्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए सूखा प्रभावित जिलों में हैजा प्रतिक्रिया हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन को बढ़ाया है।

# खेल जगत

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैट टर्नर के साथ चार साल का करार किया



**नॉटिंघम ( इंग्लैंड ),** 9 अगस्त (एजेंसियां)। प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट ने बुधवार को घोषणा की कि उसने आर्सेनल से यूएसए के गोलकीपर मैट टर्नर के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। मैट टर्नर ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे उन्हें 2027 की गर्मियों तक द सिटी ग्राउंड में रखा जाएगा। वह फॉरेस्ट के गोलकीपिंग समूह के हिस्से के रूप में हमवतन एथन होर्वाथ के साथ जुड़ गए हैं। फरवरी 2021 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद से टर्नर ने संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए 32 मैच खेले हैं और इस गर्मी में इस खिलाड़ी ने कोनकाकाफ गोल्ड कप अभियान के दौरान अपने देश की कप्तानी की थी। ओला आइना और एंथोनी एलंगा के आगमन के बाद 29 वर्षीय फ़ॉरेस्ट ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण विंडो पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा खिलाड़ी बन गया। टर्नर के कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

# भारत–पाक सहित नौ विश्व कप मैचों की तारीख बदली गई

**दुबई,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले की तारीख 15 से बदलकर 14 अक्टूबर कर दी गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को यह पुष्टि की।

आयोजकों ने पिछले महीने जारी किये गये विश्व कप कार्यक्रम में कुल नौ मैचों की तिथियों में बदलाव किये। भारत और पाकिस्तान के मुकाबले की तारीख बदले जाने के कारण 14 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला 15 अक्टूबर के लिये स्थगित कर दिया गया।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अहमदाबाद पुलिस ने हाल ही में विश्व कप आयोजकों को सूचित किया था कि 15 अक्टूबर हिन्दुओं के पावन त्योहार नवरात्रि का पहला दिन है, जिसके कारण वह मैच में सुरक्षा नहीं दे सकेगी। अहमदाबाद पुलिस की तरह ही कोलकाता पुलिस ने भी काली पूजा के दिन 12 नवंबर को ईडन गार्डन में पर्याप्त सुरक्षा देने में असमर्थता व्यक्त की थी। आयोजकों ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड मुकाबले को 12 की जगह 11 नवंबर को आयोजित करने का फैसला लिया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और बंगलादेश (पुणे, सुबह 10-30 बजे) भी 12 की जगह 11 नवंबर को भिड़ेंगे।

इस बीच, नीदरलैंड के खिलाफ भारत का आखिरी लीग मैच अब 11 से 12 नवंबर तक स्थानांतरित कर दिया गया है, जो कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जायेगा।

इसके अलावा आईसीसी और मेज़बान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीन अन्य मुकाबलों के आयोजन में बदलाव किया है।

हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मुकाबला 12 अक्टूबर की जगह 10 अक्टूबर को खेला जायेगा। लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का बड़ा मैच 24 घंटे पीछे चला गया है और अब दोनों टीमें 13 अक्टूबर के बजाय 12 अक्टूबर को एक दूसरे से टकराएंगी।

इसी तरह, बंगलादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड का मैच मूल रूप से 14 अक्टूबर को चेन्नई में सुबह 10-30 बजे शुरू होना था, लेकिन अब यह 13 अक्टूबर को अपराह्न दो बजे शुरू होगा।

टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण में एक मामूली बदलाव धर्मशाला में बंगालेश–इंग्लैंड मैच के समय के संदर्भ में किया गया है। दोनों टीमें स्थानीय समयानुसार सुबह 10-30 बजे से मैदान पर उतरने वाली थीं, लेकिन अब यह मुकाबला अपराह्न दो बजे शुरू होगा।

एकदिवसीय विश्व कप पांच अक्टूबर को 2019 के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा, जबकि इसका फाइनल 19 नवंबर को खेला जायेगा। टूर्नामेंट का आगाज़ और अंजाम दोनों नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर होगा। इस शीर्ष आयोजन के लिये टिकटों की बिक्री 25 अगस्त को शुरू होगी।



## विश्व कप की टिकट बिक्री 25 अगस्त से शुरू

**मुंबई।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकट 25 अगस्त से बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने बताया कि टिकटों की अपेक्षित मांग को प्रबंधित करने के लिये बिक्री चरणों में की जाएगी। भारत के अलावा अन्य टीमों के अभ्यास मैच और लीग चरण मैचों के टिकट 25 अगस्त को उपलब्ध होंगे। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में भारत के मैचों के टिकट 30 अगस्त को उपलब्ध होंगे। चेन्नई, दिल्ली और पुणे में भारत के मैचों के टिकट 31 अगस्त को उपलब्ध होंगे। धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई में होने वाले भारत के मैचों के टिकट एक सितंबर से खरीदे जा सकेंगे, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता में होने वाले भारतीय टीम के मैचों की टिकट बिक्री दो सितंबर को शुरू होगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर भारत के मैचों के टिकट तीन सितंबर को बिकेंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट 15 सितंबर को खरीदे जा सकेंगे। क्रिकेट प्रेमी टिकट बिक्री से संबंधित सूचनाएं सबसे पहले हासिल करने के लिये क्रिकेट वर्ल्ड कप डॉट कॉम पर पंजीकरण कर सकते हैं। बीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमांग अमीन ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रशंसक आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक टिकटों पर जानकारी और अपडेट प्राप्त करने के लिये पंजीकरण कर सकते हैं।

# वनडे में मेरे आंकड़े खराब, इसे मानने में कोई शर्म नहीं : सूर्यकुमार



**गयाना,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया है कि वनडे क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, हालांकि वह एकदिवसीय विश्व कप की ओर बढ़ते हुए इस प्रारूप में बेहतर बनने की कोशिश कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा, अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में मेरे आंकड़े काफी खराब हैं। यह मानने में कोई शर्म नहीं है। हम ईमानदारी के बारे में बात करते हैं, आपको ईमानदार होने की ज़रूरत है लेकिन यह और भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने खेल में कैसे सुधार करते हैं।

सूर्यकुमार वेस्ट इंडीज दौरे पर हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में मात्र 78 रन बना सके। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोटग्रस्त होने के बाद सूर्यकुमार भारतीय मध्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं और उन्हें विश्व कप में भी यह भूमिका निभानी पड़ सकती है। सूर्यकुमार ने कहा, हमने इतना टी20 क्रिकेट खेला है कि हम उसके आदी हो गये हैं। हम उतना एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेलते इसलिये यह प्रारूप काफी चुनौतीपूर्ण है। आपको इसमें अलग–अलग तरीके से खेलना आना चाहिये। अगर शुरुआत में कुछ विकेट गिर गये तो आपको संयम के साथ खेलना होगा, मध्य ओवरों में रन निकालने होंगे और आखिरी ओवरों में टी20 वाला रवैया अपनाना होगा।

उन्होंने कहा, फिलहाल, टीम प्रबंधन ने मुझे वनडे क्रिकेट के बारे में जो बताया है, मैं उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उस विश्वास को बनाये रखने की कोशिश करूंगा जो टीम को मुझ पर है। सूर्यकुमार को वनडे क्रिकेट में पहले नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिये कहा गया था, लेकिन टी20 में उनके प्रदर्शन को देखते हुए टीम प्रबंधन ने उन्हें नंबर छह पर आज़मने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) भाई ने मुझसे कहा है कि यह ऐसा प्रारूप नहीं है जो हम बहुत ज्यादा खेलते हैं। वह चाहते हैं कि मैं क्रीज पर समय बिताऊं और 45 से 50 गेंदें खेलूं। यही टीम प्रबंधन का संकेत है, अब यह मुझ पर है कि मैं अंतिम 15–18 ओवरों में बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मुझे अपना खेल कैसे खेलना है।

सूर्यकुमार ने मंगलवार को वेस्ट इंडीज के विरुद्ध 44 गेंदों में 83 रन की पारी खेलकर भारत को सात विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने इस करो या मरो मुकाबले में तिलक वर्मा (37 गेंद, 49 रन) के साथ 87 रन की साझेदारी की, जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुई।

सूर्यकुमार ने तिलक पर कहा, %मुझे लगता है कि उसकी सोच बहुत स्पष्ट हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने खेल को अच्छी तरह से जानता है। उसे पता है कि जब वह बल्लेबाजी करने आता है तो क्या करना चाहता है। मानसिक रूप से वह बहुत मजबूत है और जब आप भारतीय ड्रेसिंग रूम में आते हैं तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात होती है।

# अगले हफ्ते तक हो सकता है राहुल की फिटनेस का फैसला



**बेंगलुरु,** 9 अगस्त (एजेंसियां) दाहिनी जांघ की सर्जरी करवाने के बाद रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे केएल राहुल की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अगले सप्ताह की शुरुआत तक स्पष्टता दे सकता है। क्रिकबज़ की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, राहुल इस सप्ताहांत बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर अंतिम निर्णय लेगी। रिपोर्ट के अनुसार राहुल 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। इसी कारण एनसीए ने अभी तक बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति को औपचारिक रूप से उनकी उपलब्धता के बारे में सूचित नहीं किया है। जिन लोगों ने हाल ही में राहुल से मुलाकात की है उन्होंने उल्लेख किया है कि एनसीए में चल रहे लेवल–3 कोचिंग सत्र के दौरान वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे। राहुल के करीबी लोगों ने यह भी दावा किया है कि वह आवश्यक कार्यभार का लगभग 85 प्रतिशत प्रबंधन करने में सक्षम हैं। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि शेष 15 प्रतिशत अभ्यास मैच में ही दिखाया जा सकता है। आमतौर पर, खिलाड़ियों को अभ्यास मैचों में तब तक भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक कि वे 85 प्रतिशत फिटनेस हासिल न कर लें। इसके अलावा, एनसीए की नीति यह है कि जब तक कोई खिलाड़ी अभ्यास मैच में भाग नहीं लेता और सुरक्षित वापस नहीं आ जाता, तब तक उसे हरी झंडी नहीं दिखाई जाती। उल्लेखनीय है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के एक मैच में फील्डिंग करते हुए राहुल की जांघ की मांसपेशी खिंच गयी थी।

# गयाना में सूर्य चमका, भारत की सात विकेट से जीत

**गयाना,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने कुलदीप यादव (28/3) की नायाब गेंदबाजी और सूर्यकुमार यादव (44 गेंद, 83 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की बदौलत तीसरे टी20 में मंगलवार को वेस्ट इंडीज पर सात विकेट से जीत दर्ज की। वेस्ट इंडीज ने रोवमैन पॉवेल (19 गेंद, 40 रन) के तूफानी योगदान की मदद से भारत के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने करो या मरो मुकाबले में यह लक्ष्य 17.5 ओवर में हासिल कर सीरीज की हार टाल दी। वेस्ट इंडीज 15 ओवर में 106 रन ही बना सकी थी मगर पॉवेल की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से मेज़बान टीम अंतिम पांच ओवर में 53 रन जोड़ने में सफल रही। सूर्यकुमार ने हालांकि 44 गेंद पर 10 चौकों चार छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर मैच को भारत की झोली में डाल दिया। सूर्यकुमार भले ही शतक से चूक गये, लेकिन उनकी और तिलक वर्मा (49 नाबाद) की 87 रन की साझेदारी ने भारत को 13 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य तक पहुंचा दिया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेब्यूटांट यशस्वी जायसवाल (एक) और शुभमन गिल (छह) के विकेट सस्ते में गंवा दिये, लेकिन सूर्यकुमार की धुआंधार बल्लेबाजी की मदद से मेहमान टीम पावरप्ले में 60 रन जोड़ने में कामयाब रही। एकदिवसीय शृंखला और शुरुआती दो टी20 मैचों में लयविहीन रहे सूर्यकुमार ने इस मैच में चौका जड़कर खाता खोला, जबकि दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिये। उपकप्तान सूर्यकुमार ने आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की नीची फुलटॉस पर चौका लगाकर 23 गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। विंडीज के कप्तान पॉवेल ने रनों पर लगाम लगाने के लिये स्पिनरों को गेंद सौंपी। यह प्रयास हालांकि निरर्थक साबित हुआ और सूर्यकुमार ने अपने रंग में लौटने का अंदेशा देते हुए अकील हुसैन को कवर्स के ऊपर से चौका लगाया। एशिया, यूरोप और ओशिआनिया में शतक जड़ चुके सूर्यकुमार के पास अमेरिकी महाद्वीप में सैकड़ा जमाने का मौका था लेकिन वह अल्ज़ारी जोसेफ़ की एक फुलटॉस पर ब्रैंडन किंग को कैच दे बैठे।



# गिल टॉप-5 में पहुंचे, ईशान ने भी लगाई लंबी छलांग

**दुबई,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी बल्लेबाजों की नई आईसीसी वनडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके साथी सलामी बल्लेबाज ईशान किशन नौ स्थान की छलांग लगाकर 36वें स्थान पर पहुंच गए। आईसीसी ने बुधवार को ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है। भारतीय खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा मिला है।

हाल ही में वेस्टइंडीज पर भारत की 2–1 वनडे सीरीज जीत के दौरान शुभमन गिल और ईशान बल्ले से भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। इस जोड़ी ने तीन मैचों में 310 रन बनाए।

बल्लेबाजों की सूची में गिल दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गये। वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी शानदार सीरीज के दम पर भारतीय बल्लेबाज 743 रेटिंग अंक तक पहुंच गया है और तीसरे स्थान पर फखर जमान (755) और चौथे स्थान पर इमाम–उल–हक (745) से पीछे है। इस लिस्ट में टॉप पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 886 अंक के साथ सबसे आगे हैं और दूसरे नंबर पर रैसी वान डेर डुसेन 777 अंक के साथ काबिज हैं।

दूसरी ओर, ईशान किशन ने 589 अंक के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अर्जित की, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने प्रयासों के बाद 10 स्थानों के सुधार के साथ 71वें स्थान पर पहुंच गए।

वनडे ऑलराउंडरों की सूची में भी पांड्या पांच पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजों की रैंकिंग में सबसे ज्यादा प्रभाव डाला। गेंदबाजी चार्ट में, वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में सात विकेट लेकर कुलदीप चार स्थान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए जबकि शार्दुल ठाकुर, जिन्होंने श्रृंखला में सबसे ज्यादा आठ विकेट लिए, वो तीन स्थान की छलांग लगाकर 30वें स्थान पर पहुंच गए।



# एशिया कप के लिए फहीम अशरफ, तैय्यब ताहिर की पाकिस्तान टीम में वापसी

**लाहौर,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर फहीम अशरफ और मध्यक्रम के बल्लेबाज तैयब ताहिर को बुधवार को एशिया कप के साथ–साथ अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे मैचों के लिए पाकिस्तान की टीम में बुधवार को शामिल किया गया, जो दोनों श्रीलंका में होंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज शान मसूद, जिन्हें इस साल की शुरुआत में इस प्रारूप में उप–कप्तान बनाया गया था, और इहसानुल्लाह अप्रैल और मई में न्यूजीलैंड के साथ पांच वनडे मैचों में खेलने वाली टीम से अनुपस्थित रहे। हाल ही में नियुक्त मुख्य चयनकर्ता इंजमाम–उल–हक द्वारा घोषित टीम में, सऊद शकील, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बल्ले से प्रभावशाली समय बिताया था, को अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैचों में शामिल किया गया है, जिन्होंने पहले प्रारूप में केवल पांच मैच खेले थे। दो साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद फहीम ने टीम में वापसी की और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम का संतुलन बढ़ाया। इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच जुलाई 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान की तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान था।

इस बीच, तैय्यब को अब वनडे टीम में दूसरा मौका मिला है। पाकिस्तान कप 2022–23 में शानदार प्रदर्शन के बाद जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों से पहले उनका पहला कॉल–अप आया, जिसने उन्हें इस आयोजन में अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में देखा।

# हॉकी इंडिया लीग फिर शुरू करने के लिए विंडो पर हॉकी इंडिया से हुई अनौपचारिक चर्चा, बस तारीखें तय करना बाकी : तैयब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 9 अगस्त (देशबन्धु)। भारत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को फिर से शुरू करने के लिए विंडो की बाबत अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के अध्यक्ष पाकिस्तान मूल के तैयब इकराम ने माना इस बाबत उनकी हॉकी इंडिया से अनौपचारिक चर्चा हुई है। भारत में आखिरी बार एचआईएल 2017 में हुई थी। तैयब हुसैन ने इस संवाददाता के सवाल के जवाब में साफ साफ कहा कि हॉकी इंडिया लीग के लिए विंडो की बाबत अब हमें यानी एफआईएच को तारीखों को तय करना है। हालांकि इससे पहले एफआईएच अध्यक्ष तैयब हुसैन ने जब यह कहा कि उन्हें भारत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएचल) शुरू कराने की बाबत कोई अनुरोध नहीं मिला तो इस पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके बयान पर पलट कर जवाब दिया कि उनकी इस बाबत एफआईएच से अनौपचारिक चर्चा तौर पर सही बराबर हुई है और अभी चल रही है।

हॉकी इंडिया के भोला नाथ सिंह ने कहा, मैं तो भारत में आठ टीमों की एचआईएल लीग के लिए पूरी तैयारी कर चुका हूं। मैं तो भारत में इस महिला टूर्नामेंट के भी तैयार हूं और इसके लिए रांची आने के लिए तैयार रहे। रांची में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में नया हॉकी टर्फ भी लग चुका है। बहुत जल्द आप रांची में बड़ा महिला हॉकी टूर्नामेंट होते देखेंगे। भारत बदकिस्मती यदि कहीं हांगजू (चीन) में स्वर्ण पदक सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर पाता है और उसके क्वालीफायर खेलने की नौबत आती और उस इसके लिए यदि पाकिस्तान जाना पड़ता तो सरकार की ओर से इस बाबत कोई दिक्कत नहीं आएगी क्योंकि यह भारत के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अहम है। देश के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी पहले ही यह कह सके हैं कि ओलंपिक जैसे टूर्नामेंट के भारतीय टीम को पाकिस्तान ही नहीं कहीं भी जाना पड़े तो इसमें सरकार की ओर से कोई रोक टोक नहीं है। जहां तक भारतीय क्रिकेट टीम के एशिया कप के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाने की बात है तो आप मेरे मुंह से सच सुनना चाहते हैं तो मैं इस यही कहूंगा कि क्रिकेट तो भाई क्रिकेट है। क्रिकेट की बात ही अलग है। एआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने पेनल्टी कार्नर को रोकने के लिए डिफेंडरों पर खतरा खत्म करने के लिए ड्रैग फ्लिक की रफ्तार को करने की बात इस बाबत उनकी दुनिया भर के मुल्कों के हॉकी संघों के साथ यहां एशियन



■ मैं तो आठ टीमों की एचआईएच की पूरी तैयारी कर चुका हूं : भोलानाथ सिंह

■ ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिए पाक सहित कभी भी जाने पर रोक नहीं

चैंपियंस ट्रॉफी हाकी में शिरकत कर रही विभिन्न टीमों के कप्तान से चर्चा हुई है। तैयब ने कहा, सभी का मानना है कि पेनल्टी कॉर्नर सहित हॉकी के नियमों में किसी तरह का बदलाव हॉकी की मूल भावना और इसकी रवानी से किसी तरह के समझौता किए बिना होने चाहिए। पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक पर हमारी कोशिश यह डिफेंडर महफूज रहे इसीलिए हमने इसमें बदलााव की बाबत सोच रहे हैं। हमने इसे देश में घरेलू टूर्नामेंटों और कॉलेज आदि में फिलहाल प्रयोग के पर लागू करके देखने को कहा है। जहां तक दुनिया के हॉकी की आज लोकप्रियता में इसके नीदरलैंड के फ्लोरिस बोवलेंडर और सुहेल अब्बास जैसे नायकों के रूप में खिलाड़ियों के लोकप्रियता और आदर्श की बात है तो बेशक ये हॉकी खिलाड़ियों और इसे खेल के रूप में अपनाने वाले नौजवानों के नायक हैं लेकिन इनके अलावा भी हॉकी में अन्य बहुतेरे आदर्श है। तैयब हुसैन ने कहा, हमने गिव बैक टू फॉरेस्ट (जंगल ने जो दिया उसे लौटाओ) की दुनिया में पेड़ों को लगाने और बचाने की खास मुहिम 6 जून को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) अध्यक्ष टॉमस बाख की मौजूदगी में शुरू की। इससे दुनिया भर में जंगल और लकड़ी बचाने में मदद मिलेगी क्योंकि पहले हॉकी भी लकड़ी से बनी हॉकी स्टिक से खेली जाती थी। जहां तक इसके हॉकी स्टिक सहित हॉकी उपकरणों के और महंगे होने की बात है तो अब एफआईएच ने दुनिया भर के मुल्कों को स्टिक सहित हॉकी उपकरण उपलब्ध कराने का जिम्मा लिया है।

## सार संक्षेप

### भारत को मिल गया नंबर-4 का बेस्ट दावेदार : आकाश

**नई दिल्ली।** भारत ने 0-2 से पिछड़ने के बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मैच सात विकेट से जीत लिया। इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा ने एक बार फिर अच्छी ब्ललेबाजी की। वनडे विश्व कप 2023 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 5 अक्टूबर से इस मेगा-इवेंट का आगाज भारत में होने जा रहा है, जिसका फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा। सभी टीमें इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियों में लगी हुई है लेकिन कुछ ऐसे पहलू हैं जो भारतीय टीम के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। उनमें से ही एक है नंबर-4 बैटिंग पोजिशन। ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर इस नंबर पर खेलने वाले भारत के प्रमुख खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और केएल राहुल काफी समय से चोटिल हैं और इस वक्त वह एनसीए में रिहैब प्रोसेस से गुजर रहे हैं। उनका वर्ल्ड कप खेलना अभी तय नहीं है। इस बीच प्रज्ञान ओझा ने इस पोजिशन के लिए भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का नाम लिया जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया है और अपनी बल्लेबाजी से सब को इंप्रेस कर रहे हैं। प्रज्ञान ने ट्वीट कर लिखा, क्या वनडे में भारतीय टीम के लिए नंबर 4 की परेशानी को खत्म करने में तिलक वर्मा को शामिल करने की कोई संभावना है?

### हसरंगा थ्री इन वन है : मुश्ताक अहमद

कोलंबो। वानिंदु हसरंगा लंका प्रीमियर लीग 2023 में अपना ए गेम लेकर आए हैं और बेहतरीन कौशल के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टार ऑलराउंडर ने दिग्गज स्पिनर और बी-लव कैंडी के कोच मुश्ताक अहमद को भी प्रभावित किया है, जिन्होंने खुलासा किया कि श्रीलंकाई खिलाड़ी को क्रिकेट में एक विशेष वस्तु क्या बनाती है। वह लीग में बी-लव कैंडी फ्रेंचाइजी का नेतृत्व भी कर रहे हैं और उन्होंने शानदार काम किया है क्योंकि टीम पांच मैचों के बाद छह अंकों के साथ इस समय तालिका में शीर्ष पर है। मुश्ताक ने टिप्पणी की, लेग स्पिनर हमेशा एक रहस्य होते हैं, जब लोग आपको नहीं चुनते हैं, तो आप बहुत अच्छा महसूस करते हैं, और यह मजेदार लगता है। हसरंगा के पास बहुत अच्छी विविधता है और उनकी लाइन और लेंथ भी बहुत अच्छी है। और तीसरा बहुत महत्वपूर्ण है जो एक लेग स्पिनर है स्वभाव ऐसा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हसरंगा दबाव में अपने कौशल को बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत और निष्पादित कर सकता है, इसलिए, यह उसे बहुत खास बनाता है, वह थ्री इन वन है क्योंकि वह बल्लेबाजी भी कर सकता है जो एक फायदा है। हसरंगा के कप्तानी कौशल ने उनके साथियों को भी प्रभावित किया है, जिनका मानना है कि लंका प्रीमियर लीग 2023 खिलाड़ी के साथ-साथ श्रीलंका को अपने आगामी लीडर को तैयार करने में मदद कर रहा है।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# विकासशील देशों का ध्यान रखने वाले वैश्विक निवेश कानून बने : अटार्नी जनरल

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा है कि इस समय ऐसा वैश्विक निवेश कानून बनाने की आवश्यकता है जिसमें विकासशील देशों की संवेदनशीलता और प्राथमिकताओं की झलक हो।

श्री वेंकटरमणी राजधानी में सेंटर फॉर ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लॉ (सीटीआईएल) की 6वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निवेश सुरक्षा और सुविधा के निर्धारण में एक नये और वैकल्पिक प्रतिमान पर नई दिल्ली घोषणा लाने का समय आ गया है।

वाणिज्य मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम का आयोजन चार अगस्त को हुआ था। यह केंद्र राजधानी में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के परिसर में है। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल, अतिरिक्त सचिव पीयूष कुमार और आईआईएफटी के कुलपति प्रोफेसर सतिंदर भाटिया उपस्थित थे।



इस समय ऐसा वैश्विक निवेश कानून बनाने की आवश्यकता है जिसमें विकासशील देशों की संवेदनशीलता और प्राथमिकताओं की झलक हो। निवेश सुरक्षा और सुविधा के निर्धारण में एक नये और वैकल्पिक प्रतिमान पर नई दिल्ली घोषणा लाने का समय आ गया है:-**आर वेंकटरमणी, अटॉर्नी जनरल**

कार्यक्रम में सीटीआईएल मैगजीन के वार्षिक संस्करण का विमोचन किया गया। अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश कानून से संबंधित कानूनी मुद्दों पर क्षमता बढ़ाने के लिए वाणिज्य विभाग द्वारा सीटीआईएल की स्थापना की गई है। यह केंद्र व्यापार और निवेश कानून पर जानकारी के एक संग्रहालय के रूप में कार्य करता है और वैश्विक आर्थिक कानून से संबंधित उभरते मुद्दों को चर्चाओं और व्याख्याओं में शामिल करने और उन चर्चाओं को प्रभावित करने के अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा है।

इस अवसर पर वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने वाणिज्य विभाग के लिए कानून और अर्थशास्त्र दोनों में विशेषज्ञता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीटीआईएल देश की वैश्विक व्यापार नीति को विकसित करने में सहायक है। उन्होंने उल्लेख किया कि सीटीआईएल के शोधकर्ताओं के पास देश की नीति निर्माण में योगदान देने और व्यापार और निवेश कानून के क्षेत्र में चर्चा किए जा रहे सबसे समसामयिक मुद्दों में शामिल होने का एक दुर्लभ अवसर है।


श्री पीयूष कुमार ने व्यापार कानून विशेषज्ञता का एक निकाय विकसित करने और साक्ष्य-आधारित अनुसंधान करने की सीटीआईएल की क्षमता की सराहना की। कार्यक्रम में सीटीआईएल के प्रमुख प्रो. जेम्स नेदुम्पारा ने केंद्र की गतिविधियों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# एशिया में चावल की कीमतें 15 साल में उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक आपूर्ति पर बढ़ती चिंताओं के कारण एशिया में चावल की कीमतें लगभग 15 वर्षों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। शुष्क मौसम के कारण थाईलैंड में उत्पादन पर खतरा है और भारत ने इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके चलते चावल की कीमतें लगभग 15 वर्षों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। मीडिया रिपोर्टों में ये जानकारी दी गई है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि थाई राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 5 प्रतिशत टूटा हुआ थाई सफेद चावल बढ़कर 648 डॉलर प्रति टन हो गया है, जो अक्टूबर 2008 के बाद से सबसे महंगा है। पिछले वर्ष की कीमतों में ये लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चावल एशिया और अफ्रीका के अरबों लोगों का मुख्य भोजन है और कीमतों में बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ सकता है और खरीददार देशों के लिए आयात बिल बढ़ सकता है। आपूर्ति के लिए नवीनतम खतरा दूसरे सबसे बड़े निर्यातक थाईलैंड से है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी किसानों को ऐसी फसलें अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है क्योंकि अल नीनो की शुरुआत के साथ थाईलैंड में शुष्क परिस्थितियां



हैं।

चावल के प्रमुख केंद्रीय उत्पादक क्षेत्र में कुल वर्षा सामान्य से 40 प्रतिशत कम है और रोपण पर अंकुश लगाने का मकसद पानी का संरक्षण करना है। सरकार ने पहले उत्पादकों से इस वर्ष केवल एक फसल काटने के लिए कहा था। पिछले महीने, भारत ने घरेलू आपूर्ति की सुरक्षा के लिए निर्यात को बैन कर दिया, जिससे कुछ देशों में चावल की खरीददारी बढ़ गई। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में बढ़ती खपत के बीच वैश्विक कमी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

कीमतों में बढ़ोतरी से वैश्विक खाद्य बाजारों में तनाव बढ़ेगा जो कि खराब मौसम और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते काला सागर क्षेत्र से अनाज की आपूर्ति में कमी के कारण प्रभावित हुआ है।

# जूम प्रतिद्वंद्वी ब्लूजींस हो रहा बंद, 31 अगस्त से नहीं मिल पाएगी कोई भी सर्विस

**सैन फ्रांसिस्को,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। वेरिजॉन ने घोषणा की है कि उसके जूम प्रतिद्वंद्वी ब्लूजींस ऐप का बेसिक और फ्री ट्रायल ऑफर 31 अगस्त से बंद हो जाएगा। 9टू5 गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लूजींस सर्विस के मेंबर्स को एक ईमेल प्राप्त हुआ है जिसमें उल्लेख किया गया है कि ऐप को खत्म किया जा रहा है। इसमें कहा गया, ब्लूजींस के यूजर्स को धन्यवाद। हम साझा करना चाहते हैं कि हमने ब्लूजींस प्रोडक्ट्स के अपने समूह को बंद करने का निर्णय लिया है। ब्लूजींस की बेसिक और फ्री ट्रायल की पेशकश 31 अगस्त, 2023 से बंद कर दी जाएगी और सेवाओं तक आपकी पहुंच हटा दी जाएगी। हालांकि, आप उस समय तक इन सेवाओं का उपयोग जारी रख सकते हैं। ईमेल में कंपनी ने यह भी कहा कि अगर यूजर्स ने ब्लूजींस पर कोई रिकॉर्डिंग सेव की है तो उसे 31 अगस्त से पहले डाउनलोड कर लें, क्योंकि उसके बाद ब्लूजींस प्राइवेसी पॉलिसी के मुताबिक कंटेंट डिलीट कर दिया जाएगा। कोविड-19 लॉकडाउन की शुरुआत में, बिजनेस और व्यक्ति दोनों जुड़े रहने की कोशिश कर रहे थे और गूगल मीट और जूम जैसे प्लेटफार्मों की ओर रुख कर रहे थे। वेरिजॉन जैसे अन्य व्यवसायों को अपने स्वयं के उत्पादों के साथ अचानक बढ़ते वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बाज़ार में प्रवेश करने का अवसर मिला। मई 2020 में वेरिजॉन ने ब्लूजींस का अधिग्रहण किया, जो एक बिजनेस-फोकस्ड वीडियो सॉफ्टवेयर है जो 2011 में शुरू हुआ था।

# एरिक्सन व टीएसएससी ने बनाया उत्कृष्टता केंद्र

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। टेलीकम्युनिकेसन के लिए उपकरण आदि बनाने वाली प्रमुख कंपनी एरिक्सन और टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) ने आज दिल्ली कौशल और उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) में उत्कृष्टता केंद्र शुरू करने की आज घोषणा की।




यह केन्द्र छात्रों को चयनित मॉड्यूल के पूरा होने के बाद प्लेसमेंट के साथ-साथ 5जी और उभरती प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षित करेगा। कार्यक्रम के पहले वर्ष में लगभग 300 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। भारत में 5जी नेटवर्क की शुरूआत, देश में स्मार्टफोन और आईओटी उपकरणों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि से दूरसंचार क्षेत्र में नई कौशल आवश्यकताओं का निर्माण हुआ है। एरिक्सन टीएसएससी के साथ मिलकर दूरसंचार क्षेत्र में करियर के अवसर प्रदान करने के अलावा छात्रों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रदान करके इस अंतर को संबोधित करने पर विचार कर रहा है। छात्रों को दिए जा रहे मॉड्यूल में 5जी नेटवर्क इंजीनियर बनने का प्रशिक्षण, हैंडहेल्ड डिवाइस और आईओटी डिवाइस/सिस्टम के लिए तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ दूरसंचार उत्पादों की लाइन असेंबली शामिल है। उद्योग द्वारा अनुमोदित प्रशिक्षण मॉड्यूल के साथ-साथ केन्द्र में स्थापित कौशल प्रयोगशालाओं में छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है।

इस अवसर पर टीएसएससी के सीईओ अरविंद बाली ने कहा, टीएसएससी पूरे भारत में टेलीकॉम पेशेवरों और उम्मीदवारों के लिए आधारभूत कौशल को बढ़ाने के मिशन पर है। एरिक्सन के अमूल्य समर्थन से, हम इस उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में दिल्ली में दूरसंचार के लिए अपनी तरह का पहला उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में सक्षम हुए हैं। सीओई को समावेशिता और तकनीकी कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के साथ स्थानीय युवाओं की सीखने की क्षमता को अधिकतम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हम एक नए भारत की शुरुआत में खड़े हैं और अपने महान देश के युवाओं की क्षमता विकसित करने के लिए तत्पर हैं।

## सार संक्षेप

### ज्यूपिटर वैगन्स का मुनाफा 374 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली।** रेल, सड़क, और समुद्री परिवहन को समाधान प्रदान करने वाली कंपनी ज्यूपिटर वैगन लिमिटेड ने 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में 636 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 134 करोड़ रुपये की तुलना में 374 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही उसकी कुल 7554 करोड़ रुपये रही है जबकि जून 2022 की तिमाही में यह राशि 2965 करोड़ रुपये रही थी। इस तरह से राजस्व में 155 प्रतिशत की बढोतरी हुयी है। कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक लोहिया ने कहा कि पहली तिमाही में कई रोमांचक विकास के साथ कंपनी का व्यापार संचारण मजबूत रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी स्टोन इंडिया के लिए बोली को एनसीएलटी की अनुमति मिल चुकी है। इस संस्था को समूह में जोड़ने से कई समानताएं हैं और जल्दी ही संचालन संचारण को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। रिट्स लिमिटेड के साथ दीर्घकालिक करार के बाद जिम्बाब्वे और मोजाम्बिक में वैश्विक निविदाओं में कंपनी ने भाग लिया है। कंपनी को वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग के लिए पहला आदेश मिल चुका है और जल्द ही उत्पादन शुरू करने की तैयारी चल रही है। इस तिमाही में ब्रेक डिस्क असेंबलियों की डिलिवरी शुरू हो गयी है।

### जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड के शुद्ध प्रवाह में देखी गई क्रमिक गिरावट

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी का कहना है कि लार्ज-कैप फंडों से निकासी के कारण इक्विटी म्यूचुअल फंडों में जुलाई में शुद्ध प्रवाह में क्रमिक रूप से गिरावट देखी गई, लेकिन प्रवाह लगातार 29वें महीने सकारात्मक रहा। सक्रिय रूप से प्रबंधित इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश जुलाई में 11.7 प्रतिशत गिरकर 7,626 करोड़ रुपये हो गया, जो जून में 8,638 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि जुलाई के दौरान एसआईपी प्रवाह 15,242.7 करोड़ रुपये रहा, जो एक नई रिकॉर्ड ऊंचाई है। एएमएफआई के सीईओ एनएस वेंकटेश ने कहा, म्यूचुअल फंड में खुदरा निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ने से सभी स्कीम श्रेणियों में प्रभावशाली प्रवाह हुआ है। इस महीने सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 33,06,337 नए निवेश आए हैं। एसआईपी खाते पंजीकृत हैं और मासिक योगदान का रिकॉर्ड 15,245 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, उद्योग की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) में साल-दर-साल 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो बचत के वित्तीयकरण में म्यूचुअल फंड के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, बी30 शहरों में निवेशक अप्रत्यक्ष रूप से इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के माध्यम से शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं।


वेंकटेश ने कहा बैंकों और कॉर्पोरेट्स द्वारा ट्रेजरी प्रबंधन के कारण अल्पकालिक डेट फंड का प्रवाह जारी है, जबकि मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड जैसी हाइब्रिड श्रेणियों में निवेशकों की रुचि बढ़ी है।

# धातु और ऊर्जा शेयरों में लिवाली से बाजार की तेजी लौटी

**मुंबई** 9 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, ऊर्जा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों के शेयरों में हुई मजबूत लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी लौट आई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 149.31 अंक की तेजी लेकर 65,995.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 61.70 अंक की बढ़त के साथ 19,632.55 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत बढ़कर 30,497.43 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत उछलकर 35,450.37 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3743 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2031 में तेजी जबकि 1555 में गिरावट रह वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 32 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में धातु, ऊर्जा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों में हुई मजबूत लिवाली की बदौलत बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान धातु 2.32, तेल एवं गैस 1.16, कमोडिटीज 0.82, सीडी 0.46, ऊर्जा 1.11, एफएमसीजी 0.61, हेल्थकेयर 0.50, इंडस्ट्रियल्स 0.76, आईटी 0.34, दूरसंचार 0.29, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 0.74, कैपिटल गुड्स 0.81, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.21, पावर 0.04 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई जर्मनी का डैक्स 0.89, जर्मनी का डैक्स 1.19 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.32 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं जापान का निक्केई 0.53 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही।

कारोबार की शुरुआत में 36 अंक की गिरावट लेकर 65,810.96 अंक पर खुला सेंसेक्स बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,444.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। दोपहर बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,066.01 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 65,846.50 अंक के मुकाबले 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65,995.81 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी आठ अंक बढ़कर 19,578.80 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,467.50 अंक के निचले जबकि 19,645.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,570.85 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत चढ़कर 19,632.55 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 17 कम्पनियों के शेयरों में तेजी रही। इनमें से जेएसडब्ल्यूएस स्टील ने सबसे अधिक 2.68 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया। साथ ही टाटा मोटर्स 2.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.35, टेक महिंद्रा 1.88, टाटा स्टील 1.74, आईटीसी 1.36, टाइटन 1.18, रिलायंस 0.71, एलटी 0.66, एनटीपीसी 0.64, सन फ़ार्मा 0.34, इंफोसिस 0.28, विप्रो 0.26, इंडसइंड बैंक 0.22, एचसीएल टेक 0.21, एसबीआई 0.15 और बजाज फिनसर्व के शेयर भी 0.02 प्रतिशत की बढ़त पर रहे। वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में बजाज फाइनेंस 0.87, मारुति 0.87, आईसीआईसीआई बैंक 0.81, अल्ट्रा सिम्को 0.64, पावर ग्रिड 0.52, एशिअन पेंट 0.47, एक्सिस बैंक 0.40, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.39, भारती एयरटेल 0.26, नेस्ले इंडिया 0.19, टीसीएस 0.19, कोटक बैंक 0.05 और एचडीएफसी बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 54 रिंगिट चढ़कर 3730 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.50 सेंट की तेजी लेकर 60.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव



पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 5200-5300, दाल चना 6200-6300, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 10900-11000, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 3800-3900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12308 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 11721 रुपये, पाम ऑयल 8933 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# आर्टेमिस का मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। अस्पताल का नेटवर्क संचालन करने वाली कंपनी आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 9.8 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के लाभ की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में समग्र राजस्व 220.2 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के राजस्व की तुलना में 25.2 प्रतिशत अधिक है।

यह कंपनी दिल्ली एनसीआर में कुल 713 बेड के अस्पतालों का संचालन करती है, इनमें गुरुग्राम स्थित 541 बेड वाला सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और आर्टेमिस लाइट एवं डैफोडिल्स ब्रांड के तहत 5 अस्पताल शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि पहली तिमाही कुल 95,323 मरीज आए, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.7 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान 3,620 सर्जरी की गईं। कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, हम वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान करते हुए उत्साहित हैं। सीजन के आधार पर कमजोर तिमाही होने के बावजूद यह अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और इसने वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत दी है। दक्षता बढ़ाने और लागत घटाने की दिशा में हमारे प्रयासों से राजस्व और लाभ दोनों मोर्चे पर प्रभाव दिखा है। उन्होंने कहा कि तिमाही के दौरान गुरुग्राम में आर्टेमिस लाइट ब्रांड के तहत एक नया हॉस्पिटल खोला गया है। थोड़े ही समय में यहां मिली प्रतिक्रिया नजदीकी मल्टी स्पेशियलिटी की अवधारणा को सही ठहराती है।

# भारतीय स्टार्टअप्स में 6-12 महीनों में निवेश में बढ़ोतरी की संभावना : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में अगले 6-12 महीनों में स्टार्टअप फंडिंग का दौर लौट आएगा। 50 प्रतिशत निवेशक इस बात को लेकर सकारात्मक हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

बेंगलुरु स्थित मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल लगभग 17 प्रतिशत निवेशकों को लगता है कि फंडिंग का सूखा जल्दी खत्म हो सकता है और बाकी का मानना है कि इसे बीतने में 12-18 महीने या उससे अधिक का समय लगेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका, ईयू, यूएई और जापान भारतीय स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग का सबसे बड़ा स्रोत हैं, जो कुल वैश्विक फंडिंग का 5 प्रतिशत और कुल एपीएसी फंडिंग का 20 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के अनुसार, यूनिकॉर्न का अगला सेट डी2सी-बीपीसी, डी2सी-स्वास्थ्य और कल्याण, डायग्नोस्टिक्स और क्लीनिक, गेमिंग एवं ऐप




स्टूडियो जैसे क्षेत्रों से सामने आएगा।


रेडसीर के पार्टनर कनिष्क मोहन ने कहा कि अब तक के फंडिंग पैटर्न के साथ उम्मीद यह है कि 2023, साल 2017 से 2020 के वर्षों के अनुरूप लॉन्ग-टर्म रुझानों पर वापस आ जाएगा, और 12 डॉलर से 15 बिलियन डॉलर के बीच रहेगा, जिसके आगे साल 2024 में तेजी आने और 15-20 डॉलर बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। 2023 की शुरुआत में फंडिंग डीलों की संख्या 2022 में 1,519 डीलों से घटकर 700-900 हो गई थी, साल 2024 में वापस बढ़कर 1,000-1,200 होने की उम्मीद है। मोहन ने आगे कहा कि इसके अलावा, बेंचर कैपिटल्स के पास आजकल पहले की तुलना में कहीं ज्यादा कम जोखिम वाली पूंजी है। इस साल

- 17 प्रतिशत निवेशकों को लगता है कि फंडिंग का सूखा जल्दी खत्म हो सकता
- बेंचर कैपिटल्स के पास आजकल पहले की तुलना में कहीं ज्यादा कम जोखिम वाली पूंजी है

डीलों की कुल संख्या, इनमें से 90 प्रतिशत सीड या शुरुआती चरण की डील होने की संभावना है, जो 2017 के बाद से देखे गए रुझान के समान है। बीते चार सालों में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 9 गुना बढ़ गई है। 2018 में यह संख्या लगभग 10,000 थी जो 2022 में लगभग 90,000 हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, साथ ही एक्टिव निवेशकों की संख्या 2018 में 400 निवेशकों से दोगुनी बढ़कर वित्त वर्ष 2022 तक लगभग 900 निवेशक हो गई है।

# आधी आबादी पूरी भागीदारी
# महिलाओं को सशक्त करते हमारे कदम




**समान अवसर**
- सरकारी पदों और पंचायतों में 50% आरक्षण
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं के मानदेय में 50% से ज्यादा वृद्धि

**स्वास्थ्य**
- नि:शुल्क और संतुलित आहार से 1.65 लाख महिलाएं और बालिकाएं एनीमिया मुक्त
- देश के पहले महिला स्पेशल मोबाइल क्लीनिकों से 1.5 लाख महिलाओं का मुफ्त इलाज

**शिक्षा**
- कक्षा पहली से स्नातक तक नि:शुल्क शिक्षा
- 9 जिला मुख्यालयों में नए महिला महाविद्यालय शुरू

**रोजगार**
- राज्य महिला कोष के बजट में 5 गुना वृद्धि, महिला समूहों को मिलने वाली ऋण राशि दोगुनी
- बिहान के तहत 10 लाख से अधिक महिलाएं 1 लाख स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं

**लैंगिक समानता में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल**

**महिला सुरक्षा के लिए एकीकृत योजना तैयार करने वाला देश का एकमात्र राज्य**

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188